CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम: 08°C

मुरादाबाद, शनिवार 13 दिसम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 119 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com पौष कृष्ण पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 21 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सरकार का लक्ष्य युवाओं को रोजगार देने वाला बनाना : कपिल देव अग्रवाल पेज 2



महिला पहलवान विनेश फोगाट ने संन्यास वापस लिया खेल टाइम्स



सर्दियों में बालों को खुशबूदार बनाने के लिए हेयर परफ्यूम सम्पादकीय



पाकिस्तान में सोशल मीडिया पर कसेगा शिकंजा! पेज 12

# 2027 में होगी डिजिटल जनगणना

## केंद्रीय कैबिनेट का बड़ा फैसला एक नागरिक की जनगणना पर खर्च होंगे 97 रुपये

शाह टाइम्स ब्यूरो

**केंद्र ने जनगणना 2027 के लिए 11,718 करोड़ मंजूर किए, पहली बार डिजिटली होगा सेंसस**

**केंद्र सरकार मनरेगा योजना का नाम बदलेगी, इंश्योरेंस सेक्टर में एफडीआई 100 प्रतिशत तक होगी**

**कोयले का निर्यात करने की मंजूरी, कोल सेतु नामक एक नई विंडो बनाई गई**

**नई दिल्ली।** देश में 2027 में पहली बार जनगणना डिजिटली होगी। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को कैबिनेट मीटिंग में इसके लिए 11,718.24 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। इसके मुताबिक एक व्यक्ति की जनगणना पर सरकार के करीब 97 रुपये खर्च होंगे।

दरअसल 2011 की जनगणना में भारत की आबादी लगभग 121 करोड़ थी। अगर इसे आधार माना जाए, तो एक व्यक्ति की गणना करने में करीब 97 रुपये खर्चा (11,718.24 करोड़ रुपये/121 करोड़ आबादी) आएगा। अगर 150 करोड़ अनुमानित जनसंख्या मानी जाए, तो प्रति व्यक्ति 78 रुपये खर्च होगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि 30 लाख कर्मचारी डिजिटल जनगणना पूरी करेंगे। यह सीएएएस सॉफ्टवेयर से होगी। इसका डिजाइन डेटा सुरक्षा को ध्यान में रखकर बनाया गया है। जनगणना दो फेज में होगी। फेज-1 (अप्रैल-सितम्बर 2026) में घरों की लिस्टिंग और गिनती होगी। फेज-2 (फरवरी 2027) में आबादी की गिनती होगी। केंद्र सरकार 19 साल पुरानी योजना महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलकर 'पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना' करने की तैयारी कर रही है। सरकार जल्द ही इसका ऐलान कर सकती है। केंद्र सरकार ने इंश्योरेंस सेक्टर में फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट (एफडीआई) की लिमिट 100 फीसदी करने का बिल पास कर दिया है। पहले यह 74 फीसदी था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कैबिनेट ने गुरुवार को इंश्योरेंस अमेंडमेंट बिल को -शेष पृष्ठ दो पर



## 2026 सीजन के लिए नारियल के MSP में इजाफा

**मिलिंग ग्रेड में 400, तो गोला के दाम 445 रुपये प्रति कुंतल बढ़े**

**नई दिल्ली।** केंद्र की आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने 2026 सीजन के लिए नारियल के दोनों प्रकारों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में इजाफा कर दिया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी।

श्री वैष्णव ने बताया कि किसानों को लाभकारी मूल्य उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 2026 सीजन के लिए नारियल गिरी मिलिंग ग्रेड के एमएसपी में 400 रुपये की और नारियल गोला के एमएसपी में 445 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। इस बढ़ोतरी के बाद नारियल गिरी मिलिंग ग्रेड का नया एमएसपी 12027 प्रति कुंतल और नारियल गोला का नया एमएसपी 12500 प्रति कुंतल हो गया है। बढ़ा हुआ एमएसपी न केवल नारियल किसानों को बेहतर लाभकारी रिटर्न सुनिश्चित करेगा बल्कि किसानों को घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नारियल उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए भी प्रोत्साहित करेगा।

# इंडिगो पर एक्शन, चार फ्लाइट ऑपरेशन इंस्पेक्टर सस्पेंड

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इंडिगो संकट मामले में चार फ्लाइट ऑपरेशन्स इंस्पेक्टर (एफओआई) पर कार्रवाई करते हुए उन्हें बर्खास्त कर दिया है।

डीजीसीए के 11 दिसम्बर को जारी आदेश में कहा गया है कि ये अधिकारी तत्काल प्रभाव से डीजीसीए की सेवा से मुक्त कर दिए गए हैं और अपने मूल संगठनों में वापस चले जाएंगे। जिन अधिकारियों पर कार्रवाई की गई है। उनमें कंसल्टेंट (डिप्टी चीफ एफओआई) ऋषिराज चटर्जी, सीनियर एफओआई सीमा झमनानी, कंसल्टेंट (एफओआई) अनिल कुमार पोखरियाल और कंसल्टेंट (एफओआई) प्रियम कौशिक शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि दिसम्बर के पहले सप्ताह में हजारों की संख्या में इंडिगो की उड़ानें रद्द की गईं, जिससे लोगों को भारी परेशानी का समाना करना पड़ा है।



### इंडिगो को 58.75 करोड़ का कर नोटिस

**नई दिल्ली।** दिसम्बर के पहले सप्ताह में हजारों की संख्या में उड़ानें रद्द करके लाखों यात्रियों की परेशानी का सबब बनी विमान सेवा कंपनी इंडिगो की मुश्किलें और बढ़ गई हैं, उसे सीजीएसटी से जुड़े एक मामले में 58.75 करोड़ रुपये का जुर्माना भरने का आदेश दिया गया है। इंडिगो ने शेयर बाजार को बताया कि उसे कर विभाग के दक्षिणी दिल्ली कमीशनरेट के अतिरिक्त सीजीएसटी आयुक्त से गुरुवार 11 दिसम्बर को यह नोटिस प्राप्त हुआ है।

### इंडिगो संकट की जांच करेगी अमेरिकी कंपनी

**नई दिल्ली।** निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने पिछले सप्ताह बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द होने और उससे पहले बड़े पैमाने पर देरी के कारणों की जांच की जिम्मेदारी एक अमेरिकी कंपनी को सौंपी है। इंडिगो ने बताया कि निदेशक मंडल ने अमेरिकी कंपनी चीफ एविएशन एडवाइजर्स को तकनीकी जांच का जिम्मा सौंपने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है। यह जांच विमानन संरक्षा से जुड़े दिग्गज कैप्टन जॉन इलसन के नेतृत्व में होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व गृह मंत्री शिवराज पाटिल का निधन

**लातूर।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल का शुक्रवार को 90 की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने लातूर में सुबह 6.30 बजे अंतिम सांस ली। शिवराज पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। लातूर में उनके घर देवघर में उनका इलाज चल रहा था। रिपोर्ट्स के मुताबिक पाटिल का अंतिम संस्कार शनिवार को किया जाएगा। शिवराज के परिवार में उनके बेटे शैलेश, बहू अर्चना और दो पोतियां हैं।

### यूपी में विशेष पर्व पर 1 घंटे ज्यादा खुलेंगी मदिरा की दुकानें

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के आबकारी विभाग ने क्रिसमस और नववर्ष के मद्देनजर प्रदेशभर की सभी आबकारी फुटकर दुकानों का खोलने का समय बढ़ाने का निर्णय लिया है। आबकारी आयुक्त कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार 24 और 25 दिसम्बर को क्रिसमस पर्व तथा 30 और 31 दिसम्बर को नववर्ष उत्सव के दौरान दुकानों के संचालन का समय सुबह 10 बजे से रात 11 बजे तक निर्धारित किया गया है। इससे पूर्व या आम दिनों में आबकारी की फुटकर दुकानें सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक खुलती थी।

### दिव्यांग के लिए पसंदीदा परीक्षा केंद्रों की सुविधा शुरू

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने दिसम्बर 2025 से सभी दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए पसंदीदा परीक्षा केंद्रों की सुविधा की शुरुआत की है, जिसके तहत वे अपनी पसंद के परीक्षा केंद्र चुन सकेंगे। आयोग ने इन उम्मीदवारों की अक्सर लॉजिस्टिक चुनौतियों और खास जरूरतों को देखते हुए फैसला लिया है कि हर दिव्यांग अभ्यर्थी को वही परीक्षा केंद्र दिया जाए, जिसे उन्होंने आवेदन प्रपत्र में अपनी पसंद के तौर पर बताया है।

# करूर भगदड़ की निष्पक्ष जांच होना जरूरी: सुप्रीम कोर्ट

## सुपरवाइजरी कमेटी में तमिलनाडु का कोई व्यक्ति शामिल नहीं होगा

**कहा: इस फैसले को नहीं बदलेगी अदालत**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को करूर भगदड़ मामले में पहले दिए गए अपने निर्देश को बदलने से इन्कार कर दिया। अदालत ने निर्देश दोहराते हुए कहा कि सीबीआई जांच की निगरानी करने वाले सुपरवाइजरी कमेटी के सदस्य तमिलनाडु के मूल निवासी नहीं होंगे।

मामले की सुनवाई जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस विजय बिश्नोई की बेंच ने की। विजय की पार्टी टीवीके की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने सीबीआई जांच के आदेश पर आपत्ति जताई थी, लेकिन कोर्ट ने कोई बदलाव नहीं किया। सुनवाई के दौरान जस्टिस माहेश्वरी ने कहा कि हम चाहते हैं कि सब कुछ निष्पक्ष हो। सुप्रीम कोर्ट ने 13 अक्टूबर के अपने फैसले को याद किया और बताया कि यह कमेटी जांच को पूरी तरह निष्पक्ष बनाने के लिए बनाई गई थी।

## भूकंप के खतरों पर दिशा निर्देश नहीं दे सकते

### बेंच ने याचिकाकर्ता से पूछा: क्या सबको चांद पर भेज दें



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को देशभर में भूकंप से जुड़े खतरों को कम करने के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि यह मामला सरकार की नीति से जुड़ा है और कोर्ट इसमें दखल नहीं दे सकता। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने याचिका की सुनवाई की। याचिकाकर्ता ने दावा किया था कि पहले सिर्फ दिल्ली को उच्च भूकंप का हाई-रिस्क जोन माना जाता था, लेकिन अब नए आकलन के अनुसार देश की 75 फीसदी आबादी हाई-रिस्क जोन में रहती है। इसके जवाब में जस्टिस नाथ ने कहा, तो क्या हम सबको चांद पर भेज दें? वहीं जब याचिकाकर्ता ने जापान में आए हालिया भूकंप का हवाला दिया, तो कोर्ट ने कहा कि पहले हमें भारत में ज्वालामुखी लाने होंगे, तभी जापान से तुलना हो सकती है। याचिकाकर्ता ने कहा कि सरकार को भूकंप से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए तुरंत कदम उठाने चाहिए। अदालत ने यह बात मानने से इन्कार कर दिया और कहा कि यह सरकार का काम है, कोर्ट नहीं कर सकता।

### गोवा अग्निकांड: क्लब मालिकों को भारत लाया जा रहा

**नई दिल्ली।** गोवा के नाइट क्लब बर्च बाय रोमियो लेन आग मामले में मुख्य आरोपी सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को थाईलैंड से भारत लाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। थाईलैंड पुलिस ने गुरुवार (11 दिसम्बर) को फुकेट में दोनों भाइयों को हिरासत में लिया था। थाई पुलिस अब दोनों को बैंकॉक के सुवर्णभूमि एयरपोर्ट ले गई है। यहां दोनों को भारतीय एजेंसियां अपनी कस्टडी में लेंगी। इसके बाद उन्हें सुआन फू इमिग्रेशन डिटेंशन सेंटर ले जाया जाएगा। पासपोर्ट रद्द होने के कारण भारतीय दूतावास इनके लिए इमरजेंसी ट्रैवल सर्टिफिकेट जारी करेगा। चूंकि, थाईलैंड से गोवा के लिए सीधी उड़ान नहीं है, इसलिए लूथरा ब्रदर्स को बैंकॉक से पहले दिल्ली, फिर गोवा ले जाया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया में करीब 4 दिन लगेंगे। सोमवार तक दोनों भाइयों के दिल्ली पहुंचने की संभावना है। दिल्ली पहुंचते ही गोवा पुलिस दोनों को हिरासत में लेगी। इधर, लूथरा ब्रदर्स को लेकर एक नया खुलासा हुआ है

# संसद में सत्ता पक्ष की हमने धज्जियां उड़ा दीं: राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि संसद में वंदे मातरम और मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर हुई चर्चा के दौरान कांग्रेस तथा विपक्षी गठबंधन के सदस्यों ने जिस तरह सत्ता पक्ष की धज्जियां उड़ाई हैं और इससे भाजपा तथा उसके नेताओं की जो स्थिति थी वह देखकर उन्हें बहुत अच्छा लगा है।

श्री गांधी ने शुक्रवार को संसद भवन परिसर में पत्रकारों के सवालों पर कहा कि विपक्षी गठबंधन के सदस्यों ने इन दोनों मुद्दों पर हुई चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष की धज्जियां उड़ाई हैं और गृह मंत्री अमित शाह इससे मानसिक रूप से बहुत परेशान थे।

### राहुल ने पार्टी के लोकसभा सदस्यों के साथ बैठक की

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने संसद की कार्यवाही शुरू होने से पहले यहां पार्टी के लोकसभा सांसदों की बैठक बुलाकर सदन में कांग्रेस की रणनीति को लेकर चर्चा की। श्री गांधी ने पार्टी के लोकसभा सांसदों की यह बैठक संसद भवन एनेक्सी के ऑडिटोरियम हॉल में आयोजित की।

### जुबीन गर्ग केस: 3500 पेज की चार्जशीट दाखिल

**गुवाहाटी।** असम के सिंगर जुबीन गर्ग की मौत के मामले में स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) ने शुक्रवार को गुवाहाटी के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। वकीलों के मुताबिक चार्जशीट में नार्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल के मुख्य आयोजक श्यामकानु महंत, सिद्धार्थ शर्मा, शेखर ज्योति गोस्वामी और अमृतप्रवा महंत पर जुबीन की हत्या का आरोप लगाया गया है। वहीं जुबीन गर्ग के चचेरे भाई और सस्पेंड पुलिस अधिकारी संदीपन गर्ग पर गैर इरादतन हत्या का आरोप लगाया गया है। करीब 3,500 पेज की चार्जशीट और उससे जुड़े सबूत चार ट्रंक में भरकर कोर्ट लाए गए। नौ सदस्यीय एसआईटी छह गाड़ियों के काफिले में कोर्ट पहुंची। इस मामले में अब तक 7 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। जुबीन गर्ग की 19 सितम्बर को सिंगापुर में समुद्र में तैरते समय रहस्यमय हालात में मौत हुई थी।

# 18.79 लाख भारतीयों ने त्यागी नागरिकता

## 2022 में सर्वाधिक 2,25,620 भारतीयों ने छोड़ी नागरिकता, 13 वर्षों में हुई रिकॉर्ड बढ़ोतरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून/काशीपुर।** पिछले 13 वर्षों में भारतीय नागरिकता छोड़ने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ती गई है और अब यह आंकड़ा 18.79 लाख तक पहुंच चुका है। वर्ष 2011 से 2023 के बीच कुल 18,79,699 भारतीयों ने स्वेच्छा से अपनी नागरिकता त्यागकर 135 देशों की नागरिकता अपनाई है।

यह खुलासा उत्तराखंड के काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन (एडवोकेट) को विदेश मंत्रालय की ओर से उपलब्ध कराई गई सूचना से हुआ है। नदीम उद्दीन ने विदेश मंत्रालय से यह जानकारी मांगी थी कि वर्ष 2011 से अब तक कितने भारतीयों ने अपनी नागरिकता छोड़ी है। इसके उत्तर में विदेश मंत्रालय के जन सूचना अधिकारी/अवर सचिव तरुण कुमार ने राज्यसभा में सांसद कपिल सिब्बल और डा. जोहान बिट्स द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर का इंटरनेट लिंक उपलब्ध कराया। लिंक से दस्तावेज डाउनलोड करने पर 13 वर्षों का विस्तृत डेटा सामने आया। 2022 और 2023 में सबसे अधिक नागरिकता छोड़ने के मामले सामने आए हैं। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, 2022 और 2023 नागरिकता त्यागने के मामले में सबसे अधिक रहे। 2022 में सर्वाधिक 2,25,620 भारतीयों ने नागरिकता छोड़ी, जो 13 वर्षों में सबसे बड़ा आंकड़ा है। 2023 में 2,16,219 लोगों ने भारतीय नागरिकता त्यागी, जो 2022 के बाद दूसरा सबसे बड़ा आंकड़ा है। वहीं कोविड काल वाले साल 2020 में सबसे कम 85,256 लोगों ने भारतीय नागरिकता छोड़ी।



### वर्षवार नागरिकता छोड़ने का पूरा ब्योरा

(2011-2023) 2011-1,22,819 2012- 1,20,923 2013- 1,31,405 2014- 1,29,328 2015- 1,31,489 2016- 1,41,603 2017- 1,33,049 2018- 1,34,561 2019- 1,44,017 2020- 85,256 2021- 1,63,370 2022- 2,25,620 2023- 2,16,219

### 135 देशों की नागरिकता अपनाई

भारतीयों ने दुनिया के 135 देशों की नागरिकता ग्रहण की है। इसमें पड़ोसी देशों से लेकर विकसित और आर्थिक रूप से समृद्ध देशों तक शामिल हैं। बांग्लादेश, म्यांमार, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका, अमेरिका, ब्रिटेन रूस, चीन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, सऊदी अरब, कतर, ओमान, तुर्की, इराक, ईरान, यमन, मलेशिया, मालदीव, केन्या, जम्बिया, कज़ाकस्तान, साउथ अफ्रीका व सूडान आदि की नागरिकता ली है।

### नागरिकता छोड़ने का बढ़ता रुझान चिंता या अवसर?

विशेषज्ञों के अनुसार, बड़ी संख्या में भारतीयों का विदेशी नागरिकता अपनाना बेहतर अवसरों, शिक्षा, जीवनशैली और आर्थिक संभावनाओं की खोज से जुड़ा हुआ है। हालांकि यह भी एक तथ्य है कि लगातार बढ़ती यह संख्या देश में 'ब्रेन ड्रेन' और प्रतिभा पलायन को लेकर चिंताएं भी बढ़ाती है।

# अवैध कफ सिरप मामले में ईडी के तीन राज्यों में 25 ठिकानों पर छापे

**मुख्य आरोपी शुभम व उसके सहयोगियों पर कार्रवाई**

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कथित अवैध कफ सिरप के निर्माता से जुड़े धन शोधन के मामले में तीन राज्यों के 25 ठिकानों पर छापे मारे। ये छापे शुक्रवार सुबह 7:30 बजे शुरू हुए और मुख्य आरोपी शुभम जायसवाल, उसके सहयोगी आलोक सिंह और अमित सिंह, तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट विष्णु अग्रवाल से संबंधित परिसरों पर कार्रवाई की गई।

ईडी उन आरोपी कफ सिरप निर्माताओं के ठिकानों पर भी कार्रवाई कर रही है जिन पर धोखाधड़ी करके कफ सिरप की आपूर्ति की और इसके अवैध व्यापार को बढ़ावा दिया। ये छापे उत्तर प्रदेश के लखनऊ, वाराणसी, जौनपुर, सहारनपुर तथा पड़ोसी राज्य झारखंड की राजधानी रांची तथा गुजरात की राजधानी अहमदाबाद में मारे गए। सूत्रों के अनुसार, ईडी की टीमें इन विभिन्न स्थानों पर वित्तीय लेनदेन से संबंधित दस्तावेजों, डिजिटल रिकॉर्ड और कई अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्यों की जांच कर रही हैं। गौरतलब है कि ईडी ने पिछले दो महीनों में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों लखनऊ, वाराणसी, सोनभद्र, सहारनपुर और गाजियाबाद में दर्ज 30 से अधिक प्राथमिकियों के आधार पर यह मामला दर्ज किया है। ये मामले कोडीन-आधारित कफ सिरप के अवैध भंडारण, परिवहन, व्यापार और सीमा पार तस्करी से संबंधित हैं। इस काले व्यापार से करीब एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की आय होने का अंदाजा लगाया गया है।

CMYK



## संक्षिप्त समाचार

### विदेशी मुद्रा भंडार बढकर 687.26 अरब डॉलर पर पहुंचा

**मुंबई।** सोने का भंडार बढ़ने से देश का विदेशी मुद्रा भंडार 05 दिसम्बर को समाप्त सप्ताह में 1.033 अरब डॉलर बढ़कर 687.26 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इससे पहले लगातार दो सप्ताह इसमें गिरावट देखी गई थी। गत 28 नवंबर को समाप्त सप्ताह में यह 1.877 अरब डॉलर घटकर 686.227 अरब डॉलर रहा था। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को बताया कि 05 दिसम्बर को समाप्त सप्ताह में स्वर्ण भंडार 1.188 अरब डॉलर बढ़कर 106.984 अरब डॉलर हो गया। यह सात सप्ताह का उच्चतम स्तर है। वहीं, विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति आलोच्य सप्ताह में 15.1 करोड़ डॉलर घटकर 556.88 अरब डॉलर रह गई। इनमें अमेरिकी डॉलर के साथ ब्रितानी पाउंड, यूरो और जापानी येन भी शामिल हैं। इनका मूल्य डॉलर के मुकाबले इनकी संदर्भ दर के आधार पर तय होता है।

### मोदी, खड़गे-राहुल व प्रियंका ने पाटिल के निधन पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र से कांग्रेस के दिग्गज नेता एवं पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल के निधन पर शोक व्यक्त किया है। मोदी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर अपने शोक संदेश में लिखा, श्री शिवराज पाटिल जी के निधन से दुख हुआ। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शुक्रवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री शिवराज पाटिल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोकाकुल परि. जनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। खड़गे ने कहा कि वे मेरे सम्मानित वरिष्ठ सहयोगी थे, जिनके साथ मेरे घनिष्ठ संबंध रहे और कई यादगार पल हैं।

# यूपी भाजपा के नए प्रदेशाध्यक्ष के निर्वाचन की आधिकारिक घोषणा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ 16 दिसम्बर से पहले चुन लिया जाएगा प्रदेश अध्यक्ष

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी में संगठनात्मक चुनाव की औपचारिक प्रक्रिया अब आधिकारिक रूप से शुरू हो गई है। परिस्थितियां बयां कर रही हैं कि 16 दिसम्बर खरमास से पहले भाजपा अपना प्रदेश अध्यक्ष चुन लेगी।

पार्टी के वरिष्ठ नेता महेंद्र नाथ पांडेय ने बताया कि 13 दिसम्बर को प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किए जाएंगे। नामांकन प्रक्रिया दोपहर एक बजे से दो बजे तक भाजपा के राज्य मुख्यालय, लखनऊ में आयोजित होगी। केंद्रीय चुनाव पर्यवेक्षक विनोद तावड़े की मौजूदगी में नामांकन पत्र लिए जाएंगे। वहीं, केंद्रीय चुनाव अधिकारी पीयूष गोयल 14 दिसम्बर को निर्वाचन प्रक्रिया पूरी कराएंगे। उसी दिन प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की औपचारिक घोषणा भी कर दी जाएगी। भाजपा के भीतर लंबे समय से चल रही अध्यक्ष चयन प्रक्रिया अब निर्णायक चरण में पहुंच गई है, और पार्टी नेतृत्व 2027 विधानसभा चुनावों को दृष्टिगत रखते हुए नए अध्यक्ष के नाम को अंतिम रूप देने जा रहा है। गौरतलब है कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चुनने की संवैधानिक प्रक्रिया के तहत सबसे पहले प्रांतीय परिषद के सदस्य तय किए जाते हैं। 403 विधानसभा क्षेत्रों से एक-एक सदस्य चुना जाता है। हालांकि यह वहीं से चुने जाते हैं जहां के जिलाध्यक्ष घोषित हो चुके होते हैं। भाजपा ने 98 जिलों में प्रदेश को बांटा हुआ है। प्रदेश अध्यक्ष चुनाव के लिए केवल 50 प्रतिशत से अधिक जिलाध्यक्षों का चयन जरूरी था, जबकि वर्तमान में 86 प्रतिशत जिलाध्यक्षों का चयन हो चुका है। इसी प्रकार 1918 मंडलों में से 1600 से अधिक में चुनाव संपन्न हो चुके हैं। प्रदेश अध्यक्ष के नामांकन में प्रस्तावक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक और संगठन के प्रमुख नेता शामिल हो सकते हैं।

## यूपी सरकार का लक्ष्य युवाओं को रोजगार देने वाला बनाना : कपिलदेव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कौशल विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश को विकसित राज्य बनाने के लिए युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम टेक्नोलॉजी, सेमीकंडक्टर, ग्रीन हाइड्रोजन, ड्रोन तथा अन्य भविष्यगत तकनीकों में प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य युवाओं को रोजगार पाने वाला ही नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बनाना है। इसी उद्देश्य से आईटीआई और पॉलिटेक्निक संस्थानों में बाजार की मांग के अनुसार नए कोर्स शुरू किए जा रहे हैं। शुक्रवार को योजना भवन, लखनऊ में राज्य स्तरीय विचार-मंथन सम्मेलन आयोजित किया गया। राज्य मंत्री ने कहा कि इन प्रयासों से भारत को 6 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनने में गति मिलेगी और यूपी विकसित भारत की रीढ़ बनेगा। मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने कहा कि विकसित भारत के विजन में उत्तर प्रदेश की भूमिका केंद्रीय है, इसलिए मानव पूंजी को मजबूत बनाने तथा उच्च स्तरीय तकनीकी प्रशिक्षण उपलब्ध कराने में बजट की कोई कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। जेएन सिंह ने आईटीआई पॉलिटेक्निक को विकसित उत्तर प्रदेश 2047 की नींव बताया।

## बढ़ती जनसंख्या से देश मजदूर राष्ट्र न बन जाए: राकेश टिकैत

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने देश में जनसंख्या नियंत्रण को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि भारत को तेजी से बढ़ती आबादी की चुनौती को गंभीरता से लेना होगा, वरना आने वाले दशकों में हालात मुश्किल हो सकते हैं। टिकैत का कहना है कि जनसंख्या नियंत्रण कानून बनना चाहिए और सरकार को इस पर तुरंत कदम उठाना चाहिए।

टिकैत ने कहा कि देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू किया जाना चाहिए, नहीं तो अगले 100 वर्षों में देश की क्या स्थिति होगी? क्या यह मजदूर देश बन जाएगा? सरकारों ने अपने कर्तव्यों की उपेक्षा की है। टिकैत का मानना है कि आबादी जिस तेजी से बढ़ रही है, उससे संसाधनों पर दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि खेती-किसानी से लेकर रोजमर्रा की जरूरतों तक हर क्षेत्र में जनसंख्या का असर साफ दिख रहा है। उनकी दलील है कि अगर अभी कोई ठोस नीति नहीं बनाई गई, तो आने वाले समय में रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और जमीन जैसे बुनियादी मुद्दे और गंभीर हो जाएंगे।

## यूपी पंचायत चुनाव बैलेट पेपर से कराने को याचिका

प्रयागराज, वार्ता

■ मजिस्ट्रेट कोर्ट में तैनात पेशकार ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की

त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में नोटा लागू करने और बैलेट पेपर पर प्रत्याशी का नाम छापने की मांग वाली जनहित याचिका हाईकोर्ट में दाखिल हुई। इसमें ग्रामीण मतदाताओं की सुविधा का हवाला दिया गया है। याचिका में दो प्रमुख मांगें रखी गई हैं। पंचायत चुनावों में नोटा का विकल्प लागू किया जाए और बैलेट पेपर पर चुनाव चिन्ह के साथ प्रत्याशी का नाम भी अनिवार्य रूप से छापा जाए।

मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेशकार नरेश कुमार मौर्य ने अधिवक्ताओं देवी प्रसाद त्रिपाठी और देवीशंकर पांडेय के माध्यम से हाईकोर्ट में यह जनहित याचिका दायर की है। उनका कहना है कि ग्रामीण क्षेत्र के मतदाता सिर्फ चुनाव चिन्ह देखकर उम्मीदवार चुनने को मजबूर होते हैं, जिससे कई बार सही प्रत्याशी का चयन मुश्किल हो जाता है। यह भी दावा किया गया है कि बैलेट पेपर पर सिर्फ चुनाव चिन्ह होता है, नाम नहीं। अधिवक्ताओं का कहना है कि लोकसभा और विधानसभा चुनावों में नोटा का विकल्प उपलब्ध है, लेकिन पंचायत चुनावों में यह सुविधा नहीं है। मामला न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति इंद्रजीत शुक्ला की खंडपीठ के समक्ष सूचीबद्ध है, वहीं विस्तृत याचिका की सुनवाई चीफ जस्टिस दिवाकर प्रसाद सिंह और न्यायमूर्ति बृजेश सिंह की बेंच करेगी। चुनाव आयोग ने कहा है कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के लिए करीब 60 करोड़ बैलेट पेपर की जरूरत पड़ेगी। आयोग का दावा है कि बैलेट पेपर पहले ही छप चुके हैं, दोबारा मतपत्र छपवाना संभव नहीं है और इससे चुनाव समय पर कराना कठिन हो जाएगा।

### कफ सिरप मामले में यूपी में 25 ठिकानों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

# सहारनपुर समेत छह शहरों में ईडी ने मारी रेड

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ निलंबित एसटीएफ जवान आलोक प्रताप सिंह के आवास पर चलाया लंबा तलाशी अभियान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कोडीन आधारित कफ सिरप की अवैध तस्करी पर प्रहार करते हुए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को छह शहरों में एक साथ छापेमारी की कार्रवाई शुरू की। मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत की गई इस कार्रवाई में एजेंसी ने कुल 25 ठिकानों पर तलाशी ली और कई अहम दस्तावेज जब्त किए।

सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार तड़के ईडी की टीमें लखनऊ, वाराणसी, रांची, अहमदाबाद, जौनपुर और सहारनपुर में सक्रिय हुईं। लखनऊ में एजेंसी ने इस सिंडिकेट से जुड़े माने जा रहे निलंबित एसटीएफ कांस्टेबल आलोक प्रताप सिंह के आलीशान आवास पर लंबी तलाशी ली। सुशांत गोल्फ सिटी स्थित घर से अधिकारी कई संदिग्ध दस्तावेज, बैंक लेनदेन रिकॉर्ड, डिजिटल डिवाइस और कथित हवाला कनेक्शन से जुड़े कागजात अपने कब्जे में ले गए। आलोक प्रताप सिंह इस समय एसटीएफ की हिरासत में है। उधर, इसी मामले में एक दिन पहले पुलिस ने भगोड़े चल रहे दीपक मनवानी के दो साथियों सूरज मिश्रा और प्रीतम सिंह को गिरफ्तार किया। मनवानी को 11 अक्टूबर को ड्रग विभाग और पुलिस की संयुक्त छापेमारी में बड़ी मात्रा में कोडीन सिरप, टैबलेट, कैप्सूल और इंजेक्शन के साथ पकड़ा गया था। एसीपी कृष्णा नगर रजनीश वर्मा ने बताया कि पूछताछ में मनवानी ने स्वीकार किया था कि अवैध दवाएं वह सूरज और प्रीतम से खरीदकर नशेड़ियों को बेचता था। उसका एक अन्य सहयोगी अरुष सक्सेना अभी भी फरार है। गुरुवार को पुलिस ने सूरज को वीआईपी रोड के पास बैकुंठ धाम से और प्रीतम को बाशाहनगर से दबोचा। सूरज, सीतापुर के अटरिया सदनपुर का रहने वाला है और 'न्यू मंगलम आयुर्वेदिक' नाम की दवा एजेंसी चलाता है। प्रीतम, बहराइच के बड़ी राजा गांव का निवासी है और पुरानिया स्थित पारिवारिक रेस्तरां में काम करता है। कोडीन आधारित दवाओं की अवैध सप्लाई चेन को ध्वस्त करने के लिए अभियान लगातार तेज हो रहा है। जांच एजेंसियों का कहना है कि यह नेटवर्क राज्य में तेजी से फैल रहा था, जिसे जड़ से खत्म करने के लिए समन्वित कार्रवाई जारी रहेगी।

## 50 करोड़ की ठगी करने वाला मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा में पुलिस ने क्रिप्टो करेंसी में निवेश के नाम पर 50 करोड़ की ठगी का पुलिस ने खुलासा करते हुए मास्टरमाइंड अजय को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार थाना साइबर में जब अजय पकड़ा गया, तो कई पीड़ित पहुंच गए। पुलिस ने बताया कि अजय और उसके साथियों ने क्रिप्टो करेंसी के नाम पर फर्जी वेबसाइट बनाई। अजय और उसके साथी बड़े बड़े होटलों में सेमिनार आयोजित किया करते थे। सेमिनार में लोगों को क्रिप्टो में निवेश करने पर रकम को कई गुना करने का झांसा देते थे इसके अलावा प्रत्येक व्यक्ति को प्रभावित करके अन्य लोगों को भी जोड़ने पर लालच दिया करते थे। अजय और उसके गैंग ने अब तक 1500 लोगों को ठगी का शिकार बनाया है। पुलिस के मुताबिक अजय अलीगढ़ का रहने वाला है और कोविड महामारी के बाद अजय और उसके साथियों ने पूरी योजना बनाई। नोएडा में संपर्क करके वेबसाइड बनाई। जो लोग क्रिप्टो में इन्वेस्ट करते थे उसका लेखा जोखा वेबसाइड पर दिखाई देता था। धीरे धीरे करके लोग जुड़ते गए और लाखों रुपये इन्वेस्ट करते गए। कुछ लोगों को लाभ के साथ रकम वापस की ताकि भरोसा कायम रह सके और लोगों में विश्वास जाग जाए।



सेंसेक्स 85267.00
निफ्टी 26046.95



सोना रु. 133967
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 200362
प्रति किलो



## शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन चढ़े

मुंबई, वार्ता



■ सेंसेक्स 85.267 अंक और निफ्टी 26046.95 अंक पर बंद हुआ

विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 449.53 अंक (0.53) प्रतिशत की बढ़त में 85,267 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 148.40 अंक यानी 0.57 प्रतिशत चढ़कर 26,046.95 अंक पर पहुंच गया। गुरुवार को भी सेंसेक्स 427 अंक और निफ्टी 141 अंक चढ़ गया था। मंझौली और छोटी कंपनियों में भी निवेशकों ने विश्वास दिखाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.09 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचक. ांक 0.94 फीसदी चढ़ा। एफएमसीजी और मीडिया को छोड़कर अन्य समूहों में लिवाली का जोर रहा। धातु, रियलिटी और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के सूचकांक ज्यादा चढ़े। एनएसई में कुल 3,195 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ। इनमें 2,071 के शेयरों में तेजी और 1,036 में गिरावट रही। अन्य 88 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील का शेयर 3.34 प्रतिशत चढ़ा। इटरनल में 2.37 फीसदी और अल्ट्राटेक सीमेंट में 2.25 फीसदी की तेजी रही। एलएंडटी का शेयर 1.71 प्रतिशत, मारुति सुजुकी का 1.59, भारती एयरटेल का 1.47, अडानी पोर्ट्स का 1.28, बजाज फाइनेंस का 1.15, एक्सिस बैंक का 1.09 प्रतिशत और बजाज फिनसर्व का 1.01 प्रतिशत चढ़ गया। टाइटन, टीसीएस, एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, ट्रेंट, टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, बीईएल और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी हरे निशान में बंद हुए।

हिंदुस्तान यूनीलिवर का शेयर 1.89 फीसदी टूटा। सनफार्मा में 0.70 प्रतिशत, आईटीसी में 0.63 प्रतिशत और एशियन पेंट्स में 0.49 प्रतिशत की गिरावट रही। वैश्विक स्तर पर एशिया में हांगकांग का हैंगसेंग 1.75 प्रतिशत, जापान का निक्केई 1.37 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.41 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में ब्रिटेन का एफटीएसई 0.35 फीसदी और जर्मनी का डैक्स 0.33 प्रतिशत ऊपर था।

## चांदी पहली बार दो लाख के पार सोना भी ऑल टाइम हाई पर

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को सोने-चांदी ने एक बार फिर सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। एमसीएक्स पर 24 कैरेट गोल्ड 1.34 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के करीब पहुंच गया। जबकि चांदी पहली बार 2 लाख रुपए के पार पहुंच गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज यानी एमसीएक्स पर 5 फरवरी 2026 एक्सपायरी वाला सोना शुक्रवार को 2.40 बजे के आसपास अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया। इसमें 1.06 फीसदी की बढ़त के साथ 1399 रुपए की बढ़ोतरी दर्ज हुई और यह 1,33,868 रुपए पर ट्रेड करने लगा। ट्रेडिंग के दौरान यह 1,33,967 रुपए के साथ ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया, जबकि दिन का लो लेवल 1,32,275 रुपए रहा।

खबर लिखे जाने तक चांदी 2,00,250 रुपए पर ट्रेड कर रही थी। इस दौरान इसका हाई लेवल 2,00,362 और लो लेवल 1,96,956 रुपए रहा। जबकि पिछले दिन यह 1,98,942 रुपए पर क्लोज हुई थी। देश के महानगरों पटना में 24 कैरेट सोने का भाव 133,680 रुपये प्रति 19 ग्राम रहा, जबकि जयपुर में 133,740, कानपुर में 133,790, लखनऊ में 133,790, भोपाल में 133,900, इंदौर में 133,900 , चंडीगढ़ में 133,890 और रायपुर में 133,840 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। इंडिया बुलियन एंज ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) पर भी सोना-चांदी में जबरदस्त तेजी देखने को मिली। आईबीजेए के रेट्स के मुताबिक शुक्रवार सुबह 24 कैरेट गोल्ड की कीमत में 2034 रुपए का उछाल आया और पिछले दिन के मुकाबले कीमत 1,30,569 रुपए हो गई।

## उप्र में अनुदान पर सोलर पंप प्राप्त करने के लिए 15 तक करें आवेदन

लखनऊ, वार्ता

उत्तर प्रदेश सरकार ने कृषि क्षेत्र में ऊर्जा आत्मनिर्भरता बढ़ाने और सिचाई लागत कम करने के उद्देश्य से 'प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा व उत्थान महाभियान द्धपीएम कुसुमऋ' के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में प्रदेश के किसानों को 40,521 सोलर पंप अनुदान पर उपलब्ध कराने की घोषणा की है।

योजना का लाभ उठाने के इच्छुक किसान 15 दिसम्बर तक कृषि विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना के तहत केवल वही किसान पात्र होंगे, जिन्होंने पोर्टल पर पूर्व पंजीकरण कराया है। लाभार्थियों के चयन की प्रक्रिया ई-लॉटरी के माध्यम से की जाएगी। राज्य सरकार ने इस योजना के सुचारू संचालन के लिए 20227-50 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। सरकार का मानना है कि सोलर पंप ग्रामीण क्षेत्रों में सिचाई के लिए किफायती, पर्यावरण-अनुकूल और निर्बाध ऊर्जा का साधन प्रदान करेंगे, जिससे किसानों का उत्पादन और आय दोनों में वृद्धि होगी। इस वर्ष उपलब्ध कराए जाने वाले सोलर पंपों पर केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा बड़े पैमाने पर अनुदान दिया जा रहा है। विभिन्न श्रेणियों के पंपों पर अनुमोदित अनुदान में 2 एचपी डीसी/एसी सरफेस पंप पर 98,593 तक का अनुदान, 2 एचपी डीसी सबमर्सिबल पंप पर 1,00,215 का अनुदान, 2 एचपी एसी सबमर्सिबल पंप पर 99,947 का अनुदान, 3 एचपी डीसी सबमर्सिबल पंप पर 1,33,621, 3 एचपी एसी सबमर्सिबल पंप पर 1,32,314 रुपये द्धराज्यांश 77,618 व केंद्रांश 54,696ऋ, 5 एचपी एसी सबमर्सिबल पंप पर 1,88,038 रुपये, 7-5 एचपी और 10 एचपी एसी सबमर्सिबल पंप पर अधिकतम 2,54,983 रुपये का अनुदान द्धराज्यांश 1,40,780, केंद्रांश 1,14,203ऋ होगा। ऑनलाइन आवेदन के साथ किसानों को सोलर पंप की बुकिंग लिंक के माध्यम से करनी होगी। बुकिंग की पुष्टि के बाद पंजीकृत मोबाइल नंबर पर संदेश भेजा जाएगा, जिसके पश्चात किसान को अनुदान घटने के बाद शेष राशि ऑनलाइन जमा करनी होगी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### 2027 में होगी...

मंजूरी दी। अब विदेशी कंपनियां पूरी तरह भारतीय इंश्योरेंस फर्म्स की मालिक बन सकेंगी। बिल विंटर सेशन में पेश होगा, जो 19 दिसम्बर को खत्म हो रहा है। वहीं सरकार ने कोयला क्षेत्र में किए जा रहे सुधारों की श्रृंखला में एक और कड़ी जोड़ते हुए शुक्रवार को इसके निर्यात को मंजूरी दे दी। केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने कोयले के निर्बाध, कुशल और पारदर्शी उपयोग के लिए नीलामी नीति (कोल सेतु) को मंजूरी दे दी है। इसके तहत 'कोल सेतु विंडो' नामक एक नई विंडो बनाई गई है, जिससे कोयले का उपयोग किसी भी औद्योगिक उपयोग और निर्यात के लिए किया जा सकेगा। यह नई नीति सरकार द्वारा कोयला क्षेत्र में किए जा रहे सुधारों की श्रृंखला में एक और कड़ी जोड़ती है। उन्होंने कहा कि इस नीति के तहत औद्योगिक उपयोग और निर्यात के लिए दीर्घकालिक आधार पर नीलामी के लिए कोयला लिंकेज का आवंटन किया जाएगा। इसके लिए 2016 की गैर-विनियमित क्षेत्र (एनआरएस) लिंकेज नीलामी नीति में कोल सेतु नामक एक अलग विंडो जोड़ी गई है, जिसमें कोयले की आवश्यकता वाले कोई भी घरेलू खरीदार लिंकेज नीलामी में भाग ले सकते हैं। राष्ट्रीय संसाधन उद्योगों (एनआरएस) के लिए कोयला लिंकेज की नीलामी की मौजूदा नीति के तहत सीमेंट, इस्पात (कोकिंग), स्पंज आयरन, एल्युमीनियम और अन्य (उर्वरक (यूरिया) को छोड़कर) सहित सभी नए कोयला लिंकेज का आवंटन एनआरएस को नीलामी के आधार पर किया जाएगा। वर्तमान एनआरएस लिंकेज नीति के अनुसार, उप-क्षेत्र केवल निर्दिष्ट अंतिम उपयोगकर्ताओं के लिए हैं। उन्होंने कहा कि इस विंडो के तहत प्राप्त कोयला लिंकेज का उपयोग स्वयं के उपभोग, कोयले के निर्यात या देश में पुनर्विक्रय को छोड़कर किसी अन्य उद्देश्य (कोयले की धुलाई सहित) के लिए किया जा सकता है। कोयला लिंकेज धारक अपनी कोयला लिंकेज मात्रा के 50 प्रतिशत तक कोयले का निर्यात करने के पात्र होंगे। कोयला लिंकेज धारक इस विंडो के तहत प्राप्त कोयले का उपयोग अपनी समूह कंपनियों के बीच आवश्यकतानुसार लचीले ढंग से कर सकते हैं। भविष्य में धुले हुए कोयले की बढ़ती मांग को देखते हुए वाशरी संचालकों को दिए गए कोयला लिंकेज से देश में धुले हुए कोयले की उपलब्धता बढ़ेगी और परिणामस्वरूप आयात कम होगा। इसके अलावा, धुले हुए कोयले के खरीदार देश के बाहर भी मिलेंगे, इसलिए धुले हुए कोयले का उपयोग निर्यात के लिए भी किया जा सकता है।

## यूपी में 52 वेटलैंड्स पर पर्यटन सुविधाओं के विकास पर बनी सहमति

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में इको-टूरिज्म को नई दिशा देने के उद्देश्य से पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह तथा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वन, पर्यावरण, जंतु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग अरुण कुमार सक्सेना की संयुक्त बैठक शुक्रवार को पर्यटन निदेशालय में संपन्न हुई।

बैठक में प्रदेश के चारों टाइगर रिजर्व, 10 रामसर साइट्स और विभिन्न वेटलैंड्स को एकीकृत रूप से विकसित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही प्रदेश को आगामी वर्षों में वाइल्ड लाइफ टूरिज्म हब के रूप में स्थापित करने के लिए रोडमैप पर विस्तृत चर्चा हुई। श्री सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश पर्यटन के नए आयाम स्थापित कर रहा है। समग्र, जिम्मेदार और सतत पर्यटन विकास के लिए वन एवं पर्यावरण विभाग का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सरकार समस्या नहीं, समाधान केंद्रित दृष्टिकोण के साथ इको-टूरिज्म विकास को विश्वस्तरीय मानकों के अनुरूप आगे बढ़ा रही है। बैठक में दुधवा, पीलीभीत, अमानगढ़ और रानीपुर टाइगर रिजर्व सहित प्रदेश की 10 रामसर साइट्स नवाबगंज, पार्वती आर्गा, समान, समसपुर, सांडी, सरसई नावर, सूर सरोवर, ऊपरी गंगा, बखिरा तथा हैदरपुर वेटलैंड को आधुनिक इको-टूरिज्म मॉडल के रूप में विक. सित करने पर विशेष चर्चा हुई। इन स्थलों पर प्रवेश द्वार, नेचर ट्रेल, वॉच टावर, साइनेज, कॉटेज, कैंटीन, गजीबो, स्वागत कक्ष और आरओ सहित पर्यटक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु वित्तपोषण की आवश्यकता भी प्रस्तुत की गई। इको-टूरिज्म गाइड, ड्राइवर, हॉस्पिटैलिटी स्टाफ के प्रशिक्षण तथा वन विभाग की सहमति से कंसल्टेंट नियुक्त करने के प्रस्ताव पर भी सहमति बनी। प्रदेश सरकार वित्तीय वर्ष 2026-27 में इको-टूरिज्म को नई पहचान देने की तैयारी में है। बरेली के नगर वन और कन्नौज के लाख बहोसी पक्षी विहार को उन्नत रूप में विकसित करने की योजनाओं पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। बैठक में बर्ड सर्किट सूर सरोवर (आगरा), शेखा झील (अलीगढ़), रपड़ी वेटलैंड (फिरोजाबाद), सरसई नावर (इटावा) व लाख बहोसी वेटलैंड (कन्नौज) के समग्र विकास पर भी महत्वपूर्ण सुझाव रखे गए। वन मंत्री अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि प्रदेश की प्राकृतिक धरोहर को सुरक्षित रखते हुए उसे वैश्विक पर्यटन आकर्षण के रूप में विकसित करना सरकार का लक्ष्य है। इको-टूरिज्म स्थानीय समुदायों को रोजगार प्रदान करने के साथ प्रकृति संरक्षण की भावना को भी सुदृढ़ करता है। उन्होंने कहा कि टाइगर रिजर्व और रामसर साइट्स पर चल रहे विकास कार्यों से उत्तर प्रदेश 'नेचर-बेस्ड टूरिज्म' का राष्ट्रीय मॉडल बनेगा।

## देशभर में 3 लाख 55 हजार वक्फ संपत्तियां गायब:पीडीपी



■ जेएंडके की पूर्व सीएम का आरोप

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीपल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने आरोप लगाया है कि नए उम्मीद डेटाबेस के अनुसार देश भर में 3.55 लाख वक्फ प्रॉपर्टी गायब हैं।

महबूबा मुफ्ती ने शुक्रवार को एक्स पर कहा कि पूरे देश में 3.55 लाख से ज्यादा वक्फ प्रॉपर्टी गायब हैं, अकेले जेएंडके में नए उम्मीद डेटाबेस में 7,240 एंट्री गायब हो गई हैं। ये कमियां वक्फ एसेट्स की ट्रांसपेरेंसी और सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठाती हैं। हिंसा, तोड़फोड़ और वोट न मिलने के पैटर्न के साथ वक्फ जमीन का कटाव मुसलमानों के खिलाफ सबसे नया झटका लगता है, यह कहां खत्म होगा? उन्होंने नए उम्मीद डेटाबेस का एक स्क्रीनशॉट भी अटैच किया, जो 9 दिसंबर, 2024 और 6 दिसंबर, 2025 को पोस्ट किए गए आंकड़ों के बीच का अंतर दिखाता है। मुफ्ती द्वारा पोस्ट किए गए स्क्रीनशॉट के अनुसार महाराष्ट्र, अंडमान और निकोबार आइलैंड, दिल्ली, बिहार और तेलंगाना को छोड़कर, जहां पिछले साल की तुलना में वक्फ प्रॉपर्टीज में बढ़ोतरी हुई है। इसके साथ ही बाकी सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में नेगेटिव अंतर दिखा है, जिससे यह इंप्रेशन मिलता है कि एक साल में वक्फ प्रॉपर्टीज में भारी कमी आई है।

CMYK

# डीआईजी संजीव त्यागी को निलंबित करे सरकार: शाहनवाज

## सुप्रीम कोर्ट जांच के दायरे में बिजनौर पुलिस द्वारा की गई सुलेमान और अनस की हत्याओं को भी लाए



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव शाहनवाज आलम ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा बिजनौर के तत्कालीन एसपी संजीव त्यागी की मुसलमानों के खिलाफ नफरती भाषा वाली वायरल ऑडियो की फॉरेंसिक जांच कराने के आदेश का स्वागत किया है। उन्होंने बिजनौर में 2019 में सीएए-एनआरसी विरोधी प्रदर्शनकारियों पर पुलिस फायरिंग जिसमें दो लोग मारे गए थे को भी न्यायिक जांच के दायरे में लाने की मांग की है। जिसमें संजीव त्यागी की भूमिका संदिग्ध थी। उन्होंने वर्तमान में बस्ती में डीआईजी पद पर तैनात संजीव त्यागी को तत्काल निलंबित करने की मांग भी की है।

शाहनवाज आलम ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा देहरादून निवासी इस्लामुद्दीन अंसारी के खिलाफ बिजनौर पुलिस द्वारा दायर फर्जी मुकदमे को खारिज करते हुए की गई टिप्पणी कि 'यह पुलिस द्वारा अपनी शक्तियों का दुरुपयोग था'। उत्तर प्रदेश में पुलिस द्वारा कायम गुंडाराज की पोल खोल देता है। विदित हो कि उत्तराखंड भाजपा के नेता इस्लामुद्दीन अंसारी ने बिजनौर एसपी संजीव त्यागी की वायरल ऑडियो को उन्हें फॉरवर्ड करके उनसे पूछा था कि क्या यह उनकी आवाज है? जिसके बाद पुलिस ने उन पर सांप्रदायिक नफरत फैलाने के फर्जी आरोपों में मुकदमा दर्ज कर दिया था। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इन फर्जी मुकदमों को खारिज करने से इनकार कर दिया। जिसके बाद वो सुप्रीम कोर्ट गए। जिसने न केवल मुकदमे को पुलिस द्वारा उत्पीड़न बताते हुए खारिज कर दिया। बल्कि संजीव त्यागी को फोरेंसिक जांच के लिए अपनी आवाज का सैंपल देने का निर्देश भी दे दिया।

शाहनवाज आलम ने कहा कि न्यायपालिका के लिए यह चिंता का विषय होना चाहिए कि जिस मुकदमे को सुप्रीम कोर्ट ने प्रथम दृष्ट्या ही पुलिस की शक्ति का दुरुपयोग बताते हुए खारिज कर दिया। उसे इलाहाबाद हाईकोर्ट ने किस आधार पर सुनवाई योग्य मान लिया था। इससे स्पष्ट होता है कि हाईकोर्ट के कुछ जज राज्य की सरकार के दबाव या वैचारिक प्रभाव में काम कर रहे हैं, जो सरकार के मुस्लिम विरोधी नैरेटिव को अदालती संरक्षण देते हैं।

शाहनवाज आलम ने कहा कि यह ऐसा पहला मामला नहीं है, जहां अल्पसंख्यक वर्ग से जुड़े व्यक्ति के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश को रद्द करते हुए पीड़ित को राहत दी हो। इससे पहले एक ईसाई व्यक्ति के खिलाफ दर्ज धर्मांतरण के फर्जी मुकदमे में इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज रोहित रंजन अग्रवाल ने जमानत याचिका खारिज करते हुए ईसाई धर्म पर सांप्रदायिक टिप्पणी की थी। जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने न सिर्फ आरोपी को जमानत दी, बल्कि हाईकोर्ट की उक्त टिप्पणी को भी फैसले से हटाने का निर्देश दिया था। इसके अलावा शेखर यादव और रवि दिवाकर का भी उदाहरण है। जिसमें से पहले न मुसलमानों के खिलाफ सांप्रदायिक टिप्पणी की थी और दूसरे ने अपने फैसले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा की थी। जिसे हाईकोर्ट को फैसले से हटाने का निर्देश देना पड़ा था।

उन्होंने कहा कि इन उदाहरणों ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के कुछ जजों के साम्प्रदायिक मानसिकता को उजागर कर दिया है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट को इलाहाबाद हाईकोर्ट के सांप्रदायिक जजों की स्क्रूटनी करके उन्हें न्यायपालिका से बाहर निकालने के लिए कमेटी बनानी चाहिए।

शाहनवाज आलम ने कहा कि संजीव त्यागी मामले में सुप्रीम कोर्ट को जांच के दायरे को बढ़ाते हुए 2019 में बिजनौर में हुए सीएए-एनआरसी विरोधी आंदोलन में शामिल नागरिकों पर फायरिंग जिसमें अनस और सुलेमान नाम के युवाओं की मौत हुई थी, को भी शामिल करना चाहिए। क्योंकि जिस वायरल ऑडियो की फोरेंसिक जांच का आदेश सुप्रीम कोर्ट ने दिया है। उसमें संजीव त्यागी ने पुलिसकर्मियों को कहा था कि उन्हें मुख्यमंत्री की तरफ से प्रदर्शनकारियों पर बल प्रयोग का निर्देश दिया गया है। जो संदेह उत्पन्न करता है कि पुलिस पर प्रदर्शनकारियों की हत्या करने का दबाव सीधे मुख्यमंत्री ने दिया था या एसपी ने झूठ बोलकर अपने अधीन पुलिसकर्मियों को हत्या के लिए उकसाया था।

शाहनवाज आलम ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट को यह भी संज्ञान में रखना चाहिए कि कारवां मैगजीन को दिए गए इंटरव्यू में संजीव त्यागी ने स्वीकार किया था कि प्रदर्शन के खिलाफ पुलिस कार्यवायी में पुलिस बल के बाहर के निजी लोग भी शामिल थे। जिनके संगठन और पार्टी से जुड़े होने का प्रमाण कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने 27 जनवरी 2020 को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को सौंपा था।

कांग्रेस नेता ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट को संजीव त्यागी द्वारा इंटरव्यू में स्वीकार किए गए इस तथ्य को भी संज्ञान में रखना चाहिए कि सुलेमान की हत्या पुलिस ने आत्मरक्षा में की थी। जबकि सुलेमान के पास से कोई हथियार बरामद नहीं हुआ था और पुलिस ने सुलेमान के पेट पर गोली मारी थी। जो आत्मरक्षा के बजाए हत्या करने के उद्देश्य से किया गया था। वहीं इस इंटरव्यू में त्यागी ने यह भी स्वीकार किया है कि अनस की हत्या दंगाइयों ने की थी। क्योंकि उसके पेट से 32 एमएम बोर की गोली निकली थी। जबकि पुलिस अमूमन 9 एमएम बोर की गोली इस्तेमाल करती है। जिससे यह सवाल उठता है कि क्या ये दंगाई पुलिस के साथ शामिल संगठन और पार्टी के लोग थे। जिन्होंने 32 एमएम बोर की गोली से अनस की हत्या की थी। वहीं उसी इंटरव्यू में संजीव त्यागी ने मदरसे में पढ़ने वालों को ब्रेनवाश किया हुआ भी बताया था। जिससे मुसलमानों के प्रति उनके नफरती मानसिकता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के संविधान के अभिरक्षक होने के कारण उसकी जिम्मेदारी बनती है कि वो संविधान की भावना के विपरीत आचरण करने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्यवायी करे।

# झालू में किशोर के साथ दुष्कर्म

## वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर किया वायरल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कस्बे में एक अत्यंत गंभीर व चिंताजनक मामला प्रकाश में आया है। जहां नगर की एक महिला ने अपने 13 वर्षीय पुत्र के साथ अनैतिक कार्य किए जाने तथा घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किए जाने का आरोप लगाया है। इस घटना के सामने आते ही क्षेत्र में दहशत और आक्रोश का माहौल बन गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार पीड़ित की मां झालू निवासी ने बताया कि घटना लगभग चार-पांच दिन पूर्व की है। उनका पुत्र नगर के एकांत स्थान पर खेल रहा था। तभी मौहल्ले के ही तीन किशोरों ने उसके पुत्र को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए। तीनों आरोपियों ने सुनसान स्थान पर ले जाकर उसके पुत्र के साथ अनैतिक कार्य किया। इतना ही नहीं, उन्होंने घटना का वीडियो भी बना लिया और बाद में उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद परिवार पर मानसिक दबाव बढ़ गया और बच्चे की स्थिति भी अत्यंत दयनीय हो गई। मां ने बताया कि घटना और वीडियो वायरल होने के बाद उनका बच्चा मानसिक रूप से बुरी तरह टूट गया है। वह भय और तनाव में है तथा किसी से बात करने में भी हिचक रहा है। परिवार ने बताया कि ऐसी हरकतें समाज के लिए गंभीर खतरा हैं और इस पर तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए।

पीड़ित की मां ने पुलिस व प्रशासन से आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि ऐसे मामलों में देरी बच्चों की सुरक्षा के लिए घातक हो सकती है। उन्होंने अपने पुत्र के लिए न्याय की गुहार लगाई है। तहरीर मिलते ही पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच प्रारंभ कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह अत्यंत संवेदनशील मामला है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक हल्दौर किशन अवतार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# साइकिल सवार से 14 हजार रुपये छीने

## बाइक सवारों ने ग्राम सराय के पास वारदात को दिया अंजाम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** बैंक से पैसे निकाल कर घर जा रहे वृद्ध साइकिल सवार की जेब से गांव सराय के पास दो बाइक सवारों ने 14 हजार रुपए निकाल लिए। पता चलने पर साईकिल सवार ने शोर मचाया। इसी दौरान बाईक सवार मौके से फरार हो गए। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। वारदात को लेकर क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार गांव शादीपुर निवासी रामपाल सिंह (75 वर्ष) आंकू में स्थित बैंक से बीस हजार रूपए निकाल कर साइकिल द्वारा अपने घर जा रहे थे। बताया जाता है कि उन्होंने 14 हजार रुपए अपनी एक जेब में रख लिए और 6 हजार दूसरी जेब में रख लिए थे। शुक्रवार को करीब साढ़े तीन बजे नहटौर नूरपुर मार्ग पर गांव सराय के पास दो बाइक सवार पहले से ही सड़क पर खड़े हुए थे। एक बाइक सवार अचानक उनकी साइकिल के सामने आ गया और उसने उन्हें रोक लिया। उन्हें चिपटते हुए एक जेब से 14 हजार रूपए निकाल लिए और बाइक पर बैठकर जाने लगे। इसी दौरान साइकिल सवार को जब से पैसे निकालने का एहसास हुआ तो उन्होंने शोर मचाया, लेकिन बाइक सवार मौके से फरार हो गए। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल की। बताया जाता है कि बाइक सवार पहले से ही वारदात को अंजाम देने के लिए खड़े हुए थे। वृद्ध की जेब से 14 हजार रुपए निकलने का पता चलने पर ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे। सूचना पर पुलिस के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। पूर्व में भी बाईक सवार द्वारा इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं। नहटौर नूरपुर मार्ग पर रूपए छीनने की वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज आदि खंगालने में लगी हुई है।

# जूता व्यापारी की पुत्रवधु से ठगी

**बिजनौर।** आजकल साइबर ठगी करने वालों का बोलबाला है। एक जूता-चप्पल व्यापारी की पुत्रवधु से ठगी करने का समाचार सामने आया है।

बताते है कि काशीराम कॉलोनी के वार्ड 65 के निवासी रमेश चावला की पुत्रवधु के फोन पर मध्य प्रदेश से एक काल आई। कालर ने कहा कि अगर तूने मेरे फोन पर 30 हजार रुपए नहीं डाले, तो मैं तेरे पति की हत्या करा दूंगा।

इस पर महिला चांदनी ने अपने कान के कुन्डल, गले की चैन और चांदी की अन्य चीज को गिरवी रख कर बीस हजार रुपए जनसेवा केन्द्र शम्भा बाजार से उस कालर के मोबाइल पर डलवा दिए। चांदनी को घबराहट हो गई, तब उसने अपने ससुर रमेश चावला व अपनी सासू सुनिता से बताई, तो तब वह चीज किसी के सहयोग से सुनार से छुड़ाई। रमेश चावला चांदनी के ससुर डॉ. मदन मोहन चौक पर जूतों की दुकान करते है।

# महसनपुर में तीन सप्ताह से पेयजल आपूर्ति बाधित

**अफजलगढ़।** ग्राम महसनपुर में जल निगम द्वारा संचालित पेयजलापूर्ति तीन सप्ताह से बाधित हो जाने से ग्रामीण भारी परेशान है। ग्रामीणों ने डीएम से समस्या को दूर करने की मांग की है। ग्राम महसनपुर में सौलर पैनल से केबिल चोरी हो जाने से तीन सप्ताह से जलापूर्ति बाधित है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्रामीण यहां वहां शिकायत करते-करते परेशान हो गए है। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। ग्रामीण घरों का दूषित पानी पीने को मजबूर है। रोजमर्रा के प्रयोग में उन्हें दूर हेडपम्पों से काफी मशक्कतों से पानी लाना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि वीटीएल कंपनी के अधिकारियों को कई बार समस्या से अवगत कराया। लेकिन उन्होंने अनसुना कर दिया। ग्रामीणों ने डीएम से जल्द समस्या से समाधान की मांग की है। वीटीएल के जेई शिवलाल सिंह का कहना है कि टंकी की सुरक्षा का जिम्मा एलर्ट कंपनी का है। उनके द्वारा ही सुरक्षा गार्ड रखा हुआ है। केबिल चोरी होने के नुकसान की भरपाई भी एलर्ट कंपनी करेगी। इस संबंध में एलर्ट कंपनी के अधिकारियों से नुकसान भरपाई के लिए कहा गया है।

# आरआर पब्लिक स्कूल में कार्यशाला

## कक्षा प्रबंधन की आवश्यकता पर जोर




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** आरआर पब्लिक स्कूल में कक्षा प्रबंधन विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। दो दिनों तक चली इस कार्यशाला में गुड लक पब्लिकेशन द्वारा नियुक्त मोनिका चौपड़ा ने बतौर प्रशिक्षक हिस्सा लिया। कार्यशाला में सर्वप्रथम स्कूल के उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह, प्रशिक्षक मोनिका चौपड़ा व जय भारत सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथियों को फूलों का गुलदस्ता भेंट किया।

कार्यक्रम के दौरान 56 शिक्षकों को आठ समूहों में विभाजित किया गया। प्रशिक्षक मोनिका चौपड़ा ने कक्षा प्रबंधन के महत्व और सकारात्मक कक्षा वातावरण के निर्माण पर विस्तार से चर्चा करते हुए प्रभावी कक्षा अनुशासन तकनीकों और चुनौतीपूर्ण व्यवहारों के प्रबंधन के तरीके बताएं । सामान्य रूप से कक्षा कक्ष में आने वाली समस्याओं को हल करने के गुर सिखाए गए। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से हम नियम को समझते हुए अपने प्रशिक्षण कार्य को निखार सकते हैं। शिक्षण कार्य सरल व प्रभावी बनाया जा सकता है। वही विद्यार्थी भी लर्निंग में रुचि लेते हुए जल्द सीखते हैं। शिक्षकों को कक्षा प्रबंधन के अंतर्गत व्यवहार प्रबंधन, समय प्रबंधन व शिक्षक विषय वस्तु सामग्री प्रबंधन आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इससे शिक्षण का स्तर भी ऊंचा होता है । शिक्षकों से उनके अनुभवों के बारे में जाना गया। कार्यशाला में कक्षा प्रबंधन की आवश्यकता पर जोर दिया गया। जिससे उन्हें हर स्तर के विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करने में मदद मिल सके। स्कूल के उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने कहा कि कार्यशाला शिक्षकों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनती है। यह उनके शैक्षिक कौशल को निखारने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, कक्षा को अनुशासित और प्रेरणादायक बना सके। प्रशिक्षण शिक्षकों को और अधिक सक्षम बनाएंगे। स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सकारात्मक कक्षा वातावरण से एक सुरक्षित और सहयोगी माहौल है। एक अनुशासित और उद्देश्यपूर्ण कक्षा में छात्र अधिक सक्रिय और सफल होते हैं। स्वाति यादव के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में अनुराग शर्मा, अजय चौहान, विरेंद्र चौधरी, चंचल कटारिया, कपिल कुमार, नरेंद्र कुमार, भूमिका चौहान, अनिल शर्मा, विरेंद्र चौहान, दीपक कुमार, रजनीश चौहान, रीना रानी, पूनम कुमारी आदि रहे।

# शिकायत करने पर अधिवक्ता पर किया जानलेवा हमला

## पीड़ित ने स्योहारा थाने में दी तहरीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** वरिष्ठ अधिवक्ता राहुल कुमार एड. के द्वारा शिक्षामित्रों के गैरहाजिर होने की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर किए जाने के बाद उनके ऊपर घर में घुसकर जानलेवा हमला किया गया। पीड़ित ने आरोपी नीरज रानी व रोबिन कुमार के खिलाफ कार्यवाही के लिए स्योहारा पुलिस को तहरीर दी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार स्योहारा थाना क्षेत्र के ग्राम पाईन्दापुर निवासी अधिवक्ता राहुल कुमार पुत्र नरेन्द्र सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि आज दोपहर लगभग एक बजे वह एसआईआर के संदर्भ में प्राथमिक विद्यालय पाईन्दापुर गए थे। वहां पर बीएलओ व शिक्षामित्र मनोज कुमार मौजूद नहीं थे। प्रधानाचार्य से पूछने पर यह पता चला कि शिक्षामित्र मनोज कुमार व शिक्षा मित्र नीरज रानी दोनों एक साथ सुबह से स्कूल में उपस्थिति लगा कर चले गए है। न ही उनकी कोई जानकारी है। प्रधानाचार्य ने बताया कि उनका अवकाश का भी कोई प्रार्थना पत्र नहीं है। वह बिना सूचना दिए अवैध रूप से प्राथमिक विद्यालय से चले गए थे। जिसकी शिकायत उन्होंने मुख्यमंत्री के पोर्टल पर की थी। जिसकी जानकारी शिक्षामित्रों को हो गई। शिक्षामित्र नीरज रानी पत्नी संजीव कुमार निवासी ग्राम मकरपुर अपने भाई रोबिन कुमार पुत्र योगेन्द्र सिंह निवासी ग्राम हृदयपुर रामपुर (शांति नगर) व एक अन्य व्यक्ति को साथ लेकर कार संख्या यूपी 32 केसी 5577 से दोपहर करीब सवा दो बजे उनके घर में आई। सभी आरोपी घर में घुसकर गाली-गलौच करने लगे। रोबिन कुमार ने उनका गिरेवान पकड़ लिया। उनके दो बटन टूट गए। आरोपी धमकी देने लगा कि अगर तूने शिकायत वापस नहीं ली, तो इतना बुरा हाल करेंगे कि पहचानने में भी नहीं आएगा। उन्होंने धमकाते हुए कहा कि तेरी दोनों बेटियां हमारे घर के पास पब्लिक स्कूल में पढ़ने जाती है। उनका भी बहुत बुरा हाल कर देंगे। अधिवक्ता राहुल कुमार ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर दोनों शिक्षामित्रों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग की। उधर शिक्षामित्रों के गायब रहने का मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। सूत्रों का कहना है कि दोनों शिक्षामित्र स्कूल से गायब रहते है। जिसकी वजह से बच्चों का भविष्य बर्बाद हो रहा है। यह न तो प्रधानाचार्य का कहना मानते है और न ही बच्चों को पढ़ाते है।

## एक नजर

### विवेक विश्वविद्यालय के दो छात्रों का चयन





**बिजनौर।** स्थित विवेक विश्वविद्यालय में धारा मोटरस द्वारा कैम्पस प्लेसमैंट ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसमें एमबीए, बीबीए, बीकाम के अन्तिम वर्ष के छात्रों ने प्रतिभाग किया। धारा मोटरस की एचआर हिमाशीं देशवाल एवं वर्निका ने चयन प्रक्रिया, प्री प्लेसमेंट टाक, ग्रुप डिस्कशन एवं पर्सनल इंटरव्यू के पश्चात एमबीए के छात्र सक्षम अग्रवाल एवं बीबीए की ताशु त्यागी को मानकों के अनुसार योग्य पाकर चयनित किया। विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मैनेजमेन्ट के डीन डॉ. सर्वेश कुमार शीतल ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में और कम्पनियां भी लगातार अन्तराल पर कैम्पस प्लेसमैंट के लिए महाविद्यालय आती रहेगी। विश्वविद्यालय के चान्सलर अमित गोयल ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि स्कूल ऑफ मैनेजमेन्ट के विद्यार्थियों का युनीवर्सिटी कैम्पस प्लेसमैंट में प्रदर्शन सराहनीय है। उन्होंने बताया कि विवेक युनीवर्सिटी विद्यार्थियों के चयन के लिए लगातार प्लेटफार्म उपलब्ध करा रहा है। विश्वविद्यालय के प्रो. चान्सलर इं. दीपक मित्तल ने कहा कि विद्यार्थियों का कम्पनी में चयन उनकी पढ़ाई के दौरान हासिल की गयी। विभिन्न दक्षताओं पर निर्भर करता है। विश्वविद्यालय के वाइस चान्सलर डॉ. एन. के. गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थी जितने स्किलफुल होंगे कम्पनी में उनके चयन की संभावना उतनी प्रबल होगी। विश्वविद्यालय के निदेशक अनिल शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में कॉरपोरेट जगत में कामयाबी प्राप्त करने के लिए कम्यूनिकेशन स्किल एवं इन्टरपर्शनल स्किल में महारथ हासिल करना अति आवश्यक है। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार हितेश शर्मा ने कहा कि महाविद्यालय में लगातार आयोजित हो रही कैम्पस प्लेसमैंट ड्राइव के कारण छात्रों में कॉरपोरेट सेक्टर में जॉब करने की उत्सुकता बढ़ रही है। प्लेसमैंट ड्राइव को सफल बनाने में ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट ऑफिसर नितिश वर्मा, रिया भटनागर एवं सभी शिक्षकों का सहयोग रहा।

### सनी मलिक की प्रशंसा

**मंडावर।** कस्बे में हेड कांस्टेबल सनी मलिक की सख्ती और कर्तव्यनिष्ठा ने अपराध की कमर तोड़ दी है। उनके कुशल नेतृत्व और रात-दिन चौकसी के चलते चोरी, नशे का अवैध कारोबार, मारपीट और गुंडागर्दी जैसी घटनाओं में भारी गिरावट आई है। नगरवासियों का कहना है कि अब रात को पुलिस जागती है और वे चैन की नींद सोते हैं। हेड कांस्टेबल सनी मलिक ने कमान संभालते ही सख्त प्रशासनिक रवैया अपनाया। रात में गश्त बढ़ाई, संदिग्ध लोगों पर नजर रखी और अपराधियों में दहशत पैदा कर दी। इसका नतीजा यह हुआ कि पिछले कुछ महीनों में चोरी की एक भी बड़ी वारदात सामने नहीं आई, नशे के सौदागर भूमिगत हो गए और मारपीट की छोटी-मोटी घटनाएं भी लगभग बंद हो गईं। स्थानीय लोगों का कहना है जब से 'सनी मलिक आए हैं तो सुकून आया है। पहले रात को डर लगता था, अब घर के दरवाजे खोलकर सोते हैं।' व्यापारियों ने बताया कि दुकानों पर चोरी का भय खत्म हो गया है। महिलाएं और बुजुर्ग भी सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। यातायात नियमों के प्रति भी सनी मलिक लोगों को जागरूक कर रहे हैं। बिना हेलमेट, ट्रिपल राइडिंग और तेज रफ्तार पर सख्ती से चालान काटे जा रहे हैं, लेकिन साथ ही समझाइश भी दी जाती है ताकि लोग नियमों का पालन करें। नगर के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों ने हेड कांस्टेबल सनी मलिक के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की है। लोगों ने ऊपर तक उनकी तारीफ पहुंचाई है और मांग की है कि ऐसे ईमानदार व कर्तव्यनिष्ठ पुलिसकर्मी को लंबे समय तक मंडावर में ही रखा जाए। नगरवासियों का कहना है कि सनी मलिक जैसे पुलिसकर्मी पुलिस की छवि बदल रहे हैं और आम जनता का पुलिस पर फिर से भरोसा कायम हो रहा है।

### वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह

**बुढ़नपुर।** राजकीय हाई स्कूल मटौरामान नहटौर में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य, अध्यापकगणों व अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात छात्र एवं छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के सफल संचालन में प्रशांत शर्मा, कंचन, लोकेंद्र सिंह एवं काजोल रानी का सहयोग रहा। अंत में प्रधानाचार्या डॉ. अनामिका यादव ने छात्र एवं छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया एवं सभी का धन्यवाद प्रेषित किया। छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर ग्राम प्रधान अतीक अहमद अंसारी,समाजसेवी शेर अली एवं प्रमोद कुमार आदि कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# गुरु तेग बहादुर स्कूल में स्थापना दिवस मनाया

## बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक व मनमोहक कार्यक्रम







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल का स्थापना दिवस के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम का योजना हुआ। विद्यालय में सभी पांच हाउसेज सुभाष हाउस, गांधी हाउस, टैगोर हाउस, भगत सिंह हाउस और तेज हाउस ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके सबका मन मोह लिया। सभी हाउस के साथ विद्यालय के प्ले सेकशन (नन्हा बचपन) के बच्चों द्वारा विभिन्न मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि एवं पूर्व छात्रों का स्वागत गुलदस्ते देकर स्कूल बैंड एवं सभी सदनों के परेड से किया गया।

कार्यक्रम का नगर पालिका चेयरमैन मुख्य अतिथि डॉ. एम.पी. सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया गया। पूर्व मंत्री महावीर सिंह चौहान, नरेश कर्णवाल, डॉ. जसवेंदर कौर डायरेक्टर तेज मेमोरियल हॉस्पिटल, रिंपल कौर डायरेक्टर जीटीबी पब्लिक स्कूल सम्मानित अतिथि रहे।

विद्यालय ने अपने द्वितीय बैच वर्ष (2015-16) के छात्रों को अतिथि के रूप में पूर्व छात्र सम्मेलन समारोह में आमंत्रित किया। वर्ष भर की प्रतियोगिताओं के लिए सभी विजेता हाउस और विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। तेज हाउस प्रथम, सुभाष हाउस द्वितीय, गांधी हाउस तृतीय स्थान पर रहे। हाउस प्रथम सुभाष हाउस, द्वितीय टैगोर हाउस तृतीय स्थान पर रहे। क्वीन्स ऑफ टाइम में सुभाष हाउस प्रथम, तेज हाउस द्वितीय, टैगोर हाउस तृतीय रहे। तेजेंद्र कौर मेमोरियल आर्ट प्रतियोगिता में सुभाष हाउस प्रथम, भगत सिंह हाउस द्वितीय, टैगोर हाउस और तेज हाउस तृतीय रहे। खेलकूद प्रतियोगिता में तेज हाउस प्रथम, सुभाष हाउस द्वितीय, भगत सिंह हाउस तृतीय रहे। मास्टर शेफ में तेज हाउस प्रथम, सुभाष द्वितीय, टैगोर हाउस तृतीय रहे। वार्षिक सभी प्रतियोगिताओं में तेज हाउस प्रथम, सुभाष हाउस द्वितीय व टैगोर हाउस तृतीय रहे।

खेलों में चैंपियन सब-जूनियर लड़कियों में कोसी यादव, लड़कों में आयुष सिंह रहे। जूनियर लड़कियों में ध्रुवी यादव, लड़कों में अफ्फान रहे। सीनियर वर्ग में लड़कियों में हिफ्जा शेख, लड़कों में अंश कुमार सर्वश्रेष्ठ हाउस प्रीफेक्ट का पुरस्कार सुभाष हाउस से कनक घाघट हाउस प्रीफेक्ट प्रभ सिमरन कौर हाउस वाइस-प्रीफेक्ट को मिला। कार्यक्रम का संचालन रिद्धिमा, तृषा और हर्षिका ने किया। मुख्य अतिथियों ने छात्रों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मनित किया। प्रबंधक मंदीप सिंह ने सभी पांच हाउसेस की मेहनत पुरी टीम की मेहनत और लगन से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया। संस्थापक तारा सिंह को सभी ने जन्मदिन की बधाई दी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी शिक्षक सदस्यों ने सहयोग किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं ,छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# भाकियू टिकैत का अनिश्चितकालीन धरना

## सफाई कर्मचारी को हटाने और अन्य मांगों पर प्रदर्शन जारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ब्लॉक के एक सफाई कर्मचारी को हटाने को लेकर चल रहे विवाद में भाकियू टिकैत के कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक परिसर में अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू किया। धरना-प्रदर्शन में भाकियू टिकैत के कार्यकर्ताओं में आपस में भी नोक-झोंक हुई। धरने पर ब्लॉक प्रमुख व बीडीओ भी पहुंचे। भाकियू टिकैत ने उक्त सफाई कर्मचारी को हटाने की मांग रखी।

प्राप्त समाचार के अनुसार करीब तीन बजे ब्लॉक परिसर में समस्याओं के समाधान नहीं होने को लेकर धरना-प्रदर्शन शुरू किया। जिला प्रवक्ता राजेंद्र सिंह ने कहा कि निराश्रित गौवंश को पकड़वाए जाने आदि मांगों की समस्याओं का सामाधान नहीं हो पा रहा है। सफाई कर्मचारी दीपक को ब्लॉक से हटाने का मुद्दा भी रहा। बताया जाता है कि सफाई कर्मचारी को ब्लॉक में एडीओ पंचायत के कार्यालय में तैनात कर रखा है। उसको ब्लॉक से हटाकर उसकी मूल तैनाती में भेजने की मांग की गई थी। इस मामले को लेकर सफाई कर्मचारी ने कार्यकर्ताओं पर कई आरोप लगाकर पुलिस से शिकायत की थी। जिसके बाद विवाद बढ़ गया। भाकियू टिकैत ने संगठन को बदनाम करने आदि की बात कहते हुए ब्लॉक परिसर में धरना-प्रदर्शन शुरू किया। पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन की बदनामी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। धरना-प्रदर्शन पर ब्लॉक प्रमुख राकेश कुमार, बीडीओ प्रताप सिंह, एडीओ पंचायत मनोज कुमार भी वार्ता के लिए पहुंचे। धरने प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं में आपस में भी नोक-झोंक हो गई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। इस मौके पर किसान नेता महेंद्र सिंह, विजयपाल सिंह, मुनेश कुमार, अतेन्द्र कुमार, पुनीत तुषियार, रोहित राणा, रिंकु राठी, सुजीव कुमार, शिशपाल सिंह, धर्मवीर सिंह, यशपाल सिंह, जैनेंद्र कुमार, ओम प्रकाश सिंह, मुदित त्यागी, राकेश कुमार, मोहित कुमार, कामेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय निर्वाचन आयोग की बैठक में मास्टर विजयपाल की अहम भूमिका



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** राष्ट्रीय निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में से लागू होने वाले वर्तमान मतदाता सत्यापन अभियान ई-आईओ को प्रभावी बनाने हेतु ब्लॉक स्तर पर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

यह बैठक हेल्थ एंड एग्रीकल्चर ग्रुप पब्लिक स्कूल महतापुर में हुई, जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के संस्थापक व वरिष्ठ समाजसेवी मास्टर विजयपाल ने की। बैठक में ब्लॉक लेवल एजेंट बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को आगामी मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान की विस्तृत जानकारी दी गई। मास्टर विजयपाल ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र की रीढ़ है। इसलिए सत्यापन कार्य पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ पूरा किया जाना बेहद आवश्यक है। उन्होंने यह भी बताया कि 12-12-25 से शुरू होने वाले विशेष अभियान के तहत घर-घर सत्यापन कार्य को गति देने के लिए सभी बीएलओ अपनी जिम्मेदारी सुनिश्चित करें। बैठक में निर्वाचन से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। मौके पर वरिष्ठ मार्गदर्शक सहादत इलवण, सामा. जिक कार्यकर्ता राजवान अहमद खान, अकीब अहमद, प्रतिष्ठित अधिवक्ता वकील मेहदी हसन, शिक्षाविद कारी अब्दुल भाई तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर

### एमक्यू कॉलेज की वॉलीबॉल टीम अव्वल



**स्योहारा।** एमक्यू इंटर कॉलेज की वॉलीबॉल टीम ने उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत आयोजित विधायक खेल स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किय। चैंपियनशिप युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग जनपद बिजनौर द्वारा आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में अव्वल आने के बाद जब टीम कॉलेज पहुंची तो खिलाड़ियों और कोच का जोरदार स्वागत किया गया। कॉलेज परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में प्रबंधक मौलाना वकील अहमद और प्रधानाचार्य मंसूर सिद्दीकी ने सभी खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह और मेडल देकर सम्मानित किया। इस दौरान टीम के कोच इकबाल राहत को भी विशेष रूप से सम्मानित व बधाई दी गई। प्रबंधक मौलाना वकील अहमद और प्रधानाचार्य मंसूर सिद्दीकी ने संयुक्त रूप से कहा कि टीम ने न केवल जिले में बल्कि प्रदेश स्तर पर भी जीत हासिल कर कॉलेज का नाम गौरवान्वित किया है। अच्छे निर्देशन में किया गया कोई भी कार्य सफलता की ओर ले जाता है और बच्चों में आगे बढ़ने की प्रेरणा भरता है। प्रधानाचार्य मंसूर सिद्दीकी ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि अनुशासन की पहली सीढ़ी है। यह शरीर को मजबूत और मन को शांत बनाता है। अनुशासन के साथ किया गया कोई भी कार्य सफलता की संभावना को बढ़ा देता है। सम्मान समारोह में इकबाल राहत, भूपेंद्र चौधरी, करीम नजीर सहित कॉलेज के सभी शिक्षकगण मौजूद रहे।

### आरिष्टी कार्यक्रम में पहुंचे विधायक



**नगीना।** विधानसभा क्षेत्र नगीना के ग्राम चमरावाला के निवासी जयपाल सिंह के बेटे केशव कुमार की आरिष्टी में बड़ी संख्या में लोग उनके निवास पर पहुंचे। विधायक नगीना (पूर्व मंत्री) मनोज पारस ने भी उनके निज-निवास पर पहुंचकर स्वर्गीय केशव कुमार के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दीं और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की एवं परमपिता परमेश्वर से दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने एवं शोकाकुल परिजनों को यह असीम कष्ट सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर जयप्रकाश चंदेल, परवेश माल्वा, रमेश सिंह, मायाराम सिंह, नौबाहार सिंह आदि ग्रामवासी मौजूद रहे।

# एसआईआर का समय बढ़ने से अधिकारी व जनप्रतिनिधि तैयार कर रहे रूपरेखा

## बढ़े समय में बचे कार्य को पूरा करने पर किया विचार विमर्श



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** निर्वाचन आयोग ने एसआईआर प्रक्रिया की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 दिसंबर कर दी है, जिससे कार्य में लगे कर्मियों को राहत मिली है। तारीख बढ़ने से काम समय पर पूरा होने की उम्मीद है। अपनी अपनी टीमों के साथ बैठकें कर सभी लोगों द्वारा बढ़े हुए समय में बचे हुए कार्य को पूरा करने की रूपरेखा तैयार की जा रही है।

एसआईआर की अंतिम तिथि निर्वाचन आयोग ने एक बार फिर बढ़ा दी है, जिससे इस कार्य में लगे कर्मियों ने राहत की सांस ली है। शासन द्वारा गत माह मतदाताओं के लिए शुरू किया गया एसआईआर प्रक्रिया का कार्य उपजिलाधिकारी की अगुवाई में प्रशासनिक अमला दिन रात एक कर रहा था। इसके बावजूद निर्धारित समय सीमा में उसके पूरा होने की उम्मीद नहीं थी, जिससे इस कार्य में लगे बीएलओ परेशान थे।

लेकिन निर्वाचन आयोग ने एसआईआर प्रक्रिया पूरी करने की तिथि 11 दिसम्बर कर दी थी और अब अंतिम तिथि एक बार और बढ़कर 30 दिसंबर कर दी है जिसकी वजह से बीएलओ के साथ इस कार्य में लगे विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के बीएलए, समाज सेवक, जनप्रति. निधि व स्थानीय लोग परेशान थे। अंतिम तिथि दोबारा बढ़ने पर सभी ने राहत की सांस ली है। इसका असर तहसील परिसर में दिखाई दिया जहां लोगों की ज्यादा आमदो रफ्त कम हो गई है।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा बढ़ी हुई तिथि के अनुसार बचे हुए कार्य को निपटने की रूपरेखा तैयार की जा रही है। बृहस्पतिवार को नगीना विधायक मनोज पारस ने अपने कार्यालय पर एसआईआर प्रक्रिया में बीएलए के रूप में लगे सपा कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक की। जिसमें जनसुनवाई की गई और एसआईआर प्रक्रिया में मतदाताओं के फार्म शत प्रतिशत भरवाने के लिए रूपरेखा तैयार की गई।

# बंदरों का आतंक: महिलाओं का बाहर जाना हुआ मुश्किल

## महिलाएं और बुजुर्ग सबसे ज्यादा परेशान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालागढ़।** हाइडिल कालोनी, नई कालोनी, केंद्रीय कालोनी, ओल्ड कालोनी में समस्याओं की कोई कमी नहीं। अब इन सबके ऊपर एक ऐसी मुसीबत आ चुकी है, जो कभी छत पर, कभी रसोई में और कभी पानी की टंकी के अंदर नहाते हुए दिखाई देती है। यह है बंदरों का बढ़ता एक ऐसा आतंक जिसने न सिर्फ लोगों की दिनचर्या बिगाड़ी है, बल्कि लगता है कि घरों की 'इंटरनल सिक्योरिटी' को भी चुनौती दे दी है। सबसे बड़ी परेशानी पानी की टंकियों के साथ है। बंदरों ने पानी के टैंक का ढक्कन खोल कर नाहना सीख लिया है। एक बार टैंक खुला नहीं कि पूरा झुंड उसमें नहाने लग जाता है। इतना ही नहीं, टंकी का पाइप भी तोड़ देते हैं।

फुलवारी और गमले तोड़ना तो बंदरों का रोज का मनोरंजन बन चुका है। हर घर का बगीचा उनकी नजर में शायद किसी खेल मैदान जैसा लगता है। कई गृहणियां कहती हैं कि उन्हें लगता है कि उन्होंने घर में बगीचा नहीं, बंदरों ने स्पोर्ट्स कॉर्नर बना रखा है। कालोनी की महिलाएं भी बंदरों से बेहद डरी हुई हैं। कई बार बंदर अचानक हमला कर देते हैं, झोला खींच लेते हैं, या हाथ में पकड़े सामान पर झपट पड़ते हैं। बाहर कपड़े उतारने जाना एक जोखिम भरा काम बन चुका है। सिर्फ पौधे ही नहीं, अब तो दवाइयां तक सुरक्षित नहीं रहीं। मरीज का रखा हुआ पूरा दवा का पैकेट बंदर उठा ले जाते हैं, जैसे मेडिकल स्टोर से खरीद कर बंदर लेकर आए। सबसे आश्चर्यजनक हरकत है बंदरों का फ्रीज खोलना। अगर घर का मालिक मौजूद न हो, तो बंदर अंदर घुस जाते हैं, फ्रीज खोल लेते हैं, फ्रिज में रखा सारा सामान बर्बाद कर देते हैं। दही निकालकर फर्श पर फैला देना, दूध की थैली फाड़ देना और फलों की टोकरी में बैठकर फलों को खाना कालोनी में आम दृश्य बन गए हैं। स्थिति इतनी भयावह हो चुकी है कि कई लोगों को बंदरों ने छत पर झपटें, जिससे लोग अपनी जान तक गंवा चुके हैं। छत से गिर जाना, भय में कहीं भागते समय चोट लग जाना, या अचानक हमले में गंभीर चोट आना ये घटनाएं अब किसी एक कालोनी में नहीं, बल्कि पूरे इलाके की वास्तविकता बन चुकी हैं। इसके बावजूद इन बंदरों का नसबन्दी कैम्प कहीं नहीं लग पाया है।

## नगीना में मतदाता सूची से हटाए जाएंगे 50 हजार से अधिक मतदाता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** इन दिनों चल रहे एसआईआर कार्य में अब मतदाता सूची से हटाए जाने वाले मतदाताओं की स्थिति धीरे-धीरे स्पष्ट होने लगी है। अब तक हुए काम में विधानसभा में लगभग 50 हजार मतदाता ऐसे मिले हैं, जिन्हें मतदाता सूची में आगे नहीं रखा जा सकता है। यानी इन्हें अब मतदाता सूची से डिलीट कर दिया जाएगा।

नगीना विधानसभा में चार नवंबर से अब तक चले अभियान में 3,53,198 में से अब तक 50 हजार मतदाता ऐसे मिले हैं, जिन्हें अब आगे मतदाता सूची में स्थान मिलना संभव नहीं है।

सूची में शामिल न होने वाले मतदाताओं में मृतक, घर से बाहर रहने वाले, घर छोड़कर दूसरे शहरों में बस चुके और एक की जगह कई जगह मतदाता बनने वाले लोग शामिल हैं।

घर-घर बीएलओ सत्यापन कर रहे हैं, तो यह स्थिति साफ हो रही है। अभी जिस तरह से मतदाताओं की खोज हो रही है और वह अपने घरों में नहीं मिल रहे हैं। इससे यह माना जा रहा है कि जब प्रक्रिया पूरी हो जाएगी तो यह संख्या और बढ़ जाएगी और विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची से बाहर श्रेणी वाले मतदाताओं की संख्या अधिक हो सकती है।

नगीना विधानसभा क्षेत्र के एआरओ एसडीएम आशुतोष जयसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा क्षेत्र के 3,53,198 मतदाताओं में से 12 दिसंबर 2025 तक 53,272 मतदाताओं के वोट काटे गए, जिनमें मृतक, शिफ्टेड, डबल वोट, अनुपस्थित रहे वोटर आदि शामिल हैं।

## एक नजर

### दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

**नगीना।** थाना क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न का एक मामला सामने आया है। ग्राम फतेहपुर निवासी शिवानी ने अपने पति तरुण समेत तीन ससुरालियों के खिलाफ दहेज की मांग और मारपीट का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है।शिवानी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी शादी आठ अप्रैल 2025 को तरुण पुत्र गजेन्द्र ग्राम फरीदपुर भोगी थाना कोतवाली शहर बिजनौर से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही ससुरालियों ने अतिरिक्त दहेज में चार पहिया वाहन की मांग शुरू कर दी। मांग पूरी न होने पर उनके साथ गाली-गलौज, शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न किया जाने लगा। पीड़िता के अनुसार पति व ससुर गजैन्द्र सिंह आयदिन प्रार्थनी के साथ गाली-गलौच करते रहते है व दहेज की मांग कर बुलेरो कार मांगते हैं। 20 नवंबर 2025 को पति ने मुझे मारपीट कर गाली-गलौच की थी। तभी मैं अपने घर चली आयी थी। मेरे पति, ससुर, ननद प्रियंका चौधरी पत्नी अनुज मुझे परेशान कर जान से मारने की धमकी देते रहते हैं। नगीना थाना अध्यक्ष अवनीत मान ने बताया कि पीड़िता शिवानी की तहरीर के आधार पर पति तरुण, ससुर गजेंद्र और ननद प्रियंका चौधरी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### अब मुर्दों पर जिंदा लोग सोने को तैयार

**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र के ग्राम उमरी पीर निवासी इंतजार अहमद ने उपजिलाधिकारी चांदपुर को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए बताया कि खसरा संख्या 208 रकवई 0.379 हे. 209 रकवई 0.114 हे. 198 रकवई 0.556 हे. 217 व 219 रकवई 0.038 हे. अराजी कब्रिस्तान राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उक्त जमीन पर रईस पुत्र हमीदुल्लाह निवासी उमरी पीर अवैध रूप से नई व पुरानी कब्रो को खुर्द- बुर्द कर उस पर अवैध रूप से चिनाई कर रहा है। शिकायतकर्ता ने यह भी बताया कि जब उसने ऐसा न करने को कहा तो दबंग ने अनीश पुत्र हमीदुल्लाह व मोहसिन पुत्र इस्लामुद्दीन व भूरा पुत्र इजहार उर्फ मुन्ना का हवाला देते हुए बताया कि इन लोगों ने भी कब्रिस्तान पर ही मकान बने हुए हैं। मैं भी इसी तरह मकान बनाऊंगा । फिलहाल शिकायतकर्ता ने उपजिलाधिकारी चांदपुर को प्रार्थना पत्र सौंपा है और कार्रवाई की मांग की है।

### एसडीएम ने राजनीतिक दलों संग की बैठक



**नगीना।** एसडीएम आशुतोष जयसवाल ने एसआईआर को लेकर शुक्रवार को तहसील परिसर में राजनीतिक दलों के लोगों के साथ बैठक की। विधानसभा के एआरओ व एसडीएम न्यायिक तथा नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी के अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे आशुतोष जायसवाल ने बैठक में मौजूद सपा के विधायक मनोज पारस, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान व अन्य दलों के नेताओं से एसआईआर के कार्य में सहयोग मांगा। एसडीएम ने मतदाता सूची पुनरीक्षण में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि वोटर लिस्ट में माता-पिता व दादी-दादा के नाम की मैचिंग देखनी हैं, जो लगभग काम पूरा हो चुका है। लेकिन लगभग 10 प्रतिशत ऐसे लोग जो इधर-उधर हैं। जिनका पता नहीं लग पा रहा है। यदि और सहयोग मिल जाए, तो कार्य शत प्रतिशत पूरा हो जाएगा। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के नेताओं से एसआईआर में सहयोग करने का आग्रह किया। ताकि अधिक से अधिक लोगों को मतदान प्रक्रिया में शामिल किया जा सके। कई राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ अलग-अलग हुई विभिन्न बैठकों में तहसीलदार अमरपाल सिंह, विधायक मनोज पारस, सुहेल इकबाल, प्रमोद चौहान, अरुण शर्मा, मकसूद उस्मानी, जयप्रकाश चंदेल, रमेश सिंह, लेखपाल सचिन शर्मा, मोहित शर्मा आदि मौजूद रहे। वहीं, कई बूथों पर उप जिलाधिकारी आशुतोष जयसवाल ने बीएलओ से मतदाता फार्मों के बारे में जानकारी ली। विभिन्न गांवों में बूथों पर जाकर बीएलओ के कार्य का सत्यापन करने के लिए ग्रामीणों, बूथ प्रहरी एवं बीएलओ से जानकारी ली।

# डेढ़ माह पुराने विवाद में दो आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस ने मृत युवक के खिलाफ दर्ज की थी रिपोर्ट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम नारायणखेड़ी में करीब डेढ़ माह पूर्व हुए विवाद में पुलिस ने मृत युवक के खिलाफ ही रिपोर्ट दर्ज कर डाली थी। पुलिस ने घटना के करीब दस घंटे बाद इस मामले में रिपोर्ट दर्ज की थी। मृत युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने पर कई सवालिया निशान उठे थे। जांच पड़ताल में मृत युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने का पता चला था। पुलिस ने इस मामले में शुक्रवार को दो लोगों को पकड़कर चालान कर दिया था।

प्राप्त समाचार के अनुसार गांव नारायणखेड़ी निवासी राजपाल सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा था कि 29 अक्टूबर को सुबह करीब पांच बजे वह जंगल की ओर जा रहा था। घर से ही कुछ दूरी पर उसे कोतवाली शहर क्षेत्र के गांव गांवड़ी बुजुर्ग के विकास, दीपक, जयपाल, पंकज व चन्दनपुरा के रिंकु व गांवड़ी पोटा के अंकुश ने घेर कर डराया धमकाया और कहा कि जिस तरह तेरे सम्बंधी विजयपाल को काटकर जान से मारा है। उसी तरह से तुझे भी मार देगे। हमारे दो आदमी जेल में बंद है। उन्हे फैसला करके रिहा कराओ। मना करने पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बताया जाता है कि पुलिस ने इस मामले में सभी के नाम रिपोर्ट दर्ज कर ली। 29 अक्टूबर को सायं करीब साढ़े तीन बजे रिपोर्ट दर्ज की गई। यह भी बताया जाता है कि अंकुश कि घटना से करीब तीन माह पूर्व मृत्यु हो चुकी थी। पुलिस ने उसके खिलाफ भी रिपोर्ट दर्ज कर ली। करीब दस घंटे बाद दर्ज की गई रिपोर्ट में पुलिस को पता ही नहीं चला कि युवक मर चुका है । जबकि पुलिस तहरीर मिलने पर उसकी जांच करती है। पुलिस तहरीर के अनुसार रिपोर्ट दर्ज करने की बात कह रही है।

अब इस मामले में पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए शुक्रवार को जयपाल व जांच में प्रकाश में आए गांव नारायणखेड़ी के निखिल को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने मुवक्किल आधार हाउसिंग फाईनेन्स लि. के निर्देश पर यह नोटिस देता हूं कि मेरे मुवक्किल के यहां श्री भोले पुत्र रामचरण निवासी ग्राम गाजीपुर, परगना अकबराबाद, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर ने अपने आवासीय भवन क्षेत्रफल 225.14 वर्ग मी. खसरा सं. 7 ग्राम गजीपुर, परगना अकबराबाद, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर के सापेक्ष में ऋण प्राप्त करने के लिए आवेदन किया है। यदि उक्त संबंध में किसी व्यक्ति, उत्तराधिकारी, बैंक व किसी अन्य व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो निम्न पते व सम्पर्क सूत्र पर सम्पर्क कर सकता है।

**अंकुश अग्रवाल एडवोकेट, सिविल कोर्ट, बिजनौर**
**मोबाइल नम्बर:- 8445429323, 8958840567**


# किरात कुरान और सीरत उन नबी पर प्रतियोगिताएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** क्षेत्र में ग्राम मानियावाला में मदरसा इशातुल उलूम में सालाना जलसा आयोजित किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार अंजुमन इस्लाहुल निसान तलाबा द्वारा आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में अरबी और उर्दू तकरीर, किरात कुरान और सीरत उन नबी पर प्रतियोगिताएं हुई। इसमें प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर सुप्रीम कोर्ट के वकील और जमीयत उलेमा हिंद के कानूनी सलाहकार मौलाना सैय्यद रशीदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मौलाना सैय्यद काब रशीदी ने अपने संबोधन में अपने इस्लाम के स्वास्तिक उद्देश्य को समझने का आह्वान किया। उन्होंने बिरादरीवाद धन और धर्म के नाम भेदभाव हुए घमंड से ऊपर उठकर इस्लाम के सिद्धांतों को अपनाने पर जोर दिया। मौलाना रशीदी ने कुरान की एक आयत का हवाला देते हुए बताया कि कयामत के दिन उसमें व्यक्ति का हिसाब आसान होगा जो अपने पड़ोसियों और रिश्तेदारों के साथ चाहे वह किसी धर्म या मजहब के हो, अच्छा व्यवहार करेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस्लाम का उद्देश्य दाढ़ी रखना, कुर्ता-पजामा पहनना या इबादत करना नहीं है, बल्कि कुरान के अनुसार एक आसान और मानवीय जीवन जीना है। उन्होंने समाज की मौजूदा स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज के दौर में इंसान दुनिया के लिए अच्छा होता है, लेकिन अपने परिवार वालों के लिए और घर वालों के लिए दुश्मन बन जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि लोग अपने दुख से ज्यादा दूसरे के सुख से परेशान रहते हैं।


## सार्वजनिक सूचना

मैंने अपने पुत्र सलीम अहमद व उसकी पत्नी शहनाज़ इनके बच्चे अब्दुल्ला, बिलाल, कलीम, अरीबा से उनके अमर्यादित आचरण के कारण इन सबसे अपने समस्त सम्बंध समाप्त कर इन दोनों को अपनी समस्त चल/अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है।

**अमीर हसन पुत्र अहमद सईद**
मौहल्ला- बेगम सराय अफजलगढ़, तहसील- धामपुर, जिला- बिजनौर।



**कार्यालय-नगर पालिका परिषद बिजनौर, (जनपद-बिजनौर)**
संख्या: 20 /न.पा.परि.बि. /2025-26 दिनांक:- 12-12-25
संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143(1)/147(1) नगर पालिका अधिनियम-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-252 मौहल्ला राघड़ान, बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्री रामरतन लाल व रामनारायण, रामचरन पुत्र श्री रामचन्द्र के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के सम्बंध में प्रार्थी श्री मौ. साजिद पुत्र श्री मौ. सद्दीक मौहल्ला राघराड़ान, बिजनौर ने बैनामा, शपथ-पत्र व आई.डी.प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुए उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है, तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थी का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**



**कार्यालय-नगर पालिका परिषद बिजनौर, (जनपद-बिजनौर)**
संख्या: 21 /न.पा.परि.बि. /2025-26 दिनांक:- 12-12-25
संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143(1)/147(1) नगर पालिका अधिनियम-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-287 मौहल्ला चाहशीरी बी-22, बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्री एहसानुर्रब पुत्र श्री अब्दुल रब के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के सम्बंध में प्रार्थिनी श्रीमती नसीमा खातून पत्नी श्री सद्दीक अहमद मौहल्ला चाहशीरी बी-22, बिजनौर ने बैनामा, शपथ-पत्र व आई.डी. प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुए उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है, तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थिनी का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**



**कार्यालय-नगर पालिका परिषद बिजनौर, (जनपद-बिजनौर)**
संख्या: 22 /न.पा.परि.बि. /2025-26 दिनांक:- 12-12-25
संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143(1)/147(1) नगर पालिका अधिनियम-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-सी.ए./155 मौहल्ला शाहबाजपुर खाना, बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्री खुर्शीद अहमद पुत्र श्री रशीद अहमद के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के सम्बंध में प्रार्थिनी श्रीमती गुलशन जहां पत्नी श्री रईसुद्दीन मौहल्ला शाहबाजपुर खाना, बिजनौर ने बैनामा, शपथ-पत्र व आई.डी.प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुए उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है, तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थिनी का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**



**कार्यालय-नगर पालिका परिषद बिजनौर, (जनपद-बिजनौर)**
संख्या: 24 /न.पा.परि.बि. /2025-26 दिनांक:- 12-12-25
संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143(1)/147(1) नगर पालिका अधिनियम-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-432 मौहल्ला सिविल लाइन द्वितीय, बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्रीमती रजिया बेगम पत्नी श्री खुर्शीद उल हसन के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के सम्बंध में प्रार्थी श्री अनवर खुर्शीद अर्शी पुत्र श्री खुर्शीद उल हसन मौहल्ला सिविल लाईन द्वितीय, बिजनौर ने दानपत्र व वसीयत, शपथ-पत्र व आई.डी.प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुए उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है, तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थी का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

# अशोक चौधरी ने गरीबों को बांटे कंबल

## तटबंध निर्माण, निरीक्षण और अन्य राहत के प्रयास जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** विधानसभा क्षेत्र में रालोद के प्रदेश महासचिव अशोक चौधरी एवं उनकी टीम ने बाढ़ से प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए राहत कार्य निरंतर जारी हैं। आज उन्होंने गरीब जनता के पास पहुंचकर उन्हें सर्दी से बचाने का प्रयास करते हुए कंबल वितरण किए।

अशोक चौधरी ने अपनी टीम के साथ ब्लॉक जलीलपुर में बाढ़ पीड़ित इलाके में रह रही गरीब जनता के पास पहुंचकर उन्हें सर्दी से बचाने का प्रयास करते हुए कंबल वितरण किए। इससे पूर्व भी चांदपुर क्षेत्र के कई गांवों में कंबलों और राहत सामग्री का वितरण किया जा चुका है। राहत कार्यों की यह निरंतरता बाढ़ पीड़ितों के प्रति मानवीय संवेदनशीलता और जिम्मेदारी को दर्शाती है।



कंबल वितरण के साथ-साथ बाढ़ से हुए नुकसान के स्थायी समाधान के लिए राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव अशोक चौधरी लगातार क्षेत्र में सक्रिय रहे। उन्होंने सिंचाई विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ गंगा किनारे तटबंध निर्माण का निरीक्षण, बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों का ड्रोन सर्वे तथा मौके पर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने जैसे महत्वपूर्ण कदम उठाए। इसके अलावा किसान ट्रस्ट की राहत सामग्री भी प्रभावित परिवारों तक पहुंचाई गई, जिससे राहत कार्यों को और गति मिली।

बाढ़ की समस्या के स्थायी समाधान हेतु अशोक चौधरी ने दिल्ली में रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी तथा बिजनौर सांसद चंदन सिंह चौहान से भेंट कर तटबंध निर्माण को लेकर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने तटबंध कार्य को शीघ्र स्वीकृति, संसाधनों की उपलब्धता और तेजी से कार्यवाही करने का अनुरोध किया।

इस मौके पर अशोक चौधरी के साथ पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शीशपाल राठी, युवा विधानसभा अध्यक्ष रवि गांधी, नगराध्यक्ष मुंजरिम अहमद, क्षेत्रीय महासचिव योगेंद्र प्रधान, जिला महासचिव डॉ. विपिन तोमर, वरिष्ठ नेता अकरम उस्मानी, वरिष्ठ नेता पीतम सिंह, विधानसभा अध्यक्ष नहटौर संजीव चिकारा, व्यापार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष राजीव तोमर, पूर्व जिला महासचिव गजेन्द्र सिंह, अशफाक प्रधान, सतेंद्र सिंह (डायरेक्टर), हेमेंद्र प्रधान, सर्वजीत सिंह प्रधान, राजेश खन्ना, गजेन्द्र सिंह, नरेश नेताजी, राजीव चौधरी, जगदीश सिंह, यशपाल सिंह प्रधान, भूदेव सिंह व महेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## बीएलओ व बीएलए के बीच समन्वय बैठक



**राजा का ताजपुर।** एसआईआर की चल रही प्रक्रिया के अंतर्गत ताजपुर में सभी तेरह बूथों के बीएलओ और बीएलए के बीच समन्वय बैठक हुई, जिसमें सभी दलों के बीएलए पहुंचकर अपनी अपनी समस्याओं को रखा। समाजवादी पार्टी के सभी बीएलए सपा नेता सरफराज सिद्दीकी के नेतृत्व में पहुंचे। बसपा व भाजपा के बीएलए ने अपने अपने बूथ पर कटे हुए वोटों की स्पष्ट जानकारी ली। ताजपुर ग्राम पंचायत में लगभग तीन हजार वोट कटे है, जिसको लेकर लोगों में नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा अब निर्वाचन आयोग ने अंतिम समय सीमा बढ़ा दी है। अब सभी बीएलओ मतदाताओं के वोट बनवाने का कार्य करें ताकि जल्द से जल्द अपलोड करने का काम हो सकें। लगभग ग्राम पंचायत में चार से छ हजार नए वोट बनने बाकी है। सभी बीएलओ घर घर पहुंच कर 18 उम्र पूरी कर चुके मतदाताओं के फार्म छः भरकर वोटर लिस्ट मे जोड़ने का काम करें। सभी राजनीतिक पार्टियों के पदाधिकारियों ने वोट बढ़ाने को लेकर जोर दिया है। सभी बीएलओ का हर स्तर पर सहयोग करने के लिए तैयार है। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य इमरान भैया, सरफराज सिद्दीकी, सुमित विश्वकर्मा, राशीद अली, रामभजन सिंह सैनी, नूरुल इस्लाम, अकरम अंसारी आदि मौजूद थे।

### एक नजर

## दो पक्षों में जमकर मारपीट

**नांगल सोती।** ग्राम सौफतपुर निवासी रवि पाल बीती देर शाम क्षेत्र की एक अकादमी से प्रैक्टिस कर वापस अपने घर लौट रहा था। आरोप है कि दूसरे संप्रदाय के शौकत व सदाकत ने उसे रास्ते में रोक कर उसके साथ गाली गलौज व मारपीट की। घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। पुलिस ने रवि पाल की तहरीर पर प्राथमिक दर्ज की है। सीओ नितेश प्रताप सिंह का कहना है कि दो पक्षों के बीच बच्चों के विवाद को लेकर गाली गलौज व मारपीट के मामला था। प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। सीओ ने बताया कि कुछ लोग मामले को सां. प्रदायिक रूप देने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि मामला दो पक्षों के बीच गाली- गलौच व मारपीट का है।

## वित्तीय साक्षरता पर कार्यशाला



**कोतवाली देहात।** आकांक्षात्मक विकासखंड कार्यक्रम के अंतर्गत नीति आयोग के सहयोग से वित्तीय साक्षरता पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में महिलाओं को सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला में बैंक सखी, समूह सखी, कृषि सखी, स्वास्थ्य सखी, रोजगार सेवक, पंचायत सहायक आदि ने प्रतिभाग किया। अग्रणी बैंक अधिकारी अखिल कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं के लिए कई जन उपयोगी योजनाएं चलाई जा रही है। इनमें प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना आदि शामिल है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अधिक से अधिक योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित करने का लक्ष्य है। इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक से आए विपुल कुमार ने बताया कि यदि आधार कार्ड से संबंधित समस्याएं आती हैं तब डाक विभाग द्वारा गांव-गांव जाकर कैंप लगाकर आधार कार्ड की समस्याओं का समाधान कराया जा रहा है। बैठक में साइबर फ्रॉड के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बताया कि साइबर फ्रॉड होने पर 1930 पर फोन करने से आपके खाते से कटे पैसे को होल्ड कर दिया जाता है। कार्यक्रम में बीडीओ श्रीमती ज्योति चौधरी, सीएम फेलो मोनिका देवी, मुकेश कुमार, शशांक, आनंद कुमार, चंद्रभूषण सिंघल, ओपी सिंह परमार, अर्पित शर्मा, प्रीति आदि मौजूद रहे।

## मदरसा कमेटी के अध्यक्ष शफीक का इंतकाल



**किरतपुर।** नगर के प्रतिष्ठित, मिलनसार और धर्मपरायण व्यक्तित्व मदरसा अनवारुल उलूम कमेटी के अध्यक्ष शफीक अहमद (चक्की वाले) का निधन हो गया। उनकी उम्र लगभग 75 वर्ष थी। शफीक अहमद न सिर्फ मदरसा कमेटी के सक्रिय अध्यक्ष थे, बल्कि नमाज के पाबंद, ईमानदार, सरल स्वभाव और समाज सेवा के लिए हमेशा आगे रहने वाले इंसान के रूप में पहचाने जाते थे। उन्होंने अपनी जिंदगी का बड़ा हिस्सा दीन की खिदमत, कमजोर तबके की मदद और बच्चों की तालीम को बढ़ावा देने में बिताया। शफीक अहमद लंबे समय तक मदरसा अनवारुल उलूम से जुड़े रहे और उसकी तरक्की में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके निधन की खबर से नगर में गहरा शोक छा गया। बड़ी संख्या में मौहल्लेवासियों, उलेमा, सामाजिक कार्यकर्ताओं और विद्यार्थियों ने उनके जनाजे में पहुंचकर नमाज अदा की और अंतिम विदाई दी। लोगों ने बताया कि वे हमेशा मुस्कुराकर मिलने वाले, बड़े-छोटे का सम्मान करने वाले और हर किसी की मदद करने वाले नेकदिल शख्स थे। उनकी कमी को लंबे समय तक महसूस किया जाएगा। मरहूम को बाद नमाज असर स्थानीय कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक कर दिया गया।

## बाइक की टक्कर से साइकिल सवार घायल



**नहटौर।** ग्राम ककराला निवासी नवनीत कुमार (15 वर्ष) पुत्र सुनील कुमार दोपहर में साइकिल से फुलसंदा से अपने घर जा रहा था। फुलसंदा के पास रास्ते में एक बाइक सवार ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी। जिसमें साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी नहटौर में भर्ती कराया गया है। चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष आर्य का कहना है कि घायल को हायर सेंटर रैफर किया गया है।

## छेड़छाड़ व बलात्कार का आरोपी गिरफ्तार



**चांदपुर।** ग्राम हैजरपुर कस्बा निवासी मुनेन्द्र कुमार पुत्र सदनपाल सिंह ने 10 दिसम्बरको दिये प्रार्थना पत्र में आरोप लगाते कहा कि गांव के ही जितेन्द्र कुमार पुत्र प्रीतम सिंह द्वारा वादी की पुत्री के साथ जबरदस्ती छेड़छाड़ कर उसके साथ अश्लील हरकते कर बलात्कार करने व कोई कार्यवाही करने पर वादी व वादी के परिवार को जान से मार डालने की धमकी देने के का आरोप लगाया था। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर आरोपी के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी की खोज शुरू कर दी थी। पुलिस ने आज उक्त मामले मे सफलता अर्जित करते हुए आरोपी जितेन्द्र कुमार पुत्र प्रीतम सिंह निवासी ग्राम हैजरपुर कस्बा चांदपुर थना चांदपुर को गिरफ्तार कर उसको न्यायालय हाजिर कर दिया।

## अस्थाई रैन बसेरा स्थापित

**किरतपुर।** बढ़ती शीतलहर को देखते हुए नगर पालिका द्वारा जनहित में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। अधिशासी अधिकारी मेघा गुप्ता के दिशा-निर्देशन में पालिका प्रांगण में अस्थाई रैन बसेरा स्थापित कर दिया गया है, जिसमें रात के समय कोई भी असहाय, जरूरतमंद या खुले में रहने वाला व्यक्ति आकर ठहर सकता है। पालिका प्रशासन ने बताया कि ठंड का प्रकोप बढ़ने पर रैन बसेरे में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि किसी भी जरूरतमंद को ठंड से परेशानी न हो। इसके अतिरिक्त नगर पालि. का द्वारा शहर के प्रमुख स्थानों पर मोतीचूर तिराहा, स्टेशन चौराहा, बस स्टैंड तथा इतवार बाजार पर अलाव की व्यवस्था भी की गई है। इन स्थलों पर अलाव जला कर राहगीरों और आम नागरिकों को ठंड से राहत देने का प्रयास किया जा रहा है। पालिका प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि ठंड के चलते कोई व्यक्ति खुले में दिखे तो उसे रैन बसेरा तक पहुंचाने में मदद करें तथा जरूरतमंदों को उपलब्ध सुविधाओं का लाभ दिलाने में सहयोग करें।

### एक नजर

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर संगोष्ठी



**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम डा. उदिता राजपूत के निर्देशन में मिशन शक्ति के तहत 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' विषय पर एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। शुमायला परवीन, बुशरा और सबा फातिमा आदि ने 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' विषय पर अपने विचार व्यक्त किये। मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के एकेडमिक डायरेक्टर प्रो. अनिल कुमार वर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए छात्र-छात्राओं को बताया कि बेटियां ही समाज की जननी है तो समाज के निर्माण के लिए उनकी सुरक्षा नितांत आवश्यक हो जाती है। हमारी सरकार निरन्तर बेटियों की सुरक्षा और शिक्षा के लिए प्रयासरत है और इसके लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कराती है। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. साधना ने कहा कि हम सभी को सक्रिय होने की आवश्यकता है और साथ ही समाज को जागरूक करना होगा ताकि बेटियों को उनका सही स्थान और सम्मान मिल सके। बेटियां सुरक्षित भी रहें और शिक्षित होकर समाज की उन्नति में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि हमें लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध जागरूक होने तथा जागरूक करने, दोनों की ही आवश्यकता है। महिलाओं को अपने अधिकारों के बारे में जानना होगा ताकि जिनके साथ भी उत्पीड़न या हिंसा हो रही है, वे उसके विरुद्ध आवाज उठा सकें तथा न्याय पा सकें। कार्यक्रम में महाविद्यालय का अधिकांश स्टाफ उपस्थित रहा और कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी का सराहनीय योगदान रहा।

## विकास प्रदर्शनी मेले का शुभारंभ



**बढ़ापुर।** बीती शाम कस्बे के बस स्टैंड पर विकास प्रदर्शनी मेले का शुभारंभ भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय सिंह चौहान व मंडल अध्यक्ष भीम सिंह सैनी ने फीता काटकर किया। प्रदर्शनी आयोजक सदस्य विक्की वाल्मीकि ने बताया कि प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार के झूले, सर्कस, जादुई खेल व खेल खिलौने की दुकानें लगी है। इस अवसर पर भाजपा नेता भीम सिंह कश्यप, कौशल चौहान, सुरेंद्र कर्णवाल, नितिन प्रजापति, डॉ. राजपाल सैनी, सभासद राहुल कश्यप, सोहित गुप्ता, ठाकुर चंद्रपाल सिंह मौजूद रहे।

## हमलावरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**बढ़ापुर।** ग्राम वीरभानवाला निवासी हरप्रीत सिंह पुत्र निर्मल सिंह थाने में दर्ज कराए मुकदमे में कहा है कि वह घर के बाहर टहल रहा था। तभी पीछे से आए पूरन सिंह, गुरमीत सिंह, रंजीत सिंह पुत्रगण महेंद्र सिंह निवासी भोगपुर थाना बढ़ापुर व एक अज्ञात व्यक्ति लाठी-डंडे लेकर आए और गाली गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरु कर दी है।

# फसल अवशेष प्रबंधन योजना के अंतर्गत कार्यक्रम

## खेतों में पराली जलाएं नहीं, बल्कि उनका उपयोग खेती में मल्च तकनीक के रूप में करें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा आज श्यामलता देवी मेमोरियल कॉलेज दोदराजपुर के विद्यार्थियों हेतु फसल अवशेष प्रबंधन पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्रश्नोत्तरी, निबंध प्रतियोगिता, ड्राइंग कंपटीशन आदि कार्यक्रम किए गए। कार्यक्रम में सहभाग करने वाले विद्यार्थियों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।




कृषि विज्ञान केंद्र नगीना के प्रभारी अधिकारी डॉ. के.के. सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि फसल अवशेष को जलाना क्षोभ मंडल में गैसीय प्रदूषकों जैसे-कार्बनमोनोऑक्साइड, मीथेन, नाइट्रसऑक्साइड और हाइड्रोकार्बन का एक प्रमुख स्रोत है। एक टन भूसे को जलाने से तीन कि.ग्रा. पार्टिकुलेटमैटर (पीएम), 60 कि.ग्रा. कार्बनमोनो ऑक्साइड, 1,460 कि. ग्रा. कार्बनडाइ ऑक्साइड, 199 कि. ग्रा. राख और दो कि.ग्रा. सल्फर डाइऑक्साइड निकलती है। इन गैसों के कारण सामान्य वायु की गुणवत्ता में कमी आ जाती है। उन्होंने बताया कि धान का फसल अवशेष जलाना विशेष रूप से एयरोसोल कणों जैसे मोटेकण (पीएम 10) और महीन कण (पीएम 2.5) का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। विभिन्न अध्ययनों में पाया गया है कि कृषि अवशेष जलाने के कारण निकलने वाले महीन कण आसानी से फेफड़े में प्रवेश कर जाते हैं, जिससे हृदय में परेशानी होती है।

डॉ. शिवांगी ने बताते हुए कहा कि फसल के अवशेष को खेत में आग लगाने से सर्वप्रथम मृदा नमी में कमी एवं मृदा तापमान में बढ़ोतरी होती है, जिससे खेत की उर्वराशक्ति कम होने के साथ-साथ मृदा की भौतिक, रासायनिक एवं जैविक दशा पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि फसलों के अवशेषों को जलाने से होने वाले दुष्परिणामों का मानव स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ रहा है एवं कैसे बचा जा सकता है।

डॉ. पिन्टू कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि किसान साथियों फसल के अवशेषों का प्रयोग अपने आर्थिक समृद्धि के लिए कर सकते हैं। जैसे उससे विभिन्न तरह के उत्पाद बनाए जा सकते हैं एवं फसल के अवशेषों पर मशरूम की गुणवत्ता युक्त खेती की जा सकती है। साथ ही डिकम्पोजर की भूमिका एवं उपयोगिता की जानकारी दी।

डॉ. प्रतिमा वैज्ञानिक कृषि विज्ञान नगीना ने किसानों से अनुरोध किया कि वे अपने खेतों में पराली जलाएं नहीं, बल्कि उनका उपयोग खेती में मल्च तकनीक के रुप में करें।

विद्यालय के प्रधानाचार्य सन्तोष पटेल ने विद्यालय में हो रही गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। साथ ही अपने स्कूल के विद्यार्थियों को फसल अवशेषों के प्रबंधन के प्रति जागरूक रहने को कहा। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भविष्य के पर्यावरण को सुरक्षित बनाए रखने हेतु अपनी फसलों के अवशेष न जलाएं। उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों का धन्यवाद देते हुए विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित करने के लिए आभार व्यक्त किया।

## किसी भी व्यक्ति के साथ भेदभाव या अत्याचार मानवता के सिद्धांतों के खिलाफ: अमित चौहान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** मानव अधिकार दिवस के अवसर पर लक्ष्य कॉलेज के संस्थापक एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मुरादाबाद मंडल के अध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान के पुत्र युवा समाजसेवी अमित चौहान ने मानवता, समानता और नागरिक अधिकारों को लेकर अपने प्रेरक विचार प्रकट किए। उनके विचारों ने युवाओं सहित स्थानीय लोगों को गहराई से प्रभावित किया।



अमित चौहान ने मानव अधिकारों के इतिहास और महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्ष 1948 में घोषित मानव अधिकारों के सार्वभौमिक घोषणा पत्र ने विश्वभर में मानव सम्मान और स्वतंत्रता के सिद्धांतों को नई पहचान दी। उन्होंने कहा कि मानव अधिकार दिवस हमें यह याद दिलाता है कि इंसान की गरिमा और समानता हर समाज की सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने कहा कि मानव अधिकार सिर्फ कानून की धाराएं नहीं, बल्कि हर इंसान की बुनियादी गरिमा का आधार है। अमित चौहान ने बताया कि किसी भी व्यक्ति के साथ भेदभाव अन्याय या अत्याचार मानवता के सिद्धांतों के खिलाफ है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कमजोर, वंचित और जरूरतमंद लोगों की सुरक्षा करना हर नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। युवा पीढ़ी को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आने वाले कल की दिशा युवा तय करेंगे। शिक्षा, स्वास्थ्य, समान अवसर और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता किसी पर उपकार नहीं बल्कि हर व्यक्ति के मूल अधिकार हैं। अमित चौहान ने युवाओं से अपील की कि वे समाज में अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। अमित चौहान ने महिला सुरक्षा, बाल अधिकार, साइबर सुरक्षा और सामाजिक न्याय जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि समाज तभी सुरक्षित बन सकता है, जब हर वर्ग के अधिकारों की रक्षा ईमानदारी और जिम्मेदारी से की जाए। अधिकार तभी जीवित रहते हैं जब लोग उन्हें समझकर सही जगह लागू करें। अमित चौहान ने यह संकल्प दोहराया कि वे शिक्षा युवा मार्गदर्शन, सामाजिक सेवा और मानव अधिकारों के प्रचार-प्रसार से जुड़े कार्यों में लगातार सक्रिय रहेंगे। उन्होंने कहा कि मानव अधिकारों की रक्षा केवल सरकार या संस्थाओं की जिम्मेदारी नहीं बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। लक्ष्य कॉलेज के संस्थापक राजपाल सिंह चौहान के पुत्र होने के नाते अमित चौहान सामाजिक सरोकारों में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं।

## महिला की मौत के मामले में पति पर केस दर्ज

**बढ़ापुर।** थाना अफजलगढ़ के ग्राम नबाबपुर निवासी जसवीर सिंह पुत्र प्रीतम सिंह ने थाने में दर्ज कराए केस में कहा है कि उसकी बहन परमजीत कौर की शादी लगभग 28 वर्ष पहले जोगा सिंह पुत्र संतोष सिंह निवासी ग्राम वीरभानवाला थाना बढ़ापुर के साथ हुई थी।

आरोप है कि शादी के बाद ही जोगा सिंह परमजीत कौर को मान. सिक रूप से उत्पीड़न व परेशान करता था और मारने की धमकी देता रहता था।

सात दिसंबर को घर पर पति-पत्नी अकेले ही थे। आठ दिसंबर को जोगा सिंह ने पत्नी परमजीत कौर के मरने की जानकारी अपने पुत्र गुरसेवक को फोन पर दी। सूचना मिलने पर बेटा और अन्य रिश्तेदार मौके पर पहुंचे। मृतका घर में पड़ी हुई थी और गले पर रस्सी के निशान थे।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले रखा है।

# कुंवर सत्यवीरा का जन्मदिन फाउंडर्स-डे के रूप में मनाया

## छात्र-छात्राओं ने बनाई सुंदर रंगोली, खेल प्रतियोगिताओं से राष्ट्रीय एकता और पर्यावरण को बचाने का संदेश







**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आज कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीन्यरिंग एंड मैनेजमेंट में महान शिक्षाविद, समा. जसेवी, युगपुरुष पूर्व मंत्री (उ.प्र.) स्व. कुंवर सत्यवीरा का 114वां जन्मदिवस फाऊंडर्स डे के रूप में बड़े ही श्रद्धा-भाव से मनाया गया।

मुख्य अतिथि कॉलेज कोषाध्यक्ष व रेडियो सन्देश सचिव श्रीमती स्वाति वीरा, प्रबंध समिति सदस्य प्रवीण गुप्ता एवं संस्था निद. ेशक प्रो. (डॉ.) अमित कुमार बंसल ने स्व. कुंवर सत्यावीरा की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर उनको नमन किया और भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की, निदेशक प्रो. (डॉ.) अमित कुमार बंसल ने बताया कि कुंवर सत्यवीर का जन्म 12 दिसंबर 1911 को राजा ज्वाला प्रसाद और रानी भाग्यवती के घर मेरठ में हुआ था। उन्होंने वीरा चैरिटेबल सोसाइटी धर्मनगरी की स्थापना की। आपने बिजनौर के आसपास के क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के लिए प्राइमरी से लेकर डिग्री कॉलेज व इंजीनियरिंग कॉलेज तक दस उच्च स्तरीय संस्थाओं की स्थापना की जो जनपद की अग्रणी शिक्षण संस्थानों में गिनी जाती है।

मुख्य अतिथि श्रीमती स्वाति वीरा ने कहा कि कुंवर सत्यवीर ने बिजनौर में उस समय शिक्षा की अलख जगाई, जब साधन बहुत कम थे। वह सब बिजनौर वालों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। हमें भी एसे महान जननायक से सीख लेकर जीवन में अपने उदेश्यों को पूरा करना चाहिए। आज उनकी 114 वीं जयंती फाऊंडर्स डे के रूप में मनाई जा रही है। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बहुत ही सुंदर-सुंदर रंगोली एवं अन्य खेल प्रतियोगिताओं द्वारा राष्ट्रीय एकता और पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया है। यह बहुत ही सराहनीय प्रयास है।

फाऊंडर्स डे के उपलक्ष्य में आज कॉलेज में विभिन्न प्रतियोगिताए आयोजित की गई। जिसमें रंगोली प्रतियोगिता में मुस्कान शर्मा प्रथम स्थान, पारी खेरा ने द्वितीय स्थान व मनमीत कौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर पेंटिंग में स्वाति सिंह ने प्रथम स्थान, हर्ष राजपूत ने द्वितीय स्थान व दिशांत राजपूत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

स्ट्रीट पेंटिंग में प्रेरणा अहलावत, सांची, सृष्टि, खुशी राजपूत ने प्रथम स्थान, लविश चौधरी, प्रशंसा, खुशी, सामिया, शकील ने द्वितीय स्थान और नूर फातिमा, जिया, श्रुति, इशिता त्यागी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्रिएटिव मॉडल्स ग्रुप (वेस्ट मटेरिअल) में नूर फातिमा, इशिता त्यागी ने प्रथम स्थान, देवेंद्र कुमार, आदित्य वर्मा, सत्यम ने द्वितीय स्थान, खुशी कुमारी, प्रशंशा, लविश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रस्साकसी में पुरुष वर्ग में एमबीए की टीम विजयी रही व महिला वर्ग में भी एमबीए की टीम विजयी रही। इसी प्रकार मटकी फोड़ प्रतियोगिता में नियाशा तोमर, कनिष्क राठी विजयी रही व उपविजेता सत्यम राजपूत व उमंग चहल रहे।

सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि स्वाति वीरा एवं निदेशक द्वारा पुरुस्कृत किया गया।

इस अवसर पर एक चिकित्सा कैंप का भी आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. साक्षी गोयल द्वारा फिजीओथेरेपी एवं दंत रोग डॉ. मेधावी सिंह द्वारा एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रियंका द्वारा एक कैंप आयोजित किया गया। जिसमें अनेक लोगों ने सलाह प्राप्त की। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु निदेशक डॉ. अमित बंसल ने सभी फैकल्टी एवं छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

इस अवसर पर कार्यक्रम इंचार्ज लोकेश अग्रवाल (स्टूडेंट वेलफेयर) और डीन एकेडमिक मनोज कुशवाहा, अंकित राजन अग्रवाल, डॉ. अजय कुमार, डॉ. शुएब अली खान, गौरव गुप्ता, डॉ. शुभम कुमार, विभोर राजवंशी, उज्जवल कुमार, सर्वजीत सक्सेना, ललित राठी, विमल कश्यप, डॉ. अभिषेक चौधरी, विवेक कुमार, निधि विश्नोई, निकिता, श्वेता गौर, नाइला नईम, शिखा उपाध्याय, सुनील भारद्वाज, एनपीएस भण्डारी आदि समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# 17 दिन से लापता किशोर का तालाब में मिला शव

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**गवॉं।** 17 दिन पहले बारात से लापता हुए दस वर्षीय किशोर का शव एक तालाब से बरामद हुआ है। इससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई जबकि इससे पहले, 29 नवंबर को उसके बड़े भाई 14 अमरपाल सिंह का शव रजपुरा क्षेत्र में गन्ने के खेत से मिला था। दोनों भाई 26 नवंबर को बारात में जाते समय लापता हो गए थे।

गुन्नौर तहसील के धनारी थाना क्षेत्र के भकरौली गांव की है। शुक्रवार शाम करीब 5 बजे कमल सिंह पुत्र रामौतार निवासी मैथरा धर्मपुर, थाना बहजोई का शव तालाब से मिला। कमल और उसका बड़ा भाई अमरपाल 26 नवंबर को धनारी थाना क्षेत्र के मझोला गांव में अपनी ननिहाल से बारात में शामिल होने के लिए निकले थे रास्ते में उनके मौसेरे भाई धर्मवीर निवासी सरैरा, थाना उघैती, बदायूं ने उन्हें बाइक पर बैठाकर बारात में ले जाने के बहाने पिकअप से उतार लिया था। जब दोनों भाई बारात में नहीं पहुंचे, तो परिवार ने उनकी तलाश शुरू की और धानारी पुलिस को सूचना दी। पिता ने बारातियों से मिली जानकारी के आधार पर धर्मवीर के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। 29 नवंबर को थाना रजपुरा क्षेत्र के सिंघौली कल्लू गांव में एक गन्ने के खेत से बड़े भाई अमरपाल सिंह का शव मिला था। शुरुआत में उसकी पहचान नहीं हो पाई थी, लेकिन बाद में उसकी शिनाख्त अमरपाल के रूप में हुई। एएसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा ने बताया कि बरामद शव की पहचान लापता कमल सिंह के रूप में हुई है। शव की स्थिति देखकर लग रहा है कि उसकी हत्या कई दिन पहले की गई थी। पुलिस आरोपी धर्मवीर की तलाश कर रही है। इस मामले में एसओजी, पांच थानों की पुलिस और कुल 10 टीमें लगाई गई हैं आपको बता दें कि आरोपी धर्मवीर कोई मोबाइल नहीं चलाता है, उसका किसी भी अपने साथ के व्यक्ति के साथ संपर्क नहीं है। पुलिस की टीम में उसके संपर्क के लोगों पर निगाह बनाए हुए हैं, जिसकी वजह से वह पुलिस की पकड़ से अभी दूर है।

# विशेष अभियान चलाकर संरक्षित किए जाएं गोवंश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सड़कों और खेतों पर विचरण कर रहे गोवंश को विशेष अभियान चलाकर गौर आश्रय स्थलों में सरक्षण कराया जायेगा। प्रमुख सचिव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग में विशेष सुपुर्दी अभियान चलाने के निर्देश दिए। जबकि आश्रय स्थलों पर डोम सीसीटीवी कैमरों की स्थापना व विकास भवन स्तर पर कन्ट्रोल कमांड सेंटर भी एक माह के भीतर स्थापित किया जायेगा।

प्रमुख सचिव द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग निराश्रित गोवंश संरक्षण को दिए गए निर्देशों के तहत जिले में संचालित गो आश्रय स्थल में संरक्षित गोवंश के भरण पोषण के लिए फंड रिक्वेस्ट प्रत्येक माह की 21 तारीख से अगले माह की 20 तारीख तक ग्राम पंचायत सचिव द्वारा गो आश्रय पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य रहेगा। जबकि खंड विकास अधिकारी पशु चिकित्साधिकारी के संयुक्त हस्ताक्षर सहित मांग पत्र की हार्डकॉपी माह की 30 तारीख तक जनपद स्तरीय कार्यालय में पेश करना ज़रूरी है। इसके अलावा ग्राम पंचायत सचिव गौ आश्रय पोर्टल पर गो आश्रय की इन्वेंट्री प्रतिदिन अपडेट करेंगे। मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत लाभार्थियों को सुपुर्द गोवंश के भरण पोषण को दी जाने वाली धनराशि की फंड रिक्वेस्ट नियमित रूप से प्रत्येक माह की 30 तारीख तक अपलोड की जायेगी। एवं निराश्रित बेसहारा गोवंश जो सड़क एवं खेतों में विचरण कर रहे हैं। उनको विशेष संरक्षण अभियान चलाकर गो आश्रय स्थलों में संरक्षण कराये जाने के निर्देश दिए गए है। साथ ही पोषण मिशन एवं मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत 15 दिसम्बर से 31 दिसम्बर 2025 तक विशेष सुपुर्दगी अभियान संचालित करने के निर्देश दिए।

# दो बाइकों की ज़ोरदार भिड़ंत में दोनों की मौत

**○अस्पताल में किया मृत घोषित परिजनों में मचा कोहराम**

**शाह टाइम्स सुवाददाता**

**बबराला।** दो बाइकों की आपस में ज़ोरदार भिड़ंत हो गयी। हादसे में दोनों बाइक सवार घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस से गुन्नौर अस्पताल लाया गया। चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

शुक्रवार को बाइक सवार अमित पुत्र बलदेव निवासी मौहल्ला सराय गुन्नौर, रामघाट रिश्तेदारी में हुई मौत में शामिल होने जा रहा था। तभी रसूलपुर पेट्रोल पंप के पास सामने से आ रहे बाइक सवार श्याम बाबू पुत्र राजपाल निवासी उस्मानपुर थाना जरीफनगर जिला बदायूँ से भिड़ंत हो गई। जिसमें दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर लाया गया। जहां डाक्टर ने दोनों को देखकर मृत घोषित कर दिया। जब सूचना परिजनों को मिली तो वह अस्पताल पहुंचे।गुन्नौर पुलिस ने बताया कि दोनों बाइक सवारों की पेट्रोल पंप के समीप भिड़ंत हो गयी। जिसमें दोनों की मौत हो गई।





## शादी शुदा अमित के पिता की छह माह पूर्व हुई थी मौत

**बबराला।** दोनों बाइक सवारों की मौत पर परिजन अस्पताल में विलाप कर रहे थे। परिजनों ने बताया कि मृतक बाइक सवार अमित शादीशुदा था।उसका एक बच्चा है। जबकि उसके पिता की मृत्यु अभी 5-6 महीने पूर्व ही मृत्यु हुई है। जबकि दूसरा बाइक सवार श्याम बाबू शादीशुदा है और उसके तीन बच्चे हैं। जिनमे दो बेटा व एक बेटी है।

# कृषक सोलर पम्प का चयन कर बढ़ सकते हैं आगे

**○15 दिसम्बर तक विभागीय पोर्टल पर करें आवेदन**
**○कृषि अवस्थापना निधि के तहत 6 प्रतिशत ब्याज की छूट**
**○सोलर पम्प स्थापित होने पर स्थान परिवर्तन नहीं कर सकेंगे किसान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पी.एम.-कुसुम) योजनान्तर्गत सोलर पम्प की बुकिंग के लिए खुले विभागीय पोर्टल पर 15 दिसम्बर तक बुकिंग कर लाभ लिया जा सकता है।

उप सम्भागीय कृषि प्रसार कार्यालय के सहायक विकास अधिकारी कृषि राजकुमार शर्मा ने बताया कि बुकिंग हेतु कृषकों का पंजीकरण कृषि विभाग के वेबसाइट पर होना अनिवार्य है, जिसके अनुदान पर सोलर पम्प हेतु बुकिंग करें। ऑनलाइन बुकिंग के साथ 5000 रुपए टोकन मनी के रूप में ऑनलाइन जमा करना होगा। पोर्टल पर जनपदवार 02 एच.पी. एवं 03 एच.पी. का लक्ष्य सम्मिलित रूप से प्रदर्शित होगा। कृषक अपनी आवश्यकतानुसार सोलर पम्प का चयन कर आगे बढ़ सकते हैं। 02 एच.पी. हेतु 4 इंच, 03 एच.पी. एवं 05 एच.पी. हेतु 6 इंच तथा 7.5 एवं 10 एच.पी. हेतु 8 इंच की बोरिंग होना अनिवार्य है। किसान की स्वयं की बोरिंग होगी। सत्यापन के समय उपयुक्त बोरिंग न पाये जाने पर टोकन मनी की धनराशि जब्त कर ली जायेगी एवं आवेदन निरस्त हो जायेगा। 22 फीट तक 02 एच.पी. सरफेस पम्प, 50 फीट तक 02 एच.पी. सबमर्सिबल, 150 फीट तक 03 एच.पी. सबमर्सिबल, 200 फीट तक 05 एच.पी. सबमर्सिबल, 300 फीट तक की गहराई पर उपलब्ध जलस्तर हेतु 7.5 एवं 10 एच.पी. सबमर्सिबल सोलर पमप उपयुक्त होते है। बुकिंग के उपरान्त यदि लक्ष्य से कम बुकिंग होने पर कृषकों का चयन स्वत: कंफर्म हो जायेगा, परन्तु लक्ष्य से अधिक बुकिंग होने पर कृषकों का चयन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति के समक्ष ई-लाटरी के माध्यम से किया जायेगा। कृषकों द्वारा की गयी बुकिंग को कंफर्म करने के उपरान्त उसका संदेश उनके पंजीकृत मोबाइल नम्बर पर पहुंच जायेगा। सोलर पम्प पर 60 प्रतिशत का अनुदान देय है तथा 40 प्रतिशत कृषक अंश है। कृषकों की बुकिंग कंर्फम होने के पश्चात निर्धारित अवधि के अन्दर अवशेष कृषक अंश धनराशि का ऑनलाइन टोकन जनरेट कर चालान द्वारा इंडियन बैंक की किसी भी शाखा में अथवा ऑनलाइन जमा करनी होगी, अन्यथा कृषक का चयन स्वत: निरस्त हो जायेगा तथा टोकन मनी जब्त कर ली जायेगी। जनपद में सिंचाई के लिए विद्युत रहित क्षेत्रों में प्रयोग किये जा रहे डीजल पम्प या अन्य सिंचाई साधनों को सोलर पम्प में परिवर्तित किया जा सकेगा। कृषक द्वारा बैंक से लोन लेकर कृषक अंश जमा करने पर कृषि अवस्थपना निधि (ए.आई.एफ.) के अन्तर्गत केन्द्र सरकार द्वारा 3 प्रतिशत एवं राज्य सरकार द्वारा 3 प्रतिशत अर्थात कुल 6 प्रतिशत की ब्याज में छूट देने का प्राविधान है। कृषक सोलर पम्प स्थापित होने के पश्चात स्थल परिवर्तन नही करेंगे, अन्यथा सम्पूण अनुदान की धनराशि कृषक से वसूल कर ली जायेगी।

## मौसम में रही गर्माहट

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** एक दिन पूर्व सीजन के कोहरे के बाद दूसरे दिन मौसम काफी तल्लख रहने की सम्भावनायं क्षीण हो गयी। सुबह से ही निकले सूरज ने अपनी तपिश का अहसास कराना शुरू कर दिया था,जबकि दोपहर को मौसम में काफी गर्माहट रही। घरों से निकले लेग कम ही वस्त्रों में नजर आए।

# मंत्रोच्चार के साथ दीपा सराय में पुलिस चौकी का उद्घाटन

**○मिशन शक्ति के तहत बालिका जुनेरा ने काटा फीता**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** कानून व्यवस्था चाक चौबंद रखने और अपराधियों पर शिकंजा कसने व जनमानस को त्वरित पुलिसिया सहायता को जिले में चल रहे पुलिस चौकियों के निर्माण में एक ओर पुलिस चौकी का पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने हवन पूजन कर उदघाटन किया जबकि मासूम बालिका से फीता काटकर शुभारम्भ कराया गया।

24 नवम्बर 24 को हुई हिंसा के बाद से जिले भर में कानून व्यवस्था चाक चौबंद बनाये रखने और अपराधियों पर त्वरित तथा जनमानस को तत्काल पुलिस सहायता मिलने के लिए जगह-जगह पुलिस चौकियों का निर्माण तीव्र गति से कराया गया है। कई पुलिस चौकियों का विधिवत उदघाटन करने के बाद नगर के मौहल्ला दीपा सराय स्थित अजमल चौक पर पुलिस चौकी की स्थापना की गयी थी। नौ माह 13 दिन पूर्व शुरू हुआ निर्माण कार्य पूरा होने पर शुक्रवार को जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने थाना नखासा क्षेत्रान्तर्गत सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के निवास से चंद कदम की दूरी पर बनी नवीन पुलिस चौकी का विधि विधान से मंत्रोच्चारण एवं पूजा अर्चना करते कर मिशन शक्ति 5.0 के तहत मौहल्ला दीपा सराय की बालिका कु. जुनेरा एवं जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने फीता काटकर किया।इस दौरान एसपी के के विशनोई ने कहा कि नवीन पुलिस चौकी पर कार्य प्रारम्भ होने से लोगों को किसी भी समय पुलिस सहायता मिल सकेगी। जबकि इससे कानून व्यवस्था भी और सुदृढ़ बनाने में सहयोग मिलेगा। उन्होने लोगों से पुलिस का सहयोग करने का आहवान किया। डीएम डा. राजेन्द्र पैंसिया ने कहा कि नई पुलिस चौकी की स्थापना से कानून व्यवस्था की स्थिति ओर मजबूत होगी। इस मौक पर अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह, उप जिलाधिकारी सम्भल रामानुज, क्षेत्राधिकारी असमोली कुलदीप कुमार व भाकियू नेता हाजी फैसल, समाज सेवी व हसीना बेगम हॉस्पिटल के स्वामी कासिम सेठ के अलावा अन्य नामचीन हस्तियॉ मौजूद रहीं।



सम्भल- दीपा सराय में फीता काटकर पुलिस चौकी का उदघाटन करती बालिका जुनैरा

## अज्ञात वाहन की टक्कर में एक की मौत दूसरा घायल

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** बाइक सवारों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को गुन्नौर अस्पताल लाया गया। चिकित्सक ने एक को मृत घोषित कर दिया।

शुक्रवार को मेरठ बदायूं राष्टीय राजमार्ग पर गांव सैजना मुस्लिम पर बाइक सवार सुभाष पुत्र नत्थू निवासी रसूलपुर थाना गुन्नौर अपने गांव रसूलपुर से अपने साले ललतेश पुत्र रामौतार निवासी असोली थाना बिल्सी जनपद बदायूँ को उसके गांव असोली छोड़ने जा रहा था। उनको गांव सैजना मुस्लिम पर एक अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर मार दी। जिससे दोनों लोग हुए घायल हो गये। 108 एम्बुलेंस से गंभीर रूप से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर लेकर आए। जहां चिकित्सक ने ललतेश को मृत घोषित कर दिया। जबकि सुभाष को अलीगढ़ मेडिकल रैफर कर दिया। पुलिस ने परिजनों को बुलाकर शव को पीएम के लिए भेजा है। परिजनों ने बताया कि ललतेश की 2 वर्ष पहले शादी हुई थी। वह दो भाई थे। जिसमे बड़ा ललतेश था। छोटा भाई 10 वर्ष का है। घर की जिम्मेदारी ललतेश पर ही थी।

# बिजली बिल योजना का उपभोक्ता ले रहे हैं लाभ

**○31 दिसम्बर तक चलेगा यह चरण**
**○80 प्रतिशत बकाएदार योजना के लाभ से अभी भी वंचित**
**○15 प्रतिशत ले चुके हैं लाभ**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गवॉं।** बिजली बिल राहत योजना का लाभ लेने के लिए बकाएदार उपभोक्ता बिजली घर पहुंच रहे हैं और जानकारी जुटा रहे हैं। पिछले कई दिनों से सैकड़ों उपभोक्ताओं ने पंजीकरण करा लिया ओर लगभग दस से पन्द्रह प्रतिशत लोगो ने चल रही योजना का लाभ लिया हैं जबकि लगभग 80 प्रतिशत बकाएदार उपभोक्ता योजना के लाभ से वंचित हैं। गवां विद्युत उपकेंद्र पर करीब ढाई करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होगा। शहरी क्षेत्र में 343 कंज्यूमर एवं ग्रामीण क्षेत्र में 3621 कंज्यूमर उपलब्ध है जिसमें 10 से 15प्रतिशत लोग बिल जमा कर चुके हैं सरकार द्वारा बकाएदार उपभोक्ताओं के लिए बिजली बिल राहत योजना लागू की है। इस योजना के तहत एक से दो किलोवाट तक के बकाएदार उपभोक्ताओं को अधिभार में 100 प्रतिशत व मूल राशि में 25 प्रतिशत छूट का लाभ दिया जा रहा है। प्रथम चरण में एक दिसंबर से योजना का लाभ दिया जा रहा है। ये चरण 31 दिसंबर तक चलेगा।

बिजली विभाग में चल रही स्कीम पर लोग लाभ लेने से चूक रहे हैं। ऐसा अवसर बार-बार नहीं मिलता जबकि विद्युत विभाग की गाइडलाइन के आदेश अनुसार इस योजना का लाभ 1 दिसंबर से 31 दिसंबर तक चलेगा उपभोक्ता अपना पंजीकरण करा कर जल्द से जल्द स्कीम का लाभ लें।

**महेन्द्र सिंह**
अवर अभियंता
विद्युत उपकेन्द्र गवॉं

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-शंकर कॉलेज में प्रवेश परीक्षा का प्रशिक्षण लेते कक्ष निरीक्षक।

## प्रवेश परीक्षा के केन्द्र व कक्ष निरीक्षक किए प्रशिक्षित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा की तैयारियों को अन्तिम रूप दे दिया गया है। कल आज होने वाली परीक्षा नकल विहीन सम्पन्न कराने को कक्ष निरीक्षकों और केन्द्र व्यवस्थापकों को प्रशिक्षित किया गया।

जनपद के नवोदय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा का आयोजन कल आज किया जाना है। प्रवेश परीक्षा को जिले के कई स्कूलों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। शनिवार को आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा से पूर्व शंकर भूषण शरण जनता इंटर कॉलेज सम्भल में केंद्र व्यवस्थापक द्वारा सभी कक्ष निरीक्षकों को परीक्षा पूरी तरह नकल विहीन और पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराने और परीक्षा के दौरान किये जाने वाले नियमों के पालन आदि का प्रशिक्षण दिया गया।



सम्भल- एमजीएम पीजी कॉलेज में पोस्टर प्रशिक्षण देती शिक्षिकाएं।

## पोस्टर निर्माण का छात्र-छात्राओं को दिया प्रशिक्षण

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** मिशन शक्ति अभियान फेस 5 के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को पोस्टर निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया। एमजीएम पीजी कॉलेज में आयोजित पोस्टर निर्माण का विषय महिला सशक्तिकरण पर रहा। प्रशिक्षण में 25 छात्राएं और 1 छात्र उपस्थित रहा। जबकि मिशन शक्ति प्रभारी डा. रितु भटनागर के साथ उर्दू विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डा. हुमा फातिमा भी उपस्थित रहीं। प्राचार्य प्रोफेसर डा. योगेंद्र सिंह ने छात्र छात्राओं को प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# समय से निमार्ण कार्य पूरा कराना सुनिश्चित करे लोनिवि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** निर्माण कार्यों को लेकर बैठक में जिला विकास अधिकारी ने समीक्षा की। बैठक में लोक निर्माण विभाग के तहत किऐ जाने वाले निमार्ण कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन और जिला विकास अधिकारी राम आशीष की अध्यक्षता में में कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार ने विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आयुष विभाग के अन्तर्गत 50 शय्या एकीकृत आयुष चिकित्सालय, राजकीय इंटर कॉलेज शाहपुर डसर, लसकारिया, नगर विकास तथा नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन के अन्तर्गत बबराला में वाटर सप्लाई जल निगम शहरी, ग्राहक गैस संरक्षण केंद्र रोड सेफ्टी के अंतर्गत सड़के, सुरक्षात्मक का कार्य एवं ऊंचे तटबंध वाले भागों में क्रैश बैरियर एवं अन्य सुरक्षात्मक कार्य लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत जिला विकास अधिकारी ने लोक निर्माण विभाग को ससमय लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत किये जाने वाले कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जबकि इसके अंतर्गत अन्य निर्माण कार्यों को लेकर भी चर्चा करते हुए सम्बंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## सर्वाधिक शिकायत करने वाले किए जाएं चिन्हित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** आईजीआरएस की समीक्षा बैठक में डिफाल्टर संदर्भ पर चर्चा में संबंधित को कोई भी डिफाल्टर संदर्भ पोर्टल पर न रहने के निर्देश दिए।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित सन्दर्भो पर चर्चा की गयी तथा लंबित सन्दर्भो को समय से पूरा करने के निर्देश दिए। जबकि संतोषजनक एवं असंतोषजनक फीडबैक को लेकर की गई चर्चा में अच्छी रैंक आने के लिए संतोषजनक फीडबैक को बढाने के निर्देश दिए। इसके अलावा शिकायतकर्ताओं से वार्ता करने तथा गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर निर्देशित किया। जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने जिन अधिकारियों की असंतोषजनक अधिक शिकायत हैं उनका स्पष्टीकरण जारी कर सर्वाधिक शिकायतें करने वाले शिकायत कर्ताओं को चिन्हित करने के निर्देश दिए।

# भट्टे पर बिना विनियमन शुल्क जमा किए मशीनों से किया जा रहा था कार्य

**○खनन निरीक्षक व क्षेत्रीय अधिकारी के छापे में जेसीबी व मशीने की बरामद**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल/असमोली।** ईंट भटटे पर साधारण मिटटी का अवैध परिवहन किया जा रहा था। अचानक मारे गए छापे में खनन निरीक्षक ने ट्रैक्टर-ट्राली और जेसीबी व गारा बनाने वाली मशीन को पकड़ कर थाना पुलिस के सुपुद कर दिया।

शुक्रवार को खनन निरीक्षक शिवम कुमार ने असमोली थाना क्षेत्र के ग्राम शाहपुर डसर में खनन निरीक्षक शिवम कुमार एवं क्षेत्रीय अधिकारी बरेली ने संयुक्त रूप से छापा मारा। छापे के दौरान साधारण मिटटी का अवैधा परिवहन करते हुए चार ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ कर मढ़न पुलिस चौकी थाना असमोली में सुपुर्द किया गया जबकि ग्राम एहरोला माफी में मिटटी का अवैध खनन करते हुए एक जेसीबी और गारा बनाने वाली मशीन को पकड़ा। दोनो मशीनों से बिना विनियमन शुल्क जमा किए हुए एक ईंट भटटे में मिटटी का खनन कर ईट पलोथन का कार्य किया जा रहा था। खनन निरीक्षक द्वारा जेसीबी को पकड़ कर थाना असमोली पुलिस की सुपुर्द किया गया। खनन निरीक्षक ने बताया कि शासन की प्राथमिकता पूरे प्रदेश में अवैधखनन व परिवहन न होने देना है। उन्होने किसी भी प्रकार का अवैध खनन व परिवहन बर्दाशत नहीं करने की भी चेतावनी दी।



सम्भल- भट्टे पर बिना विनियमन शुल्क के मिट्टी कार्य करती बरामद जेसीबी



बबराला- रामा कान्वेंट स्कूल के खेल दिवस पर ऊंची कूद में प्रतिभाग करता छात्र।

## शिक्षा के साथ खेल भी ज़रूरी: डा. सुधा

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** नगर के रामा कान्वेंट स्कूल में तीन दिवसीय एनुअल एथलेटिक्स मीट खेल के दूसरे दिन लंबी कूद, ऊँची कूद का आयोजन हुआ।

प्रधानाचार्य डा. सुधा गौतम ने कहा कि बच्चों का खेल से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। बच्चों को पढ़ाई के साथ खेल भी जरूरी है। खेल से बच्चों की प्रतिभा निकलकर सामने आती है। वह अच्छा प्रदर्शन करते हुए आगे बढ़ते हैं। विद्यालय से जिला स्तर फिर राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचते हैं। इस दौरान प्रधानाचार्य डा. सुधा गौतम,स्पोर्ट टीचर अशोक, फसीह उर रहमान, प्रशांत कुमार, पम्मी कुमार, दिनेश कुमार, विष्णु ,सुनील कुमार एवं रामा कान्वेंट स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# मेहनत और निरंतरता पर फोकस से हासिल किया जा सकता है कोई भी लक्ष्य

**○यूनिर्वसल हैल्थ-डे पर पोस्टर में विजयी बच्चे सम्मानित**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** यूनिवर्सल हेल्थ डे पर हमारे नन्हे-मुन्ने बच्चों ने स्वास्थ्य के महत्व को दर्शाते हुए बेहद खूबसूरत पोस्टर बनाए। जहॉ उनके रंगों में जागरूकता थी तो वहीं एक स्वस्थ भविष्य का सपना भी।

अयाज फाउंडेशन एंड चैरिटेबल के तत्वावधान में ट्रस्ट अस्थि रोग विशेषज्ञ डा. शारिक की ओर से पोस्टर मेकिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 100 से अधिक बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मर्चेंट नेवी अधिकारी रेहान अशरफ ने बच्चों को आगे बढ़ने के मंत्र दिए और एक अच्छा इंसान बनने की प्रेरणा दी। डा. अलवीरा शारिक ने कहा कि हमें नारी शिक्षा पर विशेष रूप से कार्य करना चाहिए। डा. शारिक ने बताया कि मेहनत, निरंतरता और फोकस से जीवन में कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने यूनिवर्सल हेल्थ डे पर यह संदेश दिया कि स्वास्थ्य सबका अधिकार है। चाहे वह किसी भी धर्म का और अमीर हो या गरीब। इसी उद्देश्य से वे पिछले 6 वर्षों से सम्भल में अयाज क्लीनिक पर हर शुक्रवार को फ्री ओपीडी कर रहे हैं। जिसमें 100-150 मरीजों का नि:शुल्क उपचार किया जाता है। मुहम्मद अयाज ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों के मनोबल को बढ़ाते हैं और आगे भी ऐसे आयोजन जारी रहेंगे। इस दौरान प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वालों में उन्जिला अकरम प्रथम, कायनात तबिंदा दूसरा ओर तीसरे स्थान पर रहे तीसरी कक्षा के मुहम्मद फाहम ने बेहद सुंदर पेंटिंग बनाकर स्वास्थ्य की वैश्विक आवश्यकता को प्रदर्शित किया। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। जबकि 3 कंसोलेशन प्राइज भी दिए गए।मुहम्मद अहमद (अंग्रेजी शिक्षक) ने कहा कि सम्भल के बच्चों को आगे बढ़ने की आवश्यकता है। शारिक जिलानी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम सम्भल में लगातार होने चाहिए। फहीम कायनात ने कहा कि बच्चों को आगे बढ़ाने में माता-पिता की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। कार्यक्रम में शाह फहद, फरजंद वारसी, उमेद वकील, आगोश-ए-आजम, मुहम्मद अतहर, पाकीजा अनवर आदि उपस्थित रहे।



सम्भल- बेहतर स्वास्थ्य को पोस्टर प्रतियोगिता में विजयी बालिका को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते डा. शारिक

## सम्बंध-विच्छेद

मैने अपने पुत्र नसीम अफीम व चरस का नशा करता है और बुरी संगत में पड़ चुका है। मेरा पुत्र नसीम व उसकी पत्नी अफसा मुझसे मेरा 150 वर्ग के मकान को अपने नाम करने का दबाव दे रहे है। मेरे मना करने पर वह दोनो मेरे साथ दुर्व्यवहार करते हैं ओर जान से मारने की कई बार कोशिश की है। इसलिए मैने अपने पुत्र नसीम को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया और अपने सम्बंध विच्छेद कर लिए है। अब नसीम और अफसा अपने कृत्य के स्वयं जिम्मेदार होंगे। मैं व मेरे परिवार से कोई सम्बंध नहीं होगा।

**खुशनुमा पत्नी अफसर अली**
नि. गांव मण्डी थाना व तह. सम्भल।

खबरे छुपाता नही, छापता है।
शाह टाइम्स
Mob. 9837240139
नगर पालिका गेट के ऊपर
तहसील रोड सम्भल

# शादी हॉल में हुई जमकर मारपीट, वीडियो सोशल मीडिया पर हो रहा वायरल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद।शहर के कोतवाली क्षेत्र स्थित फील खाने के पास बिस्मिल्लाह शादी हॉल में शादी समारोह के दौरान अचानक हड़कंप मच गया, जब कुछ दबंग किस्म के लोग हॉल में घुसकर मारपीट करने लगे और जमकर कुर्सियां चली। बताया जा रहा है कि मारपीट करने वाले सभी युवक थाना नागफनी क्षेत्र के तहसील स्कूल चौकी निहारियों मोहल्ले के रहने वाले हैं। घटना के बाद शादी समारोह में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हॉल में पहले किसी बात को लेकर कहा. सुनी हुई, जिसके बाद मामला अचानक इतना बढ़ गया कि दबंगों ने कुर्सियों व स्टेज के सामान से एक-दूसरे पर हमला करना शुरू कर दिया। मारपीट में एक दर्जन से अधिक लोग शामिल दिख रहे हैं। घटना का पूरा वीडियो वहां मौजूद लोगों ने मोबाइल में कैद कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जो तेजी से चर्चा का विषय बना हुआ है। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि दोनों पक्ष एक-दूसरे पर कुर्सियों से वार करते दिखाई दे रहे हैं, जिससे हॉल में मौजूद मेहमानों में अफरा तफरी मच गई।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुके थे।

कोतवाली पुलिस ने वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वीडियो फुटेज और हॉल में मौजूद लोगों से पूछताछ के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। फिलहाल मारपीट किस वजह से हुई यह स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## पूर्व जिला पंचायत सदस्य के निधन से शोक का माहौल

**कांठ( शाह टाइम्स )** पूर्व जिला पंचायत सदस्य के निधन से नगर में शोक छा गया दोपहर को स्थानीय श्मशान में उनका अंतिम संस्कार किया गया है नगर निवासी नरपत सिंह सैनी राजनीति में एक अलग मुकाम रखते थे।

एक बार वह जिला पंचायत सदस्य भी चुने गए। इसके बाद उन्होंने अन्य भी कई चुनाव लड़े हर चुनाव में उन्होंने हमेशा सकारात्मक भूमिका अदा की वह कुछ समय से अस्वस्थ थे लेकिन कल अचानक उनका निधन हो गया। निधन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में सैनी समाज सहित अन्य लोग उनके आवास पर पहुंचे और अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की दोपहर को स्थानीय शमसान में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनकी शब यात्रा में नगर एवं आसपास के काफी लोग शामिल हुए।

# हार्ट अटैक से 25 वर्षीय प्रवक्ता की हुई मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगलिया जट में बृहस्पतिवार की रात पच्चीस वर्षीय उवैस अली के सीने में अचानक तेज दर्द उठा और बेहोश हो गये। उन्हें तत्काल निजी चिकित्सालय ले जाया गया वहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। वह रामपुर में रजा राजकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय में दो साल से प्रवक्ता के तौर पर कार्यरत थे। जिनकी जल्दी ही नियुक्ति स्थाई होने वाली थी। उनके आकस्मिक निधन की सूचना पर पूरे गांव व आसपास में शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में लोग उनके घर संवेदना व्यक्त करने पहुंचे हर किसी की जुबान पर अफसोस था। इधर महाविद्यालय में भी शोक की लहर दौड़ गई शोक सभा के उपरांत कॉलेज में अवकाश कर दिया गया। वहां से शिक्षक और छात्र छात्राओं भी उनके घर पहुंच कर दुख व्यक्त किया। उवैस ने उर्दू में एम ए पास करने के उपरांत उर्दू विषय पर पीएचडी की उसके उपरांत बीटीसी और नेट की परीक्षा भी पास कर ली थी। पांच बहन भाइयों में तीसरे नंबर के थे एक भाई जाने आलम नोएडा में दूसरा भाई शहंशाह आलम बिजनौर में रोडवेज में परिचालक है जबकि तीसरे भाई रिजवान अली ने धामपुर से एमएससी कृषि से पास की है। पिता मोहम्मद सादिल, मां नसीम जहां और छोटी बहन नेहा 17 साल की है।

## एक नजर

### ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन राज्यमंत्री गुलाब देवी को सौंपा



**चन्दौसी।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र नाथ सिंह के निर्देशन में मंडल अध्यक्ष अरुण गोस्वामी, जिला अध्यक्ष मनीष शर्मा के नेतृत्व में पत्रकारों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन संभल जिले में विधानसभा चंदौसी की विधायक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग की राज्य मंत्री गुलाब देवी को ज्ञापन सौंपा गया । ज्ञापन में पत्रकारों के लिए सुविधाएं बढ़ाने की मांग की। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री के नाम यह ज्ञापन ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत पत्रकारों की समस्याओं और अधिकारों को लेकर दिया गया। पत्रकारों ने बताया कि वे संसाधनों की कमी, असुरक्षा और प्रशासनिक उपेक्षा के कारण लगातार चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष मनीष शर्मा ने जानकारी दी कि प्रदेश सरकार ने पत्रकारों की सुरक्षा, मान्यता और प्रशास. निक सहयोग के संबंध में कई महत्वपूर्ण आदेश जारी किए हैं। हालांकि, इन आदेशों का जमीनी स्तर पर पालन नहीं हो रहा है, जिससे ग्रामीण पत्रकारों को न केवल समाचार संकलन में बाधाएं आती हैं, बल्कि उन्हें अनावश्यक उत्पीड़न का भी सामना करनापड़ता है। ज्ञापन में प्रमुख रूप से कई मांगें उठाई गई हैं। इनमें पत्रकारों की सुरक्षा से जुड़े शासनादेशों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करना, मान्यता प्रक्रिया को सरल बनाना, समाचार संकलन के दौरान होने वाली घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई करना और जिला स्तर पर पत्रकारों के लिए सुरक्षित कार्य वातावरण प्रदान करना शामिल है। इसके अतिरिक्त, राज्य स्तरीय समितियों और बैठकों में ग्रामीण पत्रकारों को उचित प्रतिनिधित्व देने की भी मांग की गई है।ज्ञापन सौंपते समय संगठन के कई पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे, अरुण गोस्वामी मंडल अध्यक्ष, आलोक शर्मा , महेश राघव ,नवल किशोर गुप्ता मनीष शर्मा उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आया साइकिल सवार बुजुर्ग, हालत गंभीर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** शुक्रवार दोपहर कुंदरकी थाना क्षेत्र के गांव मोहनपुर में एक सड़क हादसा हो गया, जिसमें साइकिल से जा रहे बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार गांव अब्दुल्लापुर निवासी 75 वर्षीय कय्यूम पुत्र भोलू मोहनपुर में डीजल लेने जा रहे थे। मार्ग पर पहुंचते ही पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही कय्यूम सड़क पर दूर जा गिर पड़े, जबकि उनकी साइकिल उछलकर सड़क की दूसरी ओर पहुंच गई। हादसा देख आसपास के लोग मौके पर दौड़े और उन्हें तुरंत कुंदरकी अस्पताल पहुंचाया।

डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति गंभीर होने पर तत्काल जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि ट्रक तेज गति में था और टक्कर मारने के बाद चालक मौके से फरार हो गया।

# रिजर्व पुलिस लाइंस में आयोजित हुई समीक्षा बैठक डीआईजी और एसएसपी ने दिए आवश्यक दिशा- निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन्स सभागार में महिला सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता डीआईजी मुनिराज ने की, जबकि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, सभी राजपत्रित अधिकारी, जनपद के सभी थाना प्रभारी तथा मिशन शक्ति केंद्रों के प्रभारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान मिशन शक्ति केन्द्रों में संचालित रजिस्टरों के सुव्यवस्थित रख-रखाव पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक केंद्र पर दर्ज होने वाली शिकायतों का रिकॉर्ड स्पष्ट, अद्यतन एवं व्यवस्थित होना चाहिए, ताकि किसी भी मामले की मॉनिटरिंग और आगे की कार्रवाई में देरी न हो।डीआईजी मुनिराज ने महिला अपराधों के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति दोहराते हुए कहा कि ऐसे मामलों में संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध कठोर निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि थानों में महिला शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया समयबद्ध हो और पीड़िताओं को त्वरित सहायता प्रदान की जाए।बैठक में यह भी तय किया गया कि विभिन्न महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 112 तथा चाइल्डलाइन 1098 के बारे में जनजागरूकता अभियान को और तेज किया जाए। पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों, स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएं।एसएसपी सतपाल अंतिल ने कहा कि मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना और उन्हें हर स्तर पर सक्षम बनाना है। उन्होंने अधिकारियों से सुनिश्चित करने को कहा कि किसी भी महिला संबंधित शिकायत पर त्वरित, प्रभावी और पारदर्शी कार्यवाही हो।बैठक के अंत में महिला सुरक्षा के लिए भविष्य की रणनीतियों पर भी विचार-विमर्श किया गया और सभी थानों को निर्देश दिया गया कि मिशन शक्ति की गतिविधियों की नियमित समीक्षा की जाए।

## भारतीय सोशलिस्ट मंच के वार्षिक सदभावना सम्मेलन की तैयारी



**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** मंगलवार को मंसूर उर रहमान साहब के निवास मौहल्ला गोकुलदास, मुरादाबाद पर भारतीय सोशलिस्ट मंच के वार्षिक सदभावना सम्मेलन आयोजित करने के बारे में चर्चा हुई। इस बैठक में भारतीय सोशलिस्ट मंच के संयोजक आदित्य कुमार एडवोकेट, मंसूर उर रहमान साहब, चंद्र सैन जी और शाहिद हुसैन एडवोकेट मौजूद रहे और सबने अपने अपने विचार प्रस्तुत किये।

## बिलारी चीनी मिल ने किसानों को दिया दो दिसम्बर तक का भुगतान

**बिलारी।** लक्ष्मी जी शुगर मिल राजा का सहसपुर बिलारी ने अपने भुगतान की स्थिति को एकदम सुधार दिया है, जिसके अंतर्गत दो दिसंबर तक खरीदे गए 13 लाख 69000 कुंतल गन्ने का भुगतान 13 करोड़ 73 लाख किसानों के खाते में भेज दिया है।

चीनी मिल के उपाध्यक्ष सुभाष खोखर ने बताया कि कृषक बंधु औने पौने दामों में इधर-उधर अपना गन्ना नहीं बेचें बल्कि चीनी मिल को ही आपूर्ति कर अपना बेसिक कोटा बढ़ाएं। इधर महाप्रबंधक गन्ना गिरीश कुमार ने कहा कि कृषक बंधु समय सारणी के अनुसार ही गन्ने की आपूर्ति करें और चीनी मिल को साफ सुथरा और ताजा गन्ना ही आपूर्ति करें। चीनी मिल के इस प्रयास से किसानों में खुशी है।

# जाट महिला महासभा ने अभिनेता धर्मेंद्र को अर्पित की श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शुक्रवार को उत्तर प्रदेश जाट महिला महासभा की ओर से फिल्म जगत के दिग्गज और सदाबहार अभिनेता धर्मेंद्र को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

जाट महिला महासभा की प्रदेश अध्यक्ष अंजू लोचब ने दिवंगत अभिनेता की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि धर्मेंद्र जी न केवल भारतीय सिनेमा के महान कलाकार थे, बल्कि जाट समाज की आन-बान-शान भी रहे हैं।अंजू लोचब ने कहा कि एक साधारण किसान परिवार से निकलकर धर्मेंद्र जी ने मुंबई फिल्म इंडस्ट्री में जो मुकाम हासिल किया, वह संघर्ष, मेहनत और प्रतिभा की मिसाल है। उनका सरल स्वभाव, मित्रवत व्यवहार और अपनी जड़ों से जुड़े रहने का गुण उन्हें आम जनमानस के और करीब लाता था। उन्होंने फिल्म जगत में एक्शन, रोमांस और देशभक्ति जैसी हर विधा में अमिट छाप छोड़ी और बड़े पर्दे पर उनका आगमन हमेशा दर्शकों के लिए उत्साह का पल होता था।महासभा सदस्यों ने कहा कि धर्मेंद्र जी का जीवनचरित्र आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का मजबूत स्तंभ रहेगा। उन्होंने 'मेन ऑफ मासेस' की जो उपाधि प्राप्त की, वह उनकी लोक. प्रियता और जनसरोकार को दर्शाती है। कार्यक्रम में यह भी कहा गया कि जाट समाज सदैव उनके योगदान और व्यक्तित्व पर गर्व करता रहेगा।श्रद्धांजलि कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष रीना सिरोही, महासचिव रूपा सिंह, बबीता चौधरी, उषा चौधरी, डॉ. सारिका, डॉ. रिचा, डॉ. सच्ची, पूनम, नेहा प्रमोद, आंचल, अनीता, ममता, पारुल सहित कई सदस्य उपस्थित रहीं और सभी ने मिलकर दिवंगत अभिनेता को नमन किया।

# ओवरलोड वाहनों व ई-रिक्शाओं से लगा घण्टों लंबा जाम, राहगीर हुए परेशान

■ नगरवासी जाम की समस्या से बेहाल, कई घंटे फंसे रहे ग्रामीण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** स्योहारा व रतुपुरा मार्ग पर शुक्रवार को ओवरलोड वाहनों और बे-तरतीब चल रहे ई-रिक्शाओं के कारण भयंकर जाम लग गया। जाम की स्थिति इतनी भीषण रही कि साइकिल, बाइक सवार ही नहीं, बल्कि पैदल यात्रियों तक को निकलने में भारी मशक्कत करनी पड़ी। तिकोनिया पार्क से लेकर रतुपुरा मोड़ तक कई घंटे तक जाम लगा रहा। वहीं कदीर तिराहा, कमला. पुरी चौराहा, रामपाल द्वारा से लेकर रतुपुरा मोड़ तक पुलिसकर्मियों को जाम खुलवाने में पसीने छूट गए। जाम के दौरान ई-रिक्शा चालकों ने सड़क किनारे दोनों ओर वाहनों को खड़ा कर स्थिति को और गंभीर कर दिया। सड़क पर जगह-जगह खड़े ई-रिक्शा के कारण पैदल चलना भी मुश्किल हो गया ओवरलोड ट्रैक्टर व डंपर बने वजह मार्ग पर ओवरलोड ट्रैक्टरों व डंपरों की आवाजाही से जाम और बढ़ गया।

बाहरी मार्ग से आने वाले वाहन चालक कई घंटे तक फंसे रहे। जाम हटाने को लेकर बाइक सवारों व कार चालकों की ई-रिक्शा चालकों से नोकझोंक भी हो गई। सूचना पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद जाम को खुलवाया। कुछ वाहनों को कमला. पुरी मार्ग से डायवर्ट कर निकाला गया, जिसके बाद स्थिति सामान्य हो सकी। जाम खुलने के बाद यात्रियों ने राहत की सांस ली, लेकिन नगरवा. सियों का कहना है कि रोजाना लगने वाले जाम से उन्हें अब भी निजात नहीं मिल पा रही है।

## अज्ञात चोर बस से बैटरे चोरी कर फरार, नहीं हुई रिपोर्ट दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** नगर क्षेत्र मे लगातार हो रही चोरी की वारदातें कम होने का नाम नही ले रही हैं। ताजा मामला रतुपूरा रोड का है जहां सड़क किनारे खड़ी हुई बस से अज्ञात चोर दो बैटरी एक लोहे की रॉड व दो स्पीकर चुरा ले गए। बस स्वामी व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मुशाहिद चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी बस रजि नंबर यूपी 20 ए.टी 7130 ठाकुरद्वारा - स्योहारा मार्ग पर चलती है।मंगलवार की शाम लगभग 6.40 बजे के नंबर के बाद बस का स्टाफ गाड़ी को रतुपूरा मार्ग पर सड़क किनारे खड़ी करके चला गया,इस दौरान मौका पाकर अज्ञात चोरों ने बस मे चोरी की वारदात को अंजाम दे डाला । बस स्टाफ के मुता. बिक बस के बराबर मे एक ट्रक आकर खड़ा हुआ था जिसकी आड़ का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने वारदात को अंजाम दिया है।बता दें कि इससे पूर्व एक अखबार के दफ्तर पर भी ट्रक लगाकर दो बैटरी चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था,हालांकि ताजा चोरी का मामला जुड़ने के बाद नगर मे एक सप्ताह के भीतर हुई चोरी की चारों वारदातों मे पुलिस के हाथ खाली हैं।

## गोशालाओं में जाकर गो सेवा करने का क्षेत्र के लोगों से आह्वान



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** गौ सेवा गतिविधि के जिला संयोजक एवं समाजसेवी प्रकांड पंडित विकास शर्मा ने क्षेत्र के लोगों से नजदीकी गौशालाओं में जाकर उनकी सेवा किए जाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि गो सेवा करने का बहुत बड़ा महत्व होता है इसलिए जिन लोगों के पास गाय नहीं है उन्हें गोशालाओं में जाकर गायो की सेवा करनी चाहिए। वह आज सादकपुर खिचड़ी गौशाला पहुंचे और गौ सेवा कर दूसरे लोगों से भी इस कार्य को किए जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गौशाला में गोवंश की जरूरत के मुताबिक जो मांग अधिकारियों से की जाती है।

अधिकारी आश्वासन तो देते हैं लेकिन उन पर अमल नहीं हो पाता लेकिन उनकी मांग पर छजलैट वीडियो द्वारा बीमार गर्भवती और छोटे गोवंश के लिए अलग से व्यवस्था करा दी गई है उनकी टीम ने गर्भवती गायों के लिए 6 गद्दे भी उपलब्ध कराए हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों को टीम बनाकर गौशाला में जाकर अपनी समर्थ के अनुसार सहयोग करते हुए गो सेवा कर धर्म लाभ उठाना चाहिए। इस मौके पर विकास शर्मा अनिल कुमार विश्नोई विशाल कुमार विनीत चौहान मदन बिश्नोई डॉक्टर कमल आर्य आदि मौजूद रहे।

# सिद्धि भवन में आयोजित लैंप लाइटिंग सेरेमनी में ली फ्लोरेंस नाइटिंगेल की शपथ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मिलिट्री नर्सिंग सर्विस की सेवानिवृत ब्रिगेडियर डॉ. अमिता देवरणी ने नर्सिंग स्टुडेंट्स से कहा, नर्सें असली योद्धा होती हैं। कठिन परिस्थितियों, युद्ध क्षेत्र, प्राकृतिक आपदाओं या व्यस्त अस्पतालों में नर्सें ही सबसे पहले और अंतिम समय तक रोगी के साथ रहती हैं। नर्सिंग पेशा सम्मान, साहस और सेवा से भरा हुआ है। उन्होंने नर्सिंग स्टुडेंट्स से हर परिस्थिति में अनुशासन बनाए रखने, रोगी के दर्द को समझने, टीमवर्क की क्षमता विकसित करने, तनावपूर्ण स्थितियों में निर्णय लेने की कला सीखने और पेशेवर नैतिकता को कभी न छोड़ने की सलाह दी। डॉ. अमिता ने कहा, आज आप जो दीप अपने हाथों में थामे हुए हैं, वे सिर्फ रोशनी नहीं, बल्कि आपके भीतर की सेवा-भावना का प्रतीक है। इस प्रकाश को कभी मंद न होने दें। डॉ. देवरणी तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के तीर्थंकर पार्श्वनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग- टीपीसीओएन, अमरोहा की ऑथ सेरेमनी में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थीं। इससे पूर्व ब्रिगेडियर डॉ. अमिता ने बतौर मुख्य अतिथि, आरएके नर्सिंग कॉलेज, दिल्ली की पूर्व प्राचार्य प्रो. हरिंदर गोयल ने बतौर विशिष्ट अतिथि, टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन, निदेशक गवर्नेंस डॉ. नीलिमा जैन, सीटीएलडी के डायरेक्टर प्रो. पंकज कुमार सिंह आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके रिद्धि-सिद्धि भवन में ऑथ सेरेमनी का शंखनाद किया। दूसरी ओर नर्सिंग स्टुडेंट्स ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से अतिथियों का मन मोह लिया। इस मौके पर नर्सिंग कॉलेज की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, टीपीसीओएन की प्राचार्या प्रो. श्योली सेन आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। नर्सिंग कॉलेज की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी ने नर्सिंग स्टुडेंट्स को फ्लोरेंस नाइटिंगेल की शपथ दिलाई। शपथ में स्टुडेंट्स ने हाथ में दीप लिए प्रतिज्ञा दोहराई, हम मानवता की सेवा के लिए स्वयं को समर्पित रखेंगे। पेशेंट के स्वास्थ्य, सुरक्षा और गोपनीयता का सम्मान करेंगे। नैतिकता, अनुशासन और सच्चाई से अपने कर्तव्य का निर्वहन करने के संग-संग अपने ज्ञान और कौशल को अपडेट रखेंगे। टीएमयू के कुलपति प्रो. वीके जैन ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा, नर्सिंग स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ है। डॉक्टर उपचार करते हैं लेकिन नर्सें रोगी के पास रहकर स्वास्थ्य, सुरक्षा और भावनात्मक समर्थन प्रदान करती हैं। नर्सिंग पेशा एक ऐसा कर्तव्य है, जहां आपके प्रत्येक निर्णय में किसी रोगी का जीवन छिपा हो सकता है। प्रो. सुभाषिनी ने कहा, नर्सिंग प्रतिज्ञा केवल शब्दों का समूह नहीं, बल्कि यह आपके चरित्र, कर्तव्य और पेश. ेवर पहचान का आधार है। विशिष्ट अतिथि प्रो. हरिंदर गोयल ने कहा, नर्सिंग शिक्षा जीवन को अनुशासन, जिम्मेदारी और मानवता की ओर अग्रसर करती है। एक नर्स केवल दवाइयां नहीं देती, बल्कि रोगी के मनोबल को भी उठाती है। आपका व्यवहार, आपकी वाणी और आपका आत्मविश्वास रोगी के उपचार का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने नर्सिंग स्टुडेंट्स को आधुनिक चिकित्सा, डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं और नवीन तकनीकों के साथ खुद को अद्यतन रखने की सलाह दी। निदेशक गवर्नेंस डॉ. नीलिमा जैन ने कहा, नर्सिंग सेवा का मूल तत्व 'एंपैथी' है। एक नर्स रोगी की पीड़ा को केवल देखती नहीं, बल्कि उसे महसूस करती है। टीपीसीओएन की प्राचार्या प्रो.श्योली सेन ने कहा, नर्सिंग पेशे में तकनीक और ज्ञान के साथ-साथ मानवीय संवेदनाएं, करुणा और समर्पण भी जरूरी है। लैंप लाइटिंग केवल एक समारोह नहीं, बल्कि एक पवित्र यात्रा की शुरुआत है।

लैंप लाइटिंग एवम् ऑथ सेरेमनी में फैकल्टीज- सिद्धेश्वर अंगाड़ी, सुश्री प्रियंका मसीह, मुकुल कुमार, सुरेंद्र सिंह गुर्जर, सुश्री अंकिता चौहान, ऑस्कर ओबेडिया, प्रथम सक्सेना, विनय लाल के संग-संग बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राएं शामिल रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के संग हुआ।

**बेदखली सूचना**

हमने अपने बड़े पुत्र ऋतिक व पुत्रवधू श्रीमती रचना को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लैनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होंगे। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। अशोक पुत्र जयपाल सिंह व श्रीमती गुड्डी पत्नी अशोक निवासीगण मोहल्ला सराय फारूख अगवानपुर तहसील व जिला मुरादाबाद।
**मोबाइल नंबर 9639219806**

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र उस्मान व पुत्रवधू श्रीमती रुखसार पत्नी उस्मान को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लैनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होंगे। आज के बाद हमारा व हमारे तीनों पुत्रों व छह पुत्रियाँ और परिवार से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **लईक पुत्र अजीज व श्रीमती साहबजादी पत्नी लईक निवासी गण ग्राम भांडरी थाना पाकबडा तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद।**

# पुनरीक्षण कार्य को लेकर डीएम अनुज कुमार ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाए जा रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी अनुज सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की विधानसभा वार प्रगति एवं अन्य जरूरी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 13 दिसम्बर को प्रत्येक बीएलओ अपने बूथ पर उपस्थित रहेंगे और राजनीतिक दलों द्वारा नामित बीएलए का सहयोग प्राप्त करते हुए मतदाता सूची के अनुसार एएसडी (एब्सेंट, सिफ्टेड, डूब्लीकेट) नामों का पुनः सत्यापन किया जाएगा ताकि यदि त्रुटिवश किसी मतदाता का नाम शामिल होने से छूट रहा हो तो निर्धारित प्रक्रिया अपनाते हुए नाम शामिल कर लिया जाए। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए बताया कि एएसडी (एब्सेंट, सिफ्टेड, डूब्लीकेट) मतदाताओं के रूप में चिन्हित नामों की सूची बूथ पर मौजूद बीएलओ के पास उपलब्ध रहेगी साथ ही मुरादाबाद की आधिकारिक वेबसाइट उवतंकंइंक.दपब.पद पर भी आमजन की सुविधा और जानकारी के लिए उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि आयोग स्तर से स्पष्ट निर्देश हैं कि वास्तविक मतदाता का नाम किसी भी दशा में नहीं छूटना चाहिए साथ ही नियमानुसार प्रत्येक मतदाता का सत्यापन भी हो जाए। उन्होंने बताया कि नए मतदाता के रूप में मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए भी बीएलओ से फार्म-6 प्राप्त किया जा सकता है। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण प्रक्रिया में मतदाता के परिजन भी नियमानुसार गणना पत्र भरकर जमा कर सकते हैं परंतु नए मतदाता के रूप में नाम शामिल कराने के लिए निर्धारित फार्म-6 को स्वयं आवेदक को भरकर जमा करना होगा। बैठक के दौरान उन्होंने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की एसआईआर को लेकर शंकाओं का समाधान भी किया और कहा कि राजनीतिक दल अपने बूथवार नामित बीएलए के माध्यम से एएसडी के रूप में चिन्हित नामों का पुनः सत्यापन कराने में सहयोग करें। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता दिनांक 01 जनवरी, 2026 के आधार पर चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के लिए संशोधित तिथियों के अनुसार 26 दिसम्बर, 2025 तक गणना अवधि निर्धारित की गई है। निर्वाचन नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन अब 31 दिसंबर, 2025 को होगा। तथा उत्तर प्रदेश की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन अब 28 फरवरी, 2026 को किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती संगीता गौतम, एसडीएम सदर श्री राम मोहन मीणा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्री आदित्य श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी गण एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि गण मौजूद रहे।

## जनपद में शुरू हुई अर्धवार्षिक परीक्षाएं 15 दिसम्बर तक होंगी आयोजित

**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** बेसिक शिक्षा विभाग के अधीन संचालित सभी प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 10 दिसंबर से 15 दिसंबर तक अर्धवार्षिक परीक्षाओं का शुभारंभ हो गया है। जिलेभर के कक्षा 1 से 8 तक के छात्र इन परीक्षाओं में शामिल हो रहे हैं। परीक्षाओं के लिए निर्धारित समय-सारणी के अनुसार बच्चों को हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामाजिक अध्ययन के साथ-साथ उर्दू और संस्कृत विषयों की परीक्षा देनी है।शहर के इंदिरा चौक स्थित कम्पोजिट विद्यालय कटार शहीद में भी परीक्षाएं पूर्ण अनुशासन और शांतिपूर्ण माहौल में आयोजित की जा रही हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक राकेश कौशिक ने बताया कि बच्चों में परीक्षाओं को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है।

# शिव शक्ति मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का हुआ शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** शुक्रवार को नगर वार्ड नंबर 5, विवेकानंद कॉलोनी स्थित शिव शक्ति मंदिर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ मुख्य अतिथि अंकित शर्मा, एडवोकेट व सदस्य, जिला योजना समिति, मुरादाबाद ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर अमन शर्मा, अंकुर शर्मा, ब्रह्मपाल यादव, कुलबीर राणा, पूर्व सभासद दिव्या मिश्रा, अरुण प्रताप सिंह, रविंद्र सिंह, विपिन यादव, रजनी शर्मा एवं प्रीति शर्मा सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक व भक्तगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भक्ति भाव के साथ-साथ सामाजिक सद्भाव का वातावरण रहा।

## एक नजर

### शिवसेना के कार्यालय पर विधायक रामवीर सिंह का किया गया स्वागत



**कुंदरकी।** कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह का शिव सेना के जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष नन्हें चौधरी के नेतृत्व में स्वागत किया गया। कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा कि शिव सेना के साथ हमारा बहुत लंबे समय से गठबंधन रहा है। बीच में उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस का साथ दिया , जिस कांग्रेस ने हमेशा बाला साहब ठाकरे का विरोध किया। तब एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में बाला साहब के पदचिन्हों पर चलने वाली शिव सेना पुनः भाजपा के साथ जुड़ी। इस समय हमारे गठबंधन की महाराष्ट्र में जनकल्याणकारी सरकार चल रही है। शिव सेना शिंदे गुट बाला साहब ठाकरे की नीतियों पर चल रहा है। नन्हें चौधरी को बधाई देते हुए विधायक कुंदरकी ने कहा कि अपने कुछ समय पूर्व ही शिव सेना की कमान संभाली है, आपसे भी अपेक्षा है राष्ट्रवाद के पथ पर चलते हुए संगठन को चलाएंगे। इस अवसर पर पूर्व महानपुर अध्यक्ष भाजपा मनोज गुप्ता एडवोकेट, जिला अध्यक्ष नन्हें चौधरी, प्रदेश सचिव रामप्रसाद प्रजापति, जिला प्रभारी मनोज ठाकुर, दीपक चौधरी, विकास चौधरी, पुष्पेंद्र चौधरी, अकुल आदि उपस्थित रहे।

### गाली देने का विरोध करने पर पीटा, एफआईआर दर्ज

**कांठ( शाह टाइम्स )**थाना क्षेत्र के गांव भागीजोत निवासी भोलू पुत्र राम का कहना है कि वह सीधा-साधा व्यक्ति है 9 दिसंबर को करीब 4:30 बजे वह अपने भाई हरस्वरूप सिंह के साथ खेत की जुताई कर रहा था तभी कपिल कुमार अमित कुमार विक्रांत कुमार पुत्रगण शीशपाल सिंह निवासी भागीजोत हाथ में लाठी डंडे लेकर पहुंचे और गालियां देनी शुरू कर दी गालियों का विरोध किया तो भाई को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया शोर मचाने पर गांव के नौबहार आदि अन्य लोग आए तो तीनों जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

उसके बाद इन लोगों ने फिर खेत में ट्रैक्टर निकाला मना किया तो फिर जान से मारने की धमकी देकर चले गए पीड़ित थाने पहुंचा और संबंधित के खिलाफ शिकायत की पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

### तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, एक की मौत



**मूंढापांडे ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** थाना क्षेत्र के दलपतपुर अलीगंज मार्ग पर करनपुर चौराहे पर दोपहर बाइक सवारों को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी, टक्कर लगने से एक की मृत्यु हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया,भगतपुर थाना क्षेत्र के उदामावाला निवासी जितेन्द्र (45) वर्ष तथा उसका साथी अमित बाइक से आ रहे थे इस दौरान काशीपुर से आ रही वैगनार कार ने टक्कर मार दी जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें उपचार के लिए सीएचसी मूंढापांडे भेज दिया , स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे परिजन दोनों को कांठ रोड स्थित निजी अस्पताल ले गए जहाँ डाक्टरों जितेन्द्र को मृत घोषित कर दिया।

### खुले हुए मेनहोल में फंसा कार का पहिया



**चन्दौसी।** नगर के मुंसिफ रोड पर बैंक ऑफ इंडिया के सामने स्थित मोड़ पर शुक्रवार को एक खुले पड़े मैनहोल में कार का आगे वाला पहिया अचानक फंस गया, जिससे कार बीच सड़क पर बुरी तरह झटककर रुक गई। राहगीरों ने धक्का लगाकर कार को निकलवाया। मोड़ होने के कारण वाहन चालकों को कभी-कभी मैनहोल दिखाई भी नहीं देता, जिससे कभी भी गंभीर दुर्घटना हो सकती है।

# बढ़ती सर्दी से साप्ताहिक बाजार में उमड़ी भीड़



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** बनियाठेर गांव में लगने वाला साप्ताहिक बाजार इस बार रौनक से भर गया। मौसम में अचानक बढ़ी ठंड के कारण बाजार में आने वाले लोगों की संख्या सामान्य दिनों की तुलना में काफी अधिक रही। खासकर जूतों और ऊनी कपड़ों की दुकानों पर भारी भीड़ देखने को मिली, जहां राहगीर जरूरत के अनुसार सर्दी से बचाव के सामान खरीदते नजर आए। बाजार में मौजूद एक दुकानदार ने बताया कि पिछले कुछ हफ्तों से बिक्री में तेजी देखी जा रही है, लेकिन इस सप्ताह भीड़ और भी अधिक रही। वहीं गांव के एक व्यक्ति ने कहा कि इस बार ऊनी कपड़ों और जूतों के दाम पहले की तुलना में ज्यादा नजर आ रहे हैं, लेकिन सर्दी की मार को देखते हुए लोग खरीदारी करने पर मजबूर हैं। साप्ताहिक बाजार में बच्चों, महिलाओं और पुरुषों के लिए जूते, मोजे, स्वेटर, शॉल और जैकेटों की खूब बिक्री हुई। वहीं खाने-पीने के स्टॉलों पर भी भीड़ उमड़ पड़ी। कुल मिलाकर बढ़ती सर्दी ने बाजार में रौनक बढ़ा दी है और व्यापारी भी अच्छी बिक्री से प्रसन्न नजर आए।

# शिवसेना ने पश्चिम उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की मांग को दिया पूर्ण समर्थन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** पश्चिम उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट की बेंच स्थापित किए जाने की मांग को लेकर अधिवक्ताओं के चल रहे आंदोलन को अब राजनीतिक और सामाजिक संगठनों का भी व्यापक समर्थन मिलने लगा है। इसी क्रम में शुक्रवार को शिवसेना जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा ने शिवसेना पदाधिकारियों संग अधिवक्ताओं की बैठक में शामिल होकर इस मांग को पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की।बैठक के दौरान उन्होंने पश्चिम उत्तर प्रदेश की बेंच की लड़ाई को न्यायहित और जनहित से जुड़ा मुद्दा बताते हुए कहा कि हाई कोर्ट की बेंच स्थापित होने से लाखों लोगों को त्वरित न्याय मिलेगा। उन्होंने इस महत्वपूर्ण मुद्दे को मजबूती से उठाने के लिए 12 एसोसिएशन के अध्यक्ष माननीय आनंद मोहन गुप्ता एवं कपिल गुप्ता का आभार व्यक्त किया।शिवसेना पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह मांग केवल अधिवक्ताओं की नहीं, बल्कि पूरे आम जनमानस की है। इसलिए पार्टी इसे गंभीरता से लेते हुए व्यापक समर्थन देगी। इसी क्रम में शिवसेना व्यापारियों के साथ मिलकर बाजार बंद कराने, धरना-प्रदर्शन आयोजित करने तथा बिलारी और ठाकुरद्वारा तहसील में अधिवक्ताओं के साथ संयुक्त रूप से ज्ञापन सौंपने की तैयारी कर रही है।जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि न्याय व्यवस्था की सुगमता और क्षेत्रीय संतुलन के लिए पश्चिम उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बेंच की स्थापना अब समय की आवश्यकता है।

# आर्य समाज का हाईकोर्ट बैंच के लिए बंद का समर्थन



**मुरादाबाद।** आज दि बार एसोसिएशन एण्ड लाईब्रेरी मुरादाबाद द्वारा आयोजित सभा में आर्य समाज वरिष्ठ पदाधिकारी और समाजसेवी ज्ञानेंद्र गांधी ने महानगर व जनपद की आर्य समाजों की ओर से हाईकोर्ट बैंच की मांग के लिए दि बार एसोसिएशन एण्ड लाईब्रेरी के आव्हान पर 17दिसम्बर को महानगर बंद के आंदोलन मे सहभागिता सुनिश्चित करने का आव्हान किया।

# दयानंद आर्य कन्या महाविद्यालय में हर्सोल्लास के साथ मनाया गया संस्थापक दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** दयानंद आर्य कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को संस्थापक स्व. दयानंद गुप्त की स्मृति में उनकी 113वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ संस्थापक दिवस एवं वार्षिकोत्सव के रूप में मनाई गई। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. सचिन महेश्वरी द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया । एनसीसी छात्राओं ने प्रो. मनी बसल के निर्देशन में परेड के माध्यम से मुख्य अतिथि को गार्ड ऑफ ऑनर दिया।छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने भारतीय संस्कृति और परंपरा की अद्भुत झलक दिखाई। सरस्वती वंदना, स्वागत नृत्य 'शुभ दिन आयो रे', राधाख्रकृष्ण नृत्य, पंजाबी नृत्य तथा 'छाप तिलक' पर कव्वाली नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान संस्थापक स्व. दयानंद गुप्त एवं प्रबंध समिति अध्यक्ष उमाकांत गुप्त द्वारा रचित काव्य गीतों का मनमोहक गायन भी प्रस्तुत किया




गया।महाविद्यालय की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्राचार्या प्रो. सीमा रानी ने पढ़ी। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्रो. संतोष सिंह, कार्यालय के आधार स्तंभ मनोज अग्रवाल सहित कर्मचारीगण को शॉल और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। प्रतिभाशाली छात्राओं को भी मेडल व पुरस्कार प्रदान किए गए।समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. महेश्वरी ने अपने सम्बोधन में संस्थापक के सपनों को याद करते हुए छात्राओं को प्रगति के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर दयानंद आर्य शिक्षा समिति अध्यक्ष द्वारा महाविद्यालय के विकास हेतु 50 हजार रुपये प्रदान किए गए। प्रबंधक उमाकांत गुप्त ने सभी कार्यक्रमों की सराहना करते हुए पिता के स्त्रीख्रसशक्तिकरण के सपने को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया।कार्यक्रम का संयोजन प्रो. मनी बसल तथा मंच संचालन प्रो. अर्चना राठौर ने किया। समारोह में शहर के गणमान्य, प्रबंध समिति सदस्य, विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि, मीडिया कर्मी तथा बड़ी संख्या में छात्राएँ उपस्थित रहीं।


## नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मीपुर कट्टई के दो कक्षा कक्ष तथा एक बरामंदा एवं एक रसोई की नीलामी दिनांक 18.12.2025 दिन सोमवार को प्रातः 11.00 बजे की जानी है। नीलामी की शर्ते विद्यालय से प्राप्त की जा सकती है। इच्छुक बोली कर्ता को अनुमानित मूल्य की 10 प्रतिशत धनराशि अनिवार्य रूप से विद्यालय प्रबंध समिति के पास अग्रिम जमा करनी होगी।

**वन्दना शर्मा ( प्रधानाचार्य )**
**प्रा०वि० लक्ष्मीपुर कट्टई**
**वि०क्षे० मूढ़ापांडे, मुरादाबाद।**

**याकूब अली ( अध्यक्ष )**
**प्रा०वि० लक्ष्मीपुर कट्टई**
**वि०क्षे० मूढ़ापांडे, मुरादाबाद।**

## विशेष सूचना

राणा शुगर्स लिमिटेड-बेलवाड़ा परम आदर एवं अति विनम्रता के साथ सभी किसान भाइयो को सूचित किया जा रहा है कि हमारी चीनी मिल द्वारा पेराई सत्र 2025-26 में 30-11-2025 तक का गन्ना मूल्य भुगतान कर दिया गया है आगे भी गन्ना मूल्य भुगतान इसी क्रम में दिया जाता रहेगा अतः सभी किसान भाई अपना गन्ना अपनी चीनी मिल को ही सप्लाई करे सहयोग के लिए सादर सहित-**धन्यवाद।**

## खोया-पाया सूचना

मेरा हाई स्कूल वर्ष 2016 अनुक्रमांक 0763169 व इण्टरमीडिएट वर्ष 2018 अनुक्रमांक 0613303 का प्रमाण पत्र -सह-अंक पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **मनोज कुमार पुत्र मही लाल सिंह निवासी-ग्राम, व पोस्ट सुल्तानपुर दोस्त तहसील ठाकुरद्वारा, जिला मुरादाबाद।**



## शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



हेतु संर्दिशत करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
**न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज ( जू०डि० ) कोर्ट संख्या-6 महोदय, जिला मुरादाबाद।**
**मूलवाद वाद सं०:** 30/2024
**तारीख पेशी:** 23.01.2026
सोमेन्द्र कुमार **बनाम** त्रिलोकी आदि।
सोमेन्द्र कुमार पुत्र श्री शिवेन्द्र कुमार निवासी ए-57 गांधी नगर, मुरादाबाद
**बनाम**
1. त्रिलोकी पुत्र श्री चिरन्जी लाल निवासी देहरी मुस्तहकम परगना व जिला मुरादाबाद, 2. सुनीता पुत्री श्री चिरन्जीलाल निवासी देहरी मुस्तहकम परगना जिला मुरादाबाद-**विपक्षीगण**

चूंकि उपरिनामांकित **वादी** के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2026 के माह 01 के दिवस 23 को 10.00 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 12 के दिवस 11 को निकाली गयी है।

**प्रबंधक, प्रस्तुतकार**
**न्यायालय अपर सिविल जज ( जू०डि० )/कोर्ट सं०-06**
**जनपद-मुरादाबाद।**


# पीडीए की भावना एक नया इतिहास लिखेगी : भारती



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** समाजवादी बाबा साहेब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती आज देर शाम वन्देमातरम एक्सप्रेस ट्रेन से मुरादाबाद स्टेशन पहुँचे यहाँ समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों ने स्टेशन पर उनका अभिनन्दन एवं जोरदार नारेबाजी के बीच फूलमाला पहनाकर शॉल उड़ाकर स्वागत किया स्वागत पश्चात राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती ने सभी पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के साथ संगठन की शक्ति जब जुड़ती है और जब शोषित-वंचित, दमित समाज एक साथ उठ खड़ा होता है तो 'मूक क्रांति' मुखर हो उठती है। हमारे हम सबके आह्वान और अपील पर, पीडीए प्रहरियों के सद्प्रयासों से पीड़ा के एकसूत्र में बंधे पीडीए समाज ने अपना वोट बनवाकर चुनाव जीतने की मजबूत बुनियाद बना ली है, इसी पर 'पीडीए सरकार' की इमारत बुलंद होगी। हर पीड़ित, दुखी और अपमानित अब एकजुट होकर 'अपनी पीडीए सरकार' बनाने के लिए कटिबद्ध भी है और संकल्पबद्ध भी। हमें पीडीए की एकता का ये सूत्र हमेशा याद रखना है : 'जो पीड़ित, वो पीडीए!' अब हम सब मिलकर एक ऐसे सुनहरे भविष्य के निर्माण का संकल्प लें जो 'समता-समानता, गरिमा और सौहार्द' से भरा होगा, जो 'सामाजिक न्याय का राज' लाने में सक्षम होगा, जिसमें सबको समर्थ और सशक्त बनने का बराबर मौका होगा, जिसमें वर्चस्व की नहीं सर्वत्र समानता की सकारात्मक भावना होगी, जो किसी का शोषण या अपमान नहीं करेगा बल्कि आपसदारी और भागीदारी से हर कमजोर की मदद करेगा और जिओ और जीने दो की सह अस्तित्वकारी भावना के साथ, भाईचारे और स्नेह से भरे समाज के सपने को साकार करेगा। पीडीए = 'प्रेम, दया और अपनेपन' के अर्थ में एक भावनात्मक संबंध है। पीडीए की एकसूत्र-एकजुट भावना एक नया इतिहास लिखेगी। भारतीय संस्कृति की 'वसुधैव कुटुंबकम्' की विराट वैश्विक भावना मिलने-जुलने और मेल-मिलाप से ही फलीभूत होती है। दुनियाभर में आपसी एतबार से भाईचारा और भाईचारे से अमन-चौन आता है, जिससे हर किसी के लिए खुशहाली लाने वाली तरक्कघी मुमकिन होती है। नौकरी भाजपा के एजेंडे में है ही नहीं। हमारा नैतिक समर्थन प्रतियोगी छात्रों के साथ हमेशा रहा है और रहेगा। ये राजनीति का नहीं युवाओं के भविष्य का सवाल है।

इस दौरान जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव, वेदप्रकाश सैनी,जिला प्रवक्ता धर्मेन्द्र यादव, प्रदीप यादव, राजू यादव,तहजीब आलम,एम,पी. सिंह महासचिव फुरकान अली, दीवाशु सागर आदि मौजूद रहे।


## उत्तर रेलवे

### ई-निविदा सूचना


भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/समन्वय द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक के सामने अंकित है। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आंमत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपॉजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेंडर संख्या | 256-DRM-MB-25-26 Date 12.12.2025 |
| कार्य का नाम | Supplying & Loading, leading, unloading & stacking of 90000 cum machine crushed stone ballast of 65 mm gauge size as per Railway Specification including loading of ballast into Rly. Wagons / hoppers at Hafizpur |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 06.01.2026 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 |
| अनुमानित लागत | 12,30,20,100.00 |
| धरोहर राशि | 7,65,100.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 9 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 23.12.2025 |

टेन्डर न. Sr.DEN-C/Publication/25-26 दिनांक 12.12.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3846/25

# विनेश फोगाट ने संन्यास वापस लिया



● **विनेश ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि लोग मुझसे पूछते रहे कि क्या पेरिस मेरे करियर का अंत है, लंबे समय तक मेरे पास इसका जवाब नहीं था**

**नई दिल्ली, वार्ता।** तीन बार की ओलंपियन महिला पहलवान विनेश फोगाट ने शुक्रवार को प्रतिस्पर्धी कुश्ती से संन्यास लेने के अपने फैसले को वापस ले लिया। फोगाट ने भावुक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने संन्यास से वापसी की घोषणा करते हुए कहा कि अब उनका लक्ष्य लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा करना है।

पिछले साल विनेश फोगाट ने पेरिस ओलंपिक 2024 के तुरंत बाद संन्यास ले लिया था। विनेश ने आज सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि लोग मुझसे पूछते रहे कि क्या पेरिस मेरे करियर का अंत है। लंबे समय तक मेरे पास इसका जवाब नहीं था। मुझे मैट से, दबाव से, उम्मीदों से, यहां तक कि अपनी महत्वाकांक्षाओं से भी दूर हटने की जरूरत थी। इतने सालों में पहली बार, मैंने खुद को चैन की सांस लेने दी। उन्होंने कहा कि मैंने अपने सफर के महत्व को समझने के लिए समय लिया, ऊंचाइयों, दिल टूटने के पलों, बलिदानों और मेरे उन रूपों को समझा जिन्हें दुनिया ने कभी नहीं देखा। और इसी आत्मचिंतन में मुझे सच्चाई मिली, कि मुझे अब भी इस खेल से प्यार है। मैं अब भी प्रतिस्पर्धा करना चाहती हूं। 31 वर्षीय विनेश, जो जुलाई में एक बेटे को जन्म देने के बाद पहली बार मां बनीं, ने आगे कहा कि उनका बेटा ही एलएस 2028 के सफर में उनका सबसे बड़ा सहारा है।

उन्होंने कहा कि तो मैं यहां हूं, निर्भीक दिल और दृढ़ संकल्प के साथ एलएस 2028 की ओर कदम बढ़ा रही हूं। और इस बार मैं अकेली नहीं हूं। मेरा बेटा मेरी टीम में शामिल है, मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा, लॉस एंजिल्स ओलंपिक के इस सफर में मेरा छोटा सा चीयरलीडर। मशहूर फोगाट बहनों में से एक, विनेश ने रियो 2016 ओलंपिक में डेब्यू किया था, लेकिन क्वार्टर फाइनल में चोट लगने के कारण भारतीय पहलवान का अभियान सफर समय से पहले ही समाप्त हो गया। टोक्यो 2020 में भी उनका सफर क्वार्टर फाइनल में ही समाप्त हो गया। पेरिस 2024 में, विनेश फोगाट ने महिलाओं के 50 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल में जापान की मौजूदा चैंपियन युई सुसाकी, यूक्रेन की पूर्व यूरोपीय चैंपियन ओक्साना लिवाच और क्यूबा की पैन अमेरिकन गेम्स चैंपियन युस्नेलिस गुजमान को हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की थी। हालांकि, एक तकनीकी कारण के चलते वह ओलंपिक कुश्ती के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला नहीं बन सकीं। स्वर्ण मुकाबले की सुबह विनेश निर्धारित वजन सीमा से अधिक पाई गईं और उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया। वजन घटाने के लिए पिछली रात कई कड़े प्रयास करने के बावजूद, अनिवार्य वजन मापन में उनका वजन थोड़ा अधिक पाया गया। विनेश फोगाट तीन बार कॉमनवेल्थ गेम्स में पदक विजेते है और पूर्व एशियाई खेलों की चैंपियन भी रही हैं।




# वैभव सूर्यवंशी ने एक वनडे में 14 छक्के लगाए

● **ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ा, भारत ने यूथ वनडे में सबसे बड़ा स्कोर बनाया**

**दुबई, वार्ता।** वैभव सूर्यवंशी ने यूएई के खिलाफ 14 सिक्स लगाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया। उन्होंने शुक्रवार को दुबई में खेले गए यू-19 एशिया कप मैच में 95 गेंदों पर 171 रन बना दिए। इस पारी में वैभव ने 14 छक्के और 9 चौके के सहारे 180 के स्ट्राइक रेट से बैटिंग की। इसी के साथ वे यूथ वनडे में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने आस्ट्रेलिया के माइकल हिल का 2008 में बना 12 सिक्स वाला रिकॉर्ड तोड़ दिया। 14 साल के वैभव ने महज 56 गेंदों में सेंचुरी पूरी की। उनकी बैटिंग के दम पर भारत ने यूथ वनडे में अपना सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया। टीम ने 433 रन बनाए, जो पिछले साल ढाका द्वारा स्काटलैंड के खिलाफ बनाए 425 रन के रिकॉर्ड से ज्यादा है। वैभव के साथ एरोन जार्ज और विहान मल्होत्रा ने भी 69-69 रन की अहम पारियां खेलीं।

वैभव मुश्ताक अली में शतक लगाने वाले यंगेस्ट बैटर वैभव ने 10 दिन पहले सैयद मुश्ताक अली ट्राफी में भी शतक लगाया था। 14 साल के वैभव टूर्नामेंट में सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले बल्लेबाज बने थे। उन्होंने 2 दिसंबर को ईडन गार्डन्स में महाराष्ट्र के खिलाफ 61 गेंदों में नाबाद 108 रन बनाए, जिसमें 7 चौके और 7 छक्के शामिल थे। साथ ही वैभव 14 की उम्र में 3 टी-20 सेंचुरी लगाने वाले इकलौते प्लेयर हैं। वैभव आईपीएल में फिफ्टी लगाने वाले सबसे कम उम्र के प्लेयर बने। उन्होंने मात्र 14 साल और 32 दिन में अर्द्धशतक लगाया।

# टी-20 विश्व कप के टिकटों की ब्रिकी शुरू

**भारत में 100 और श्रीलंका में 290 रुपये शुरुआती कीमत, 7 फरवरी से आरंभ होगा टूर्नामेंट, भारत-पाक मैच 15 फरवरी को**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत और श्रीलंका में अगले साल होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के लिए टिकट की ब्रिकी शुरू हो चुकी है। आईसीसी ने भारतीय समयानुसार शाम 6.45 बजे से टिकट विंडो ओपन कर दी। 20 टीमों का आईसीसी टूर्नामेंट 7 फरवरी से शुरू होगा, जो 8 मार्च तक खेला जाएगा। शुरुआती कीमत 100 रुपए आईसीसी ने बताया कि फेज-1 में भारत के वेन्यू पर टिकट की शुरुआती कीमत 100 रुपए हैं। वहीं श्रीलंका के वेन्यू पर शुरुआती कीमत 1000 लंकन रुपया (290 रुपए) है। हालांकि, भारत में टीम इंडिया के मैच के टिकट की शुरुआती कीमत 500 रुपए हैं। वहीं कोलंबो में होने वाले भारत-पाक मैच के टिकट की शुरुआती कीमत 450 रुपए हैं। फेज-2 के टिकट बिक्री की तारीखें जल्द अनाउंस की जाएंगी। दर्शक वर्ल्ड कप की आफिशियल वेबसाइट से टिकट खरीद सकते हैं। फिलहाल ग्रुप स्टेज के मैचों की टिकट ही बिकने शुरू हुए। सुपर-8 स्टेज और नाकआउट राउंड के टिकट टूर्नामेंट शुरू होने के दौरान बिकना शुरू होंगे। भारत के मैच की शुरुआती कीमत 500 और 750 रुपए है। 20 टीमों के बीच 55 मैच खेले जाएंगे टी-20 वर्ल्ड कप में 20 टीमों के बीच 29 दिन में 55 मैच खेले जाएंगे। ग्रुप स्टेज में हर दिन 3 मैच होंगे। मुकाबले शुरू होने की टाइमिंग सुबह 11, दोपहर 3 और शाम 7 बजे रहने वाली है। सुपर-8 स्टेज में हर दिन 2 ही मैच होंगे। वहीं नाकआउट स्टेज में एक दिन में एक ही मैच होगा, जिसकी टाइमिंग शाम 7 बजे रहेगी। टूर्नामेंट का फार्मेट पिछले वर्ल्ड कप की तरह ही रहेगा। जिसमें 5-5 टीमों को 4 ग्रुप में बांटा जाएगा। हर ग्रुप से 2-2 टॉप टीमें सुपर-8 में क्वालिफाई करेंगी। यहां टीमों को 4-4 के 2 ग्रुप में बांटा जाएगा। यहां भी दोनों ग्रुप से 2-2 टॉप टीमों को सेमीफाइनल में एंट्री मिलेगी। सेमीफाइनल जीतने वाली 2 टीमों के बीच 8 मार्च को फाइनल खेला जाएगा।

ग्रुप स्टेज में 4, सुपर-8 में 3 मैच होंगे ग्रुप स्टेज में हर टीम अपने ग्रुप में एक-दूसरे के खिलाफ 4-4 मैच खेलेंगी। ज्यादा मैच जीतकर पाइंट्स टेबल के टॉप-2 में रहने पर ही सुपर-8 में एंट्री मिलेगी। सुपर-8 राउंड में भी हर टीम अपने ग्रुप में एक-दूसरे के खिलाफ 3-3 मैच खेलेंगी। यानी फाइनल तक पहुंचने वाली 2 टीमें 8-8 मैच खेल लेंगी। भारत-पाकिस्तान 15 फरवरी को भिड़ेंगे आईसीसी ने 25 नवम्बर को आईसीसी टूर्नामेंट का शेडड्ल रिलीज कर दिया था। नीदरलैंड और पाकिस्तान के बीच 7 फरवरी को कोलंबो में ओपनिंग मैच खेला जाएगा। इसी दिन शाम 7 बजे से भारत अपना पहला मैच अमेरिका के खिलाफ खेलेगा। टीम फिर 12 फरवरी को नामीबिया, 15 को पाकिस्तान और 18 को नीदरलैंड से भिड़ेगी। भारत, वेस्टइंडीज और इंग्लैंड ने 2-2 टाइटल जीते टी-20 वर्ल्ड कप की शुरुआत 2007 में हुई। भारत ने पहले एडिशन के फाइनल में पाकिस्तान को हराकर टाइटल जीता था। इसके 17 साल बाद भारत ने 2024 में साउथ अफ्रीका को फाइनल हराया और दूसरी बार टाइटल जीता। भारत के अलावा वेस्टइंडीज और इंग्लैंड ने भी 2-2 टाइटल जीते हैं। पाकिस्तान, श्रीलंका और आस्ट्रेलिया ने 1-1 बार खिताब जीता है।

# पाक ने मलेशिया को रौंदा

● **समीर मिन्हास और अहमद हुसैन ने लगाया शतक, मलेशिया पर रिकॉर्ड 297 रनों से जीत दर्ज की**

**दुबई, वार्ता।** समीर मिन्हास (नाबाद 177) और अहमद हुसैन (132) की शतकीय पारियों के बाद अली रजा और मोहम्मद सय्याम (तीन-तीन विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर पाकिस्तान ने शुक्रवार को अंडर-19 एशिया कप ग्रुप ए के दूसरे मुकाबले में मलेशिया को रिकॉर्ड 297 रनों से रौंद कर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। आज यहां मलेशिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 30 रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिए। उस्मान खान (एक) और अली हसन बलोच (14) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद समीर मिन्हास और अहमद हुसैन की जोड़ी ने पारी को संभाला और तीसरे विकेट के लिए 293 रनों की साझेदारी की। इस दौरान दोनों बल्लेबाजों ने अपने-अपने शतक पूरे किए। 49वें ओवर में मुहम्मद अकरम ने अहमद हुसैन को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। अहमद हुसैन ने 114 गेंदों में आठ चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 132 रनों की पारी खेली। पाकिस्तान ने निर्धारित 50 ओवरों में तीन विकेट पर 345 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।

समीर मिन्हास 148 गेंदों में 11 चौके और आठ छक्के लगाते हुए नाबाद 177 रन बनाए। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी मलेशिया को पाकिस्तानी गेंदबाजों ने 19.4 ओवरों में 48 रन पर ढेर कर मुकाबला 297 रनों से जीत लिया। मलेशिया का कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सका। पाकिस्तान के लिए ली रजा ने 11 रन देकर तीन विकेट लिए और मोहम्मद सय्याम ने 27 रन देकर तीन विकेट झटके। दानियाल अली खान छह रन देकर दो विकेट लिए।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### जेकब डफी का पंजा, न्यूजीलैंड ने विंडीज को हराया

**वेलिंग्टन, वार्ता।** जेकब डफी (पांच विकेट) और माइकल रे (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन वेस्टइंडीज को 128 के स्कोर पर ढेर करने के बाद मिले 56 रनों के लक्ष्य को 10 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर हासिल कर नौ विकेट से जीत दर्ज की। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। सुबह वेस्टइंडीज ने कल के दो विकेट पर 32 रनों से आगे खेलना शुरु किया। वेस्टइंडीज का तीसरा विकेट ब्रैंडन किंग (22) रनआउट के रूप में गिरा। शाई होप (पांच), रॉस्टन चेज (दो) रन बनाकर जल्द ही आउट होकर पवेलियन लौट गए। केवम हॉज ने 75 गेंदों में 35 रनों तथा जस्टिन ग्रीव्स 57 गेंदों में (25) कुछ संघर्ष करते दिखे।

### कोपा डो ब्रासिल में वास्को ने फ्लूमिनेंस को हराया

**रियो डी जेनेरियो, वार्ता।** स्थानापन्न पाब्लो वेगेटी ने 94वें मिनट में दागे गए गोल की बदौलत वास्को डा गामा ने कोपा डो ब्रासिल सेमीफाइनल के पहले लेग में फ्लूमिनेंस पर 2-1 से जीत दिलाई। कोलंबियन फॉरवर्ड केविन सेर्ना ने 22वें मिनट में थियागो सिल्वा के हेडर पास पर गोल करके फ्लूमिनेंस को बढ़त दिलाई। टीनएज अटैकर रेयान ने हॉफटाइम के ठीक बाद छह-यार्ड बॉक्स के किनारे से गोल करके स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। अभी फ्लूमिनेंस, एंड्रेस गोमेज के क्रॉस को संभाल नहीं पाया। नूनो मोरेरा की जगह 77वें मिनट में आए अर्जेंटीना के स्ट्राइकर वेगेटी ने गोमेज के क्रॉस पर दूर के पोस्ट पर नीचे की ओर हेडर मारकर मैच का रुख बदल दिया। रिटर्न लेग रविवार को माराकाना स्टेडियम में खेला जाएगा, जिसमें जीतने वाली टीम फाइनल में कोरिथियंस या क्रूजेरो से भिड़ेगी।

# टीम अभिषेक पर निर्भर नहीं रह सकती: सूर्या




**मुल्लांपुर, वार्ता।** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि टीम अभिषेक शर्मा पर निर्भर नहीं रह सकती मुझे, शुभमन गिल और अन्य को बल्लेबाजी की जिम्मेदारी लेनी चाहिए थी। क्विंटन डी कॉक की 90 रनों की पारी की बदौलत भारत को 214 रनों का बड़ा लक्ष्य मिला था लेकिन गिल एक बार फिर विफल रहे और पहली ही गेंद पर लुंगी एन्गिडी का शिकार बन गए। वहीं सूर्यकुमार भी महज पांच रन ही बना पाए जिसके चलते भारत ने पावरप्ले के भीतर ही महज 32 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गंवा दिए। आखिरी ओवरों में महज पांच रन जोड़कर भारत ने पांच विकेट गंवा दिए। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गुरुवार रात भारत को

● **कप्तानः मुझे शुभमन और अन्य को बल्लेबाजी की जिम्मेदारी लेनी चाहिए थी**

मिली 51 रनों से हार के बाद सूर्यकुमार ने कहा कि मेरा मानना है कि मुझे और शुभमन को अच्छी शुरुआत देनी चाहिए थी, क्योंकि हम हर बार अभिषेक पर निर्भर नहीं रह सकते। वह जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहे हैं, उनका भी खराब दिन हो सकता है इसलिए मुझे, शुभमन को और कुछ अन्य बल्लेबाजी को जिम्मेदारी लेनी चाहिए थी। शुभमन पहली ही गेंद पर आउट हो गए। मुझे वह जिम्मेदारी लेनी चाहिए थी और थोड़ी देर तक बल्लेबाजी करनी चाहिए थी।

पहले टी-20 में सूर्यकुमार ने नंबर तीन पर बल्लेबाजी की थी लेकिन मुल्लांपुर में गिल के आउट होने के बाद तीसरे नंबर पर अक्षर पटेल को बल्लेबाजी के लिए प्रमोट किया गया। अक्षर ने तिलक वर्मा के साथ भारतीय पारी को संभालने का प्रयास किया लेकिन वह अधिक देर तक तिलक का साथ नहीं दे पाए और 21 के निजी स्कोर पर चार विकेट झटकने वाले ऑटनील बार्टमैन का पहला शिकार बने, तब भारत का स्कोर 67 रन था। सूर्यकुमार ने अक्षर को ऊपर बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर कहा कि हमने पिछले मैच में सोचा था कि अक्षर ने लंबे प्रारुप में बहुत अच्छी बल्लेबाजी की है। और हम चाहते थे कि वह आज भी उसी तरह बल्लेबाजी करे। लेकिन दुर्भाग्य से (वह काम नहीं आया), हालांकि उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी की।

उन्होंने कहा कि हमने पहले गेंदबाजी की, तो हमें अच्छी वापसी करनी चाहिए थी, लेकिन बाद में दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों को एहसास हुआ कि इस विकेट पर लेंथ कितनी महत्वपूर्ण है। हालांकि यह सीखने की प्रक्रिया है। बस सीखो और आगे बढ़ो। थोड़ी ओस भी थी, और अगर हमारा प्लान काम नहीं कर रहा था, तो हमें दूसरा प्लान तैयार रखना चाहिए था।

# मुश्ताक अली ट्रॉफी में नीतीश की हैट्रिक

**नवी मुंबई, वार्ता।** भारतीय आलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी ने शुक्रवार को सैयद मुश्ताक अली ट्राफी में मध्यप्रदेश के खिलाफ हैट्रिक ली। इसके बावजूद मध्यप्रदेश ने मुकाबले को 4 विकेट से जीत लिया। पाटील अकादमी में खेले गए मैच में मध्य प्रदेश ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। आंध्र प्रदेश की टीम 19.1 ओवर में 112 रन पर आलआउट हो गई। मध्यप्रदेश ने 113 रन का टारगेट 17.3 ओवर में 6 विकेट पर हासिल कर लिया।

मध्यप्रदेश की ओर से ऋषभ चौहान ने 47 और राहुल बाथम ने नाबाद 35 रनों की पारी खेली। 23 रन देकर चार विकेट लेने वाले शिवम शुक्ला प्लेयर ऑफ द मैच रहे। एमपी सुपर लीग पाइंट्स टेबल के टॉप पर इस जीत के बाद मध्यप्रदेश की टीम ग्रुप ए के सुपर लीग पाइंट्स टेबल के टॉप पर आ गई है। टीम ने पहले ही मुकाबले को जीतकर 4 अंक हासिल कर लिए हैं। जबकि आंध्र प्रदेश की

● **मध्यप्रदेश फिर भी जीता हरियाणा ने राजस्थान को हराया**

टीम दूसरे स्थान पर है। ग्रुप बी में हरियाणा ने राजस्थान को 7 विकेट से हराकर पहला स्थान हासिल किया है। आंध्र की खराब शुरुआत, 7 बैटर्स दहाई तक नहीं पहुंचे टॉस हारकर बल्लेबाजी कर रहे आंध्र प्रदेश की शुरुआत खराब रही। टीम ने 7 रन के स्कोर पर दो विकेट गंवा दिए थे।

अश्विन हेबर और शेख रशीद खाता नहीं खोल सके। दोनों को त्रिपुरेश सिंह ने पवेलियन भेजा। शुरुआती 13 बाल पर 2 विकेट गंवाने के बाद श्रीकर भरत और नीतीश कुमार रेड्घ्डी ने पारी संभाली। दोनों ने 50 रन ही जोड़े थे कि वेंकटेश अय्यर ने भरत को काट एंड बोल्ड किया। वे 39 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान रिकी भुई ने 11 रन का योगदान दिया। नीतीश रेड्डी ने 25 रन बनाए। मप्र की ओर से शिवम शुक्ला ने 23 रन देकर 4 विकेट झटके। जबकि त्रिपुरेश सिंह ने 31 रन देकर 3 विकेट झटके। राहुल बाथम को दो और वेंकटेश अय्यर को एक विकेट मिला। रेड्डी ने ग्वाली, हरप्रीत और पाटीदार को पवेलियन भेजा 113 रन चेज कर रहे मध्यप्रदेश ने 14 रन पर पहला विकेट गंवाया। तीसरे ओवर की चौथी बाल पर नीतीश कुमार रेड्घ्डी ने हर्ष ग्वाली को बोल्ड कर दिया। उन्होंने 5वीं बाल पर हरप्रीत सिंह और छठी बाल पर रजत पाटीदार को पवेलियन भेजा। हरप्रीत और रजत खाता भी नहीं खोल सके। ऐसे में वेंकटेश अय्यर (22 रन) ने ऋषभ चौहान के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया। 37 रन पर वेंकटेश के आउट होने के बाद राहुल बाथम ने नाबाद 35 रनों की पारी खेली। आंध्रा के लिए नीतीश कुमार रेड्डी ने 3 विकेट झटके। केवी ससिकांत और सत्यनारायण राजू ने एक-एक विकेट लिए। पुणे के महाराष्ट्रा क्रिकेट स्टेडियम में हरियाणा ने राजस्थान पर 7 विकेट की जीत दर्ज की। टीम ने 133 रन का टारगेट 16.2 ओवर में 3 विकेट पर हासिल कर लिया।

# विराट कोहली 15 साल बाद खेलेंगे विजय हजारे टूर्नामेंट में

● **बीसीसीआई ने उन सभी फिट खिलाड़ियों को निर्देश दिया है जो दूसरे टूर्नामेंट में शामिल नहीं है वे घरेलू मुकाबलों में हिस्सा लें**

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और ऋषभ पंत को 24 दिसम्बर से शुरू होने वाले विजय हजारे राष्ट्रीय एकदिवसीय टूर्नामेंट के लिए दिल्ली की संभावित टीम में शामिल किया गया है। कोहली ने हाल ही में दिल्ली क्रिकेट एसोसिएशन को अपनी उपलब्धता के बारे में बताया, जिससे 15 साल बाद दिल्ली के लिए विजय हजारे ट्रॉफी में उनकी वापसी हुई है। उन्होंने आखिरी बार 2010 में सर्विसेज के खिलाफ टूर्नामेंट में खेला था और इस सीजन में दिल्ली के लिए रणजी ट्रॉफी मैच




खेल चुके हैं। कोहली और रोहित शर्मा, जो भारत की टेस्ट और टी-20 टीम से संन्यास ले चुके हैं, अब केवल एकदिवसीय प्रारुप में राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधत्व करते है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने उन सभी फिट खिलाड़ियों को निर्देश दिया है जो दूसरे टूर्नामेंट में शामिल नहीं हैं, वे घरेलू मुकाबलों में हिस्सा लें, जिससे कोहली के शामिल होने का रास्ता साफ हो गया है। दिल्ली के सभी सात मैचों की बेंगलुरु मेजबानी करेगा, जिसमें दो गेम चिन्नास्वामी स्टेडियम में और पांच अलूर में होंगे।

टीम अपने अभियान की शुरुआत आंध्र प्रदेश के खिलाफ करेगी। कोहली हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में शानदार प्रदर्शन के बाद इस टूर्नामेंट में आ रहे हैं। उन्होंने दो शतक और एक नाबाद अर्द्धशतक सहित 302 रन बनाए और प्लेयर ऑफ द सीरीज के पुरस्कार से नवाजा गया था। कोहली 2025 में 13 एकदिवसीय मैचों में 651 रन के साथ रैंकिंग में दूसरे नंबर पर हैं।

# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम स्पेन से हारी

● **भारतीय हॉकी टीम को जूनियर महिला विश्व कप में अपने नौवे-दसवें स्थान के प्लेऑफ मैच में स्पेन से 1-2 से हार का समना करना पड़ा**

**चिली, वार्ता।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को एफआईएच हॉकी जूनियर महिला विश्व कप 2025 में अपने 9वें/10वें स्थान के प्लेऑफ मैच में स्पेन से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। सेंट्रो डेपोर्टिवो डे हॉकी सेस्पेड, एस्टाडियो नैशनल में खेलने गए मुकाबले में भारत के लिए कनिका सिवाच ने (41वें) मिनट में गोल किया, जबकि नतालिया ने (16वें) और एस्थर कैनालेस ने (36वें) मिनट में स्पेन के लिए एक-एक गोल किया।




पहला क्वार्टर थोड़ा मुश्किल लेकिन रोमांचक रहा इस दौरान दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन और मौके बनाए। क्वार्टर के बीच में, स्पेन गोल करने वाला था और उसे केवल गोलकीपर को छकाना था, लेकिन भारत की निधि ने बहादुरी से आगे बढ़कर लगातार दो गोल बचाकर विपक्षी टीम को बढ़त हासिल करने से रोका। 14वें मिनट में, स्पेन को मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे निधि ने फिर से विफल कर दिया। दूसरे क्वार्टर के शुरुआत में स्पेन ने तेजी से जवाबी हमला किया, सारा कार्मोना रामोस ने सर्कल के चारों ओर कुशलता से ड्रिबल किया और अंदर पास दिया, जिसे नतालिया विलानोवा ने (16वें) मिनट में सफलतापूर्वक नेट में गेंद डाल कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। अगले कुछ मिनटों में भारत को कुछ अच्छे मौके मिले, लेकिन स्पेन ने शायद ही कोई गलती की और अपनी बढ़त बनाए रखने के लिए कोई पेनल्टी कॉर्नर नहीं दिया। 36वें मिनट में, भारत ने थोड़ी देर के लिए जश्न मनाया, जब सोनम ने पास को रोककर एक जोरदार स्ट्राइक से गोल किया। हालांकि, स्पेन ने वीडियो रेफरल लिया जो सफल रहा क्योंकि रेफरी ने बैक स्टिक देख ली और गोल रद्द करना पड़ा। बदकिस्मती से, भारत के लिए उसी मिनट में, स्पेन ने जीत हासिल की और एस्थर ने (36वें) मिनट के फ्लिक की बदौलत पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर अपनी बढ़त को दोगुना कर दिया। 41वें मिनट में, भारत को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले, जब कनिका ने (41वें) मिनट में अपने स्ट्राइक से स्पेनिश गोलकीपर को छकाते हुए भारत के लिए गोल किया, जिससे स्कोर कम हुआ और तीसरा क्वार्टर शानदार रहा।

# प्रिंस चौहान हत्याकांड के मुख्य आरोपी को मझोला थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मझोला थाना क्षेत्र में हुए चर्चित प्रिंस चौहान हत्याकांड में पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। पहले ही पांच आरोपियों को सलाखों के पीछे भेज चुकी पुलिस ने अब इस मामले के मुख्य आरोपी प्रशांत उर्फ बंदर को भी गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के बाद उसे आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के तहत जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया, जहां मेडिकल औपचारिकताएँ पूरी होने के बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजने के आदेश दे दिए।गौरतलब है कि बीते दिनों मझोला थाना क्षेत्र के चिड़िया टोला इलाके में रात्रि के समय युवक प्रिंस चौहान की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी थी। वारदात के बाद मृतक के पिता ने सात नामजद और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा पंजीकृत कराया था। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम का गठन किया और लगातार जांच जारी रखी।जांच के दौरान पुलिस पहले ही हत्या में शामिल पाँच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी थी। लेकिन मुख्य आरोपी प्रशांत उर्फ बंदर फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही थी। पुलिस की सक्रियता रंग लाई और मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, आरोपी से घटना से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर पूछताछ की जा रही है। वहीं प्रिंस चौहान के परिजनों ने पुलिस की कार्रवाई पर संतोष जताते हुए मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी को राहत की बात बताया है।फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है, ताकि हत्या में शामिल अन्य संभावित सहयोगियों की भूमिका भी स्पष्ट की जा सके।



# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में हुआ एक भव्य 'फ्रेशर्स पार्टी' का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ साइंसेज के बी.एससी. (पीसीएम) पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों द्वारा एक भव्य ''फ्रेशर्स पार्टी'' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्व. विद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नव प्रवेशित विद्यार्थी कच्ची मिट्टी के बर्तन की तरह होते हैं, उन्हें जो भी रूप दिया जाए, वे वैसे ही ढल जाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हम सभी शिक्षकों और सीनियर विद्यार्थियों की जिम्मेदारी है कि उन्हें संस्कारवान बनाएं। इस दौरान वरिष्ठ विद्यार्थियों ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के नवप्रवेशित विद्यार्थियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। उसके उपरांत विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विविध रंगारंग प्रस्तुतियाँ दी गई, जिनमें उनके द्वारा एकल और समूह नृत्य, गायन और फैशन शो जैसी विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया गया। पार्टी का मुख्य आकर्षण मिस्टर फ्रेशर और मिस फ्रेशर प्रतियोगिता रही। विभिन्न राउंड के बाद छात्र उत्कर्ष टांग को 'मिस्टर फ्रेशर' और छात्रा प्रियांशी सिंह पवार को 'मिस फ्रेशर' तथा छात्रा अमूल्या को रनर अप का खिताब दिया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक डॉ. बी.के. सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन और प्रेरक भाषण के साथ हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें अपने कॉलेज के प्रवास के दौरान कड़ी मेहनत करने और अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नए विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय परिवार का एक अभिन्न अंग महसूस कराना और उनके बीच के संकोच को दूर करना रहा। कार्यक्रम का समापन एक भव्य भोज और संगीत के साथ हुआ, जहाँ विद्यार्थियों ने खूब मस्ती की। निदेशक डॉ. सिंह ने बताया कि यह आयोजन नए विद्यार्थियों के लिए कॉलेज जीवन की एक सुखद शुरुआत साबित हुई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. पवन कुमार शुक्ला, डॉ. तरुण गुप्ता, मिसेज शुभांगी अग्रवाल, डॉ. निधि तिवारी, आदि फैकल्टी मेंबर्स का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन मिस सोनाक्षी आर्य तथा मिस श्रद्धा पाण्डे द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में मिस सिद्रा, कशिश, स्वाति, भावना, प्रिंस, अदनान, पृथ्वी और आदित्य आदि विद्यार्थियों का विशेष सहयोग रहा। इस फ्रेशर पार्टी में स्कूल के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों एवं शिक्षकों के अलावा 41 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# बर्ड वॉचिंग व नेचर ट्रेल कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।**मोढ़ा तैय्या झील पर शुक्रवार को सामाजिक वानिकी प्रभाग मुरादाबाद एवं परिवर्तन "दी चेंज" संस्था द्वारा बर्ड वॉचिंग व नेचर ट्रेल कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस प्रकृतिख्रअन्वेषण कार्यक्रम में जीआईसी मानपुर एवं जीआईसी कुचावली के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में एडीआईओएस शतानंद शर्मा का सहयोग सराहनीय रहा।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सीडीओ मृणाली अविनाश जोशी रहीं, जिनके मार्गदर्शन में यह योजना पिछले दो माह से तैयार की जा रही थी। सीडीओ के प्रस्ताव पर डीएफओ अविनाश पांडेय ने विभागीय टीम के साथ मिलकर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की और परिवर्तन संस्था को आयोजन का दायित्व सौंपा।इस अवसर पर बर्ड वॉचिंग विशेषज्ञ वृन्दा बजाज (नजीबा. बाद) और अरुण सरकार (देहराद. ून) ने बच्चों और उपस्थित लोगों को पक्षियों के व्यवहार, पहचान और संरक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी दी। विशेषज्ञों के अनुसार झील पर आयोजित बर्ड वॉचिंग में 29 प्रजातियों के पक्षी देखे गए, जिनमें सारस, पर्पल स्वॉम्प हेन, लिटिल एग्रेट, पर्पल हेरन, लिटिल कॉर्मोरेंट, इंडियन स्पॉट-बिल्ड डक, स्वॉलो और कूट प्रमुख रहीं।बच्चों ने पक्षियों, पौधों और स्थानीय जैवख्रविविधता के बारे में कई महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। अतिथियों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में प्रकृति के प्रति प्रेम और पर्यावरण संरक्षण की जागरूकता बढ़ाते हैं।कार्यक्रम में वन विभाग से बिलारी रेंजर रिजुल कंसल, डिप्टी रेंजर मनोज, पुष्पेंद्र चौधरी, अनुज तथा नमामि गंगे से जिला परियोजना अधिकारी पूजा सिन्हा, पर्यावरण विशेषज्ञ डॉ. अना. मिका त्रिपाठी मौजूद रहीं। परिवर्तन संस्था से अध्यक्ष कपिल कुमार, आदित्य, विवेक, प्रिंस और आकांक्षा सहित पूरी टीम उपस्थित रही।प्रकृति संरक्षण को बढ़ावा देने वाला यह आयोजन विद्यार्थियों व आमजन के लिए अत्यंत प्रेरणादायी सिद्ध हुआ।



## जिला न्यायालय में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**चन्दौसी।** माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संभल द्वारा 13 दिसंबर 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन जनपद न्यायालय संभल स्थित चन्दौसी परिसर में सम्पन्न होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: 10:00 बजे माननीय न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल (प्रशासनिक न्यायमूर्ति संभल, माननीय उच्च न्यायालय प्रयागराज) द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में दीवानी मामले, राजस्व वाद, पारिवा. रिक विवाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर दावे, बैंक रिकवरी प्रकरण, बिजली एवं जलकर बिल संबंधी वाद, चेक बाउंस से जुड़े प्रकरणों सहित कई अन्य समंजनीय मामलों का आपसी समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने सभी न्यायिक अधिकारियों, विभागीय अधिकारियों, अधिवक्ताओं और पक्षकारों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि पर उपस्थित होकर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें। यह जानकारी प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संभल स्थित चन्दौसी द्वारा प्रदान की गई है।

# रामगंगा नदी में मरी मिली मछलियां, बढ़ते प्रदूषण पर उठे सवाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** रामगंगा नदी में प्रदूषण का खतरा एक बार फिर गंभीर रूप में सामने आया है। शुक्रवार सुबह नदी के विभिन्न घाटों पर बड़ी संख्या में मृत मछलियां तैरती मिलीं, जिसे देख स्थानीय लोगों में चिंता का माहौल फैल गया। कुछ ही घंटों में सोशल मीडिया पर भी इसकी तस्वीरें और वीडियो वायरल होने लगे।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह टहलने गए लोगों ने सबसे पहले नदी किनारे बड़ी संख्या में मरी मछलियों को देखा। इसके बाद आसपास के क्षेत्रों के लोग भी मौके पर पहुंचे और प्रशासन को सूचना दी। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पिछले कुछ समय से नदी में प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है। औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले रसायनिक अपशिष्ट और नालों का गंदा पानी सीधे नदी में गिरने से स्थिति और बिगड़ती जा रही है।पर्यावरण प्रेमियों ने इसे गंभीर चेता. वनी बताते हुए कहा कि नदी में घुलते रसायनों के कारण जलीय जीवों का जीवन संकट में पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से तुरंत जांच कर जिम्मेदार इकाइयों पर कार्रवाई की मांग की है।उधर, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और नगर निगम की टीमें घटना की जांच में जुट गई हैं। नमूनों को परीक्षण के लिए लैब में भेजा गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब तक नदी में गिर रहे प्रदूषित पानी पर सख्ती नहीं होगी, ऐसी घटनाएं बार-बार सामने आती रहेंगी।

## एक नजर

### गीता कोहली को भाजपा विधानसभा का प्रांतीय परिषद सदस्य बनाए जाने पर किया सम्मानित

**बिलारी।** नगर के मोहल्ला कोरिया निवासी गीता कोहली को भारतीय जनता पार्टी द्वारा 30 विधानसभा बिलारी का प्रांतीय परिषद सदस्य बनाए जाने पर महिलाओं ने उन्हें पटका पहनाकर व मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। भारी तादात में महिलाएं उनके आवास पर पहुंची। इस बीच भारतीय जनता पार्टी की नीतियों को गिनाया। शुक्रवार को गीता कोहली के आवास पर भारी तादात में पहुंची महिलाओं ने उन्हें शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर बोलते हुए गीता कोहली ने कहा कि वह भारतीय जनता पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। 2027 में पुन: भाजपा की सरकार प्रदेश में बनेगी।

### ससुराल से लौटते समय तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार परिवार को मारी टक्कर, दंपत्ति व तीन बच्चे घायल




**कुंदरकी।** शुक्रवार देर शाम कुंदरकी थाना क्षेत्र के बाईपास पर ससुराल से लौट रहे एक परिवार की बाइक को तेज रफ्तार अज्ञात कार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। अचानक हुए हादसे से मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गयी। टक्कर में पति-पत्नी सहित तीन मासूम बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार अगवानपुर निवासी इमरान अपनी पत्नी शबनम तथा बच्चों तमन्ना बुशरा और फातिमा के साथ ससुराल पालनपुर बिलारी से अपने गांव चंगेरी अगवानपुर लौट रहे थे। जैसे ही परिवार कुंदरकी हाईवे के जीरो प्वाइंट के करीब पहुंचा। पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई और सभी सवार घायल हो गए। घायल इमरान ने बताया कि कार चालक टक्कर मारते ही मौके से फरार हो गया। घटना के बाद राहगीरों ने घायलों को कुंदरकी अस्पताल में भर्ती कराया।

### मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरुक

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत शुक्रवार को पुलिसकर्मियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में जागरुक किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही 'मिशन शक्ति 5.0' अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा, चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिसकर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी0एम0 स्वानिधि योजना, पी0एम0 सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी0एम0 हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

# भारतीय किसान यूनियन 18 को तहसील में करेगी त्रिपक्षीय वार्ता

**कांठ (शाह टाइम्स)** किसानो की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन द्वारा तहसील में दिए गए ज्ञापनों में कितनी शिकायतों का निस्तारण हुआ है इसकी समीक्षा करने के लिए भारतीय किसान यूनियन टिकैत 18 दिसंबर को 11बजे तहसील सभागार में त्रिपक्षीय वार्ता करेगी उक्त जानकारी किसान नेता चौधरी ऋषिपाल सिंह ने दी उन्होंने बताया कि किसानो की गन्ना घटतौली नहर में पानी समय पर बिजली समय पर गन्ने का भुगतान सुविधाजनक धान तौल एवं अन्य समस्याओं को लेकर भाकियू अधिकारियों को ज्ञापन दे चुकी है। इनमें किन समस्याओं का समाधान संबंधित विभाग द्वारा कराया गया है इसकी जानकारी देने को उन्हें 18 दिसंबर को त्रिपक्षीय वार्ता हेतु निमंत्रण मिला है उन्होंने कहा कि एक सप्ताह पहले निर्धारित की गई तारीख पर संबंधित विभाग के अधिकारियों का मौजूद रहना जरूरी है। यदि इसके बावजूद भी संबंधित विभाग के अधिकारी इस वार्ता में शामिल नहीं होते तो भारतीय किसान यूनियन उनके खिलाफ कड़े कदम उठाने को मजबूर होगी। उन्होंने अन्य किसानों से भी इस वार्ता में आकर मौजूद रहने का आह्वान किया है।



# आईएफटीएम में प्रशिक्षण सह आईबीएम प्रमाणन कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में सेटपा इनफोटेक, नोएडा द्वारा विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल, स्कूल ऑफ कम्प्यूटर साइंस एण्ड एप्लीकेशन्स और इंडस्ट्री एकेडेमिया इंटेग्रेशन एण्ड स्किल डेवलपमेंट सेल के सहयोग से "इंट्रोडक्शन टू, एआई" विषय पर एक ''प्रशिक्षण सह आईबीएम प्रमाणन कार्यक्रम'' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने आईबीएम द्वारा समर्थित इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकों में दक्ष बनाकर वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करेगा और उनके कॅरियर को एक मजबूत दिशा प्रदान करेगा। वहीं स्कूल ऑफ कम्प्यूटर साइंस एंड एप्लिकेशन्स के निदेशक डॉ. राहुल मिश्रा ने कहा कि एआई और क्लाउड कम्प्यूटिंग जैसे क्षेत्रों में उद्योग की बढ़ती मांग को देखते हुए यह प्रशिक्षण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा, क्योंकि इस प्रशिक्षण से उन्हें व्यावहारिक और जॉब-रेडी कौशल प्राप्त करने का अवसर मिला है। डॉ. मिश्रा ने बताया कि यह आयोजन 'नेसकॉम फाउंडेशन' के सहयोग और आईबीएम द्वारा वित्तपोषित एक राष्ट्रीय स्तरीय नि:शुल्क स्किलिंग पहल के अंतर्गत किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर तथा वंचित पृष्ठभूमि से आने वाले छात्रों एवं छात्राओं और हाल ही में स्नातक हुए युवाओं को उन्नत तकनीकी कौशल प्रदान कर उनकी रोजगार क्षमता को बढ़ाना है, जो उन्हें डिजिटल युग की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करेगा। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक श्री के.के. बंसल ने कहा कि आईबीएम सर्टिफिकेशन, शीर्ष कंपनियों का सहयोग और सेटपा इनफोटेक का प्रशिक्षण, ये सभी मिलकर विद्यार्थियों के उज्ज्वल प्रकॅरियर के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और आईएफटीएम विश्वविद्यालय सदैव ऐसे उद्योग-उन्मुख अवसर विद्यार्थियों तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को आईबीएम स्किल्ड बिल्ड प्लेटफॉर्म और सॉफ्ट स्किल का प्रशिक्षण नि:शुल्क उपलब्ध कराया गया, जिससे उद्योग और अकादमिक जगत के बीच की दूरी को कम करने और विद्यार्थियों को ऐसे कौशलों से सशक्त करने के उद्देश्य में सफलता प्राप्त हुई।

प्रशिक्षण के पश्चात विद्यार्थियों को आईबीएम, टीसीएस, इनफोसिस बीपीएम, डबल्यूएनएस, एचडीएफसी, जेनपैक्ट सहित कई प्रमुख कंपनियों में प्लेसमेंट के अवसर प्राप्त होंगे, क्योंकि सेटपा इनफोटेक के 50 से अधिक हायरिंग पार्टनर्स के माध्यम से कैंपस एवं वर्चुअल जॉब ड्राइव संचालित की जाती हैं। इस कार्यक्रम का सफल संच. ालन सेटपा इनफोटेक, नोएडा के समन्वयक श्री प्रकाश, सीनियर ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट ऑफिसर श्री आशीष अग्रवाल और असिस्टेंट ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट ऑफिसर सुश्री अक्षी राजपूत द्वारा किया गया। श्री बंसल ने जानकारी दी कि स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन्स के कुल 152 विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता की।



# काशीराम आवासों पर अपात्रों का अवैध कब्जा

## कब्जाधारियों के समक्ष प्रशासन बेबस, कई बार की जा चुकी है कब्जा हटाने की कोशिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे गरीब परिवारों के लिए बीएसपी सरकार द्वारा शुरू की गई काशीराम आवास योजना आज भी अपने मूल उद्देश्य से कोसों दूर है। वर्ष 2008 से 2011 के बीच इस योजना के तहत चन्दौसी में आवासों का निर्माण शुरू कराया गया था। मुरादाबाद की एक कार्यदायी संस्था को निर्माण का ठेका दिया गया था, जिसे लगभग तीन वर्षों में पूरा होना था। लेकिन संस्था ने निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया और आवासों को नगरपालिका को हैंडओवर नहीं किया गया, जिसके कारण पात्र लाभार्थियों को आवास का लाभ नहीं मिल सका। बीते 15 वर्षों में बीएसपी, सपा और भाजपा सरकारें आ चुकी हैं, लेकिन जिला प्रशासन अब तक इन आवासों को खाली नहीं करा पाया। अधूरे पड़े आवासों पर बाहरी लोगों और स्थानीय अपात्र व्यक्तियों ने अवैध रूप से कब्जा जमा रखा है। सूत्रों के अनुसार, कुछ प्रभावशाली लोग इन अवैध कब्जों का संरक्षण करते हैं और कथित रूप से किराया भी वसूलते हैं। हर बार प्रशासन और नगरपालिका कब्जा हटाने पहुंचते हैं, पर कुछ ही दिनों में स्थिति फिर वैसी ही हो जाती है। पूर्व जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने स्वयं मौके पर पहुंचकर आवासों की दयनीय स्थिति देखी थी। कमरों के दरवाजे-खिड़कियां उखाड़ी जा चुकी थीं, पानी की पाइपलाइनें तक गायब कर दी गई थीं। नगरपालिका के अनुसार, आवासों को दुरुस्त कर पात्रों को नियमानुसार वितरित किया जाना है, पर यह तभी संभव होगा जब अवैध कब्जाधारियों को हटाया जाए। शुक्रवार को अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम सफाई निरीक्षकों और पुलिस बल के साथ काशीराम आवा. सों पर पहुंचे। निरीक्षण में पाया गया कि कुछ बाहरी लोगों ने सड़कों पर ही कच्चे आवास बना लिए थे और मिट्टी के चूल्हे भी स्थापित कर रखे थे। पुलिस बल के पहुंचने पर नायब तहस. ीलदार ने तत्काल कब्जा खाली कराने के आदेश दिए लेकिन अवैध रूप से रह रहे लोगों ने सभासदों को बुलाकर दो दिन का समय मांगा, जिस पर नायब तहसीलदार ने उन्हें दो दिन की मोहलत दे दी। लगातार कार्रवाई के बावजूद स्थायी समाधान न निकलना प्रशासनिक कमजोरी को दर्शाता है। काशीराम आवास योजना पात्र गरीबों के लिए बनी थी, पर अवैध कब्जों और अधूरे निर्माण की वजह से यह योजना आज पूरी तरह लागू नहीं है।



# काशीराम आवासों में खुलेआम बिजली चोरी

## बाहरी लोगों के अवैध कब्जे से बढ़ी समस्या, अवैध रूप से रह रहे लोगों की पहचान कराए प्रशासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** आम नागरिक आज स्मार्ट मीटरों के माध्यम से बढ़ते हुए बिजली बिलों का बोझ झेल रहा है, लेकिन काशीराम आवासों की स्थिति बिल्कुल विपरीत है। यहां न तो किसी आवास में विद्युत कनेक्शन है और न ही मीटर लगे हैं, फिर भी खुलेआम बिजली की चोरी की जा रही है। विद्युत विभाग इन आवासों में चोरी रो. कने के लिए कोई नियमित कार्रवाई नहीं करता। पूर्व जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण के दौरान केबिल हटाए गए थे और स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि बिजली चोरी किसी भी हालत में न होने दी जाए। लेकिन कुछ समय बाद ही दोबारा ट्रांसफॉर्मर से सीधे अवैध केबिल डालकर बड़े पैमाने पर बिजली चोरी शुरू कर दी गई। स्थिति यह है कि प्रत्येक ब्लॉक में चोरी की लाइनें फैली हुई हैं। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि कई स्थानीय लोग, जिनके अपने पक्के मकान शहर में मौजूद हैं, वे अपने मकानों को किराये पर उठाकर स्वयं मुफ्त बिजली का लाभ उठाने के लिए काशीराम आवासों में रह रहे हैं। शुक्रवार को अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम द्वारा सड़क पर बनी झोपडिघ्यों की जांच की गई तो वहाँ रह रहे अधिकांश लोग बांदा और पूर्वांचल के रहने वाले पाए गए, जिन्होंने अवैध रूप से कब्जा जमा रखा है।

नगरपालिका की जेसीबी जैसे ही सफाई में लगी, जमीन से बिजली के अवैध केबिल निकलकर सामने आए। इससे साफ होता है कि ट्रांसफॉर्मर से सीधे केबिल डालकर लंबे समय से बिजली चोरी को संरक्षण दिया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, कोई न कोई प्रभावशाली ठेकेदार इन बाहरी कब्जाधारियों को संरक्षण देकर पर्दे के पीछे से वसूली कर रहा है। प्रशासन को चाहिए कि वह इन लोगों की जांच कर पहचान करे और पात्र लोगों को ही काशीराम आवासों को आवंटित किया जाये, ताकि भविष्य में किसी बड़े खतरे की आशंका नहीं रहे।



# सम्पादकीय

शनिवार, 13 दिसम्बर 2025

## तकरार बरकरार

काफी समय बाद विपक्ष संसद की कार्यवाही से संतुष्ट होता दिखाई दिया। शुक्रवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बेहद गदगद अंदाज में कहा कि संसद में वंदे मातरम् और मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण पर हुई चर्चा के दौरान कांग्रेस तथा विपक्षी गठबंधन के सदस्यों ने जिस तरह सत्ता पक्ष की धज्जियां उड़ाई हैं, इसे भाजपा काफी लंबे समय तक याद रखेगी। उन्होंने विशेषकर देश के गृहमंत्री अमित शाह पर निशाना साधा और कहा कि एसआईआर और वंदे मातरम् पर संसद में चर्चा के दौरान अमित शाह मानसिक रूप से बहुत परेशान दिखाई दे रहे थे। इसका कारण भी उन्होंने खुद ही बताया और कहा कि इसकी वजह है कि यह सब सामने आया है कि भाजपा और उसकी सरकार का पूरा तंत्र वोट चोरी में लिप्त है। उनका यह भी कहना है कि जिस तरह अमित शाह ने सदन में असंसदीय भाषा का प्रयोग किया वह भी यही दर्शाता है कि वे सदन में काफी दबाव में थे। उन्होंने तो सीधे शब्दों में ही कह डाला कि सदन में वंदे मातरम् और एसआईआर की डिबेट ने सत्ता पक्ष की धज्जियां उड़ा दी। इसमें कोई दोराय नहीं कि काफी लंबे समय बाद जारी संसद के शीतकालीन सत्र में संसद में कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा देखने को मिली और इसमें सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच दिलचस्प नोकझोंक देखने को मिली। जैसाकि लोकसभा में पार्टी के नेता गौरव गोगोई ने कहा भी कि उनकी पार्टी और सहयोगी दलों ने एसआईआर और वंदे मातरम् जैसे मुद्दे पर जबरदस्त तरीके से चर्चाओं में भाग लिया और बड़ी शिद्दत के साथ मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी तथा प्रियंका गांधी ने अपनी बात रखी। उन्होंने अपने नेताओं की तारीफ की और कहा कि उनकी आक्रामकता के चलते सत्ता पक्ष सक्ते में था। लोकतंत्र में सदन में चर्चा और बहस का अपना एक महत्व होता है और उसके द्वारा ही सत्ता पक्ष व विपक्ष अपनी बात को जनता के सामने लाते हैं। इस तरह की चर्चाएं होनी ही चाहिएं। इन चर्चाओं ने एक बार फिर यह बता दिया है कि देश अभी भी एकजुट होकर आगे नहीं बढ़ रहा है। विशेषकर एसआईआर को लेकर अभी भी सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच बड़ी खाई बनी हुई है। प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी तो और भी आक्रामक अंदाज में दिखाई दे रही हैं। उन्होंने तो यहां तक कह दिया कि उन्होंने अभी तक फार्म फिल नहीं किया है। ऐसा कहते हुए उन्होंने यह खुद ही जोड़ दिया कि क्यों करूं। वह तीन बार केंद्रीय मंत्री रही हैं, सात बार सांसद रही हैं और तीन बार प. बंगाल राज्य की मुख्यमंत्री रही हैं। वह खुद ही चुनाव आयोग से सवाल करती दिखाई देती हैं कि अब क्या उन्हें प्रमाणित करना होगा कि वह देश की नागरिक हैं या नहीं, इससे तो जमीन पर नाक रगड़ना बेहतर है, यह कोई और नहीं प. बंगाल जैसे राज्य की मुख्यमंत्री के बयान हैं। इसलिए उनके बयानों को केवल राजनीति से प्रेरित होकर एकसिरे से खारिज नहीं किया जा सकता। इसलिए चुनाव आयोग को भी सोचना चाहिए कि वह इस तरह काम करे, जिससे नेताओं का भरोसा भी विशेषकर विपक्षी नेताओं का उसे हासिल हो। आखिर चुनाव प्रक्रिया में विश्वास ही तो सबसे बड़ी बात होती है।

## सरकार का पूरा तंत्र वोट चोरी में लिप्त



संसद में वंदे मातरम और मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर हुई चर्चा के दौरान कांग्रेस तथा विपक्षी गठबंधन के सदस्यों ने जिस तरह सत्ता पक्ष की धज्जियां उड़ाई हैं और इससे भारतीय जनता पार्टी तथा उसके नेताओं की जो स्थिति थी, वह देखकर उन्हें बहुत अच्छा लगा है, विपक्षी गठबंधन के सदस्यों ने इन दोनों मुद्दों पर हुई चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष की धज्जियां उड़ाई हैं और गृहमंत्री अमित शाह इससे मानसिक रूप से बहुत परेशान थे, इसी की वजह है कि यह सच सामने आया है कि भाजपा और उसकी सरकार का पूरा तंत्र वोट चोरी में लिप्त है और यही कारण है कि श्री शाह ने परेशान होकर सदन में असंसदीय भाषा को प्रयोग किया।

**-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# अरावली नहीं बची, तो आप भी नहीं बचेंगे





**पवन सिंह**


अरावली पर्वत श्रंखला दुनिया की प्राचीनतम पर्वत श्रंखला है। इसका विस्तार गुजरात, राजस्थान, हरियाणा व दिल्ली तक है। यह गुजरात में पालनपुर के पास से शुरू होकर राजस्थान और हरियाणा से होते हुए दिल्ली तक जाती है। इसका निर्माण भारतीय और यूरे. शियन प्लेटों के टकराने से हुआ, जब यह प्राकृतिक घटना हुई उस युग को प्रोटेरोजोइक युग कहा जाता है जो लगभग 1.5 अरब साल पहले था जो

एक ओरोजेनी यानी पर्वत निर्माण की प्रक्रिया थी। इस प्राकृतिक घटना के बाद प्राचीन वलित पर्वत जिसे अंग्रेजी में Fold Mountains कहते हैं, बने और अब अपरदन के कारण अवशिष्ट पर्वत यानी कि Residual Mountains कहे जाते हैं। पैलियोप्रोटेरोजोइक युग से संबंधित यह पर्वत श्रंखला करीब 670 मिलियन वर्ष पुरानी मानी जाती है जो हिमालियन रेंज के निर्माण से पूर्व की है। यह पूरी श्रंखला मानव अस्तित्व के लिए किसी वरदान की तरह है जिसे चंद ताकतवर मनुष्यों की लाबी ने सुप्रीम कोर्ट के सहारे नेस्तनाबूद करने का जो खेल खेला है, वह चार राज्यों को पूरी तरह तहस-नहस कर देगा। हालात यहां तक हो जाएंगे कि चारों के चारों राज्य बूंद-बूद पानी को तरसी जाएंगे और खेती तबाह हो जाएगी। अरावली अगर समाप्त हुई तो करोड़ों लोग भी बेमौत मारे जाएंगे। नेचर किसी भी प्रधानमंत्री, किसी भी राष्ट्राध्यक्ष किसी सुप्रीमकोर्ट को नहीं जानती उसे केवल बदला लेना आता है। आप छेड़ेंगे तो वह आपको, आपकी पीढ़ियों समेत नेस्तनाबूद कर देगी। अरावली की सबसे ऊंची चोटी गुरु शिखर है, जो राजस्थान के माउंट आबू क्षेत्र में है। इसकी ऊंचाई 1,722 मीटर (5,650 फीट) है जबकि हरियाणा के नारनौल के पास स्थित ढोसी में इसकी ऊंचाई 3840 फीट है। कहा जाता है कि यहीं च्यवन ऋषि ने स्थानीय जड़ी-बूटियों से च्यवनप्राश का निर्माण किया था। बाबरनामा में इसी पहाड़ी पर शिलाजीत उपलब्ध होने का वर्णन भी मिलता है लेकिन प्राकृतिक संसाधनों के डकैतों ने अरावली रेंज को ही लूटने का आदेश जारी करवा लिया है, क्योंकि उनको पीढ़ियों की लाशों की कीमत पर स्लेट, बहुरंगी संगमरमर, कैल्साइट, लौह अयस्क, तांबा अयस्क चाहिए। दिल्ली के आस-पास की अरावली पहाड़ियों को कंक्रीट के लिए नष्ट किया जा रहा है।

जबकि यह पहाड़ी आज भी दिल्ली रेगिस्तान होने से बचाएं हुए है। जिस दिन यह पर्वत श्रंखला पूरी तरह से हट जाएगी उसी दिन से दिल्ली ही सुप्रीम कोर्ट भी उसका हश्र देखेगा। राजस्थान से उठने वाली गर्म हवाएं नरक का वह तांडव करेंगी की लोग त्राहि-त्राहि कर उठेंगे। विगत कुछ सालों से दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के झटके लगातार आ रहे हैं, यह पहाड़ी ही है जो भूकंप की तीव्रता को रोक लेती है। अरावली पर्वतमाला अगर न बची तो दिल्ली-एनसीआर भी नहीं बचेगा। सुप्रीमकोर्ट इस पूरी प्राकृतिक संरचना से अच्छी तरह से वाकिफ है और अपने पूर्व के तमाम फैसलों में वह अरावली के भूगर्भीय व भौगोलिक संवेदनशीलता पर टिप्पणियां कर चुका है। इधर बीते कुछ सालों में जंगल, जमीन और पहाड़ों की ऐसी लूट आरंभ हुई है और संसाधनों को लूट लेने की ऐसी हवस पैदा हुई है जिसे शब्द नहीं दिए जा सकते। अरावली पहाड़ी क्षेत्र गांवों की सामुदायिक भूमि व पंचायती भूमि हजारों हेक्टेयर में है और धीरे-धीरे जब जमीनों की कीमतें बढ़ीं तो धन पशुओं की जमात इधर आई और लोग अरावली के संवेदनशील पारिस्थितिकी तंत्र में फार्म हाउस बनने लगे। फिर तो ताकतवर जमीनखोर लुटेरों की पूरी फौज नादिरशाह के अंदाज में इधर आ गई। देश में सरकारी संस्थानों और वहां कार्यरत अधिकारियों की पैसे की राक्षसी भूख ने इस क्षेत्र की भूमि के स्वरूप को कागजों पर बदलना आरंभ कर दिया।

दूसरी ओर, अरावली के बहुत बहुत बड़े क्षेत्र की मिल्कियत व्यक्तिगत नहीं होने के कारण भू-माफिया ने इस क्षेत्र के भोले-भाले गांव वालों को लालच दिया और खेल शुरू। सामुदायिक भूमि का हिस्सा बड़ी चालाकी से बेचा गया न कि विशेष खसरा और किला नंबर। इसके बाद बनने शुरू हुए बड़े-बड़े फार्म हाऊस जो रंगमहल सरीखे हो गए। वन विभाग और राजस्व विभाग के खेल अब नए नहीं रहे। भ्रष्टाचार की गंगोत्री ऊपर से प्रवाहित हुई तो सिटी टाउन प्लानर, शहरी विकास प्राधिकरणों, नगर निकायों और पुलिस विभाग व न्यायतंत्र को सिंचित करती रही। अगर ईमानदारी से भू-संरक्षण अधिनियम 1900, वन अधिनियम 1927, वन जीव संरक्षण अधिनियम 1972 व वन संरक्षण अधिनियम 1980 को लागू कर दिया जाए तो ये सारे के सारे धनपशु मटियामेट हो जाएंगे लेकिन वर्तमान को देखते हुए यह सोचना रात में सूरज देखने जैसा है। दिनांक, 21 दिसंबर 1992 को तत्कालीन केन्द्र सरकार के पर्यावरण और वन मंत्रालय ने एक स्पष्ट आदेश जारी किया। आदेशानुसार-भू-संरक्षण अधिनियम के तहत समूचे वन क्षेत्र को वन भूमि माना जाएगा। गैर वानिकी गतिविधि नहीं हो सकेगी यहां तक कि निजी भूमि पर भी वन अधिनियम 1980 ही लागू होगा। 7 मई 1992 को भारत सरकार के पर्यावरण मंत्रालय ने गुरुग्राम जिले में पर्यावरण संरक्षण अधिनियम (ईपीए) के तहत एक आदेश जारी किया कि अरावली क्षेत्र में किसी प्रकार का भू-परिवर्तन नहीं हो सकता, लेकिन अरावली का संवेदशील पारिस्थितिकी तंत्र नेताओं, अधिकारियों व भू-माफिया ने मिलकर लूट डाला और अब इस पूरी रेंज को ही खा जाना चाहते हैं। मौजूदा समय में अरावली पहाड़ी क्षेत्र के करीब 15 हजार एकड़ भूमि पर गैर वानिकी कार्य हो चुके हैं और यह दुखद ही नहीं भयावह है। अरावली पर्वत श्रंखलाएं राजस्थान, हरियाणा, गुजरात व दिल्ली के पारिस्थितिकी तंत्र को संभालती रही हैं। वर्षा चक्र, इन क्षेत्रों का तापमान, ग्राउंड वाटर रीचार्ज सिस्टम। सब कुछ यह रेंज तय करती है। ये पहाड़ियां दिल्ली, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश को रेतीली गर्म धूल, आंधियों, तूफानों और बाढ़ से सदियों तक बचाती रही हैं लेकिन लगातार दोहन ने करोड़ों जीवन खतरे में डाल दिया है। एक रिसर्च के अनुसार अरावली क्षेत्र को खनन माफियाओं ने इतना ज्यादा क्षति पहुंचा दी है कि थार रेगिस्तान की रेत दिल्ली की ओर लगातार बढ़ती जा रही है। इसके अतिरिक्त राजस्थान व हरियाणा तक होने वाले खनन ने जमीन की उर्वरता को लगभग खत्म कर दिया है। इसका परिणाम यह हो रहा है कि हरियाणा व पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सूखा व राजस्थान के रेतीले इलाके में बाढ़ के हालात बनने लगे हैं। राजस्थान के तमाम इलाकों में अचानक बाढ़ का हमला इसी का नतीजा है। यहां तक किमानसून का पैटर्न बदल गया है।

वर्ष, 2002 में इस समूचे क्षेत्र के पर्यावरण को बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने खनन पर पाबंदी लगा दी, लेकिन पैसे की हवस ने सरकारी तंत्र को खरीद डाला। राजस्थान की हालत यह है कि यहां के 15 जिलों में सबसे ज्यादा अवैध खनन धड़ल्ले से हो रहा है और सरकारी तंत्र खामोश है। वैसे नियमों के अनुसार तो अरावली पर्वत श्रंखला की एक किलोमीटर की परिधि में खनन नहीं हो सकता, लेकिन पैसों की भूख का कमाल देखिए कि वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने ही नियमों में संशोधन कर राजस्थान के कई ऐसे भू-भागों को खनन के लिए शामिल कर लिए हैं, जो इन पहाड़ियों से सटे हैं। लेखा परीक्षक और नियंत्रक की एक रिपोर्ट आई थी उसके अनुसार- राजस्थान के अंदर अरावली पर्वत श्रृंखला में उत्खननों का कोई नियम नहीं रह गया है। धड़ाधड़ खनन के पट्टे जारी हुए, नवीनीकरण और तो और केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने भी इसके लिए हां कर दी। परिणाम यह हो रहा है कि एक के बाद एक अरावली पर्वत कुछ ही महीनों में कटकर गायब होती जा रही हैं। अरावली में जबरदस्त तरीके से जारी अवैध खनन ने सरिस्का टाइगर रिजर्व को भी खतरे में डाल दिया है। उधर पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित खनन की एक नई परिभाषा ने गंभीर चिंता पैदा कर दी है। सुप्रीम कोर्ट में ड्राफ्ट के अनुसार, अब सिर्फ 100 मीटर से ऊंची पहाड़ियां ही अरावली पहाड़ियां कही जाएंगी। यह ड्राफ्ट 2010 के फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया के उन नियमों को बदल रहा है जिसमें 3 डिग्री ढलान, 115 मीटर ऊंचाई और 100 मीटर बफर जोन को शामिल किया गया था और अक्टूबर, 2024 में FSI के नए सुझाव में 30 मीटर ऊंचाई और 4.57 डिग्री ढलान को मानक बनाकर संरक्षण की बात की गई थी। अब अगर सुप्रीम कोर्ट के ड्राफ्ट को लागू किया गया तो समूचा अरावली खत्म हो जाएगा। इसका सच फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया की एक महत्वपूर्ण रिपोर्ट में दर्ज है। इसके अनुसार- राजस्थान के 15 जिलों में अरावली की 12081 पहाड़ियां जो मात्र 20 मीटर से ऊंची हैं, इनमें से केवल 1048 पहाड़ियां ही यानी कि 8.7 प्रतिशत ही 100 मीटर से ऊंची हैं। अगर नए नियम लागू हुए तो 90 प्रतिशत पहाड़ियां भू-माफिया और उनके पैरोकार कुछ ही सालों में चबा जाएंगे। बकौल रिपोर्ट, 1594 पहाड़ियां 80 मीटर ऊंची हैं, 2656 पहाड़ियां 60 मीटर ऊंची हैं व 5009 पहाड़ियां 40 मीटर ऊंची हैं। जबकि करीब 10 हजार 494 पहाड़ियां 20 मीटर तक की ऊंचाई वाली हैं। अब आप सहज अनुमान लगाइए कि कितने प्रतिशत पहाड़ियां बचेंगी और अगर यह खत्म हुई तो बहुत कुछ प्रकृति खुद ही खत्म कर देगी। वो ड्राफ्ट बनाने वाले, वो ड्राफ्ट पास करने वाले वो खनन करने वाले। सबको नेचर मिट्टी में मिला देगी और आम जनता तो मरने के लिए ही पैदा होती है।



अरावली पर्वतमाला भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि यह मरुस्थलीकरण को रोकती है, मानसून को नियंत्रित करती है, पानी के स्रोत (लूनी, साबरमती जैसी नदियां) प्रदान करती है, जैव विविधता (तेंदुए, ब्लैकबक, औषधीय पौधे) का घर है, खनिज संसाधनों (तांबा, संगमरमर) का भंडार है और दिल्ली-एनसीआर के लिए एक प्राकृतिक फेफड़े का काम करके प्रदूषण कम करती है, लेकिन खनन और अतिक्रमण से इसे गंभीर खतरा है।

यह थार रेगिस्तान की रेत को आगे बढ़ने से रोकती है, जिससे राजस्थान और गंगा के मैदानों की रक्षा होती है। यह मानसून को आकर्षित करती है, पर्याप्त बारिश सुनिश्चित करती है और भूजल को रिचार्ज करती है। लूनी और साबरमती जैसी कई नदियां यहीं से निकलती हैं, जो शुष्क क्षेत्रों के लिए जीवनदायिनी हैं। यह तेंदुओं, ब्लैकबक, और कई लुप्तप्राय पौधों की प्रजातियों का घर है, जो पारंपरिक चिकित्सा में भी उपयोगी हैं। शहरीकरण और प्रदूषण के बीच, यह हरियाली प्रदान करती है और दिल्ली-एनसीआर के लिए एक प्राकृतिक फिल्टर का काम करती है। इसमें तांबा, रॉक फॉस्फेट, जस्ता, और संगमरमर जैसे मूल्यवान खनिज पाए जाते हैं। यह प्राचीन मानव बस्तियों और पुरातात्विक स्थलों का प्रमाण है, जो भारत के मानव इतिहास को समझने में मदद करता है। अनियोजित शहरीकरण और अतिक्रमण के कारण अरावली को भारी नुकसान हुआ है, जिससे वन्यजीवों के आवास नष्ट हो रहे हैं और पर्यावरण संकट गहरा रहा है।

# सर्दियों में बालों को खुशबूदार बनाने के लिए हेयर परफ्यूम





**शहनाज हुसैन**

कड़ाके की सर्दी ने दस्तक दे दी है, ऐसे में हर महिला को बाल धोने में आलस आता है। कई बार हेयर वाश 5 -6 दिनों तक नहीं हो पता क्योंकि इस बात की ही उलझन रहती हैं कि किस दिन बाल धोने चाहिए। आजकल शादियों और पार्टियों का दौर चल रहा है। ऐसे में अगर शादी या पार्टी का कोई न्यौता आ गया तो बाल धोना मजबूरी हो जाती है लेकिन आधा घण्टा उन्हें सूखने में लग जाता है। हालांकि हेयर वाश बालों की हैल्थ के लिए काफी जरूरी माना जाता है लेकिन अगर आप बालों को धोने से परहेज कर रही हैं और आपको पार्टी में जाना जरूरी है तो हेयर परफ्यूम आपके बालों के लिए बेहतर बिकल्प है। हेयर परफ्यूम बालों को सुगन्धित करने के साथ है फ्रेश लुक देने में भी मदद करता है। हेयर परफ्यूम बालों से आने बाली बदबू को रोकता है और रूखे , फ्रिजी और बेजान बालों पर असरदार साबित होता है, लेकिन असली सवाल है की हेयर परफ्यूम कैसे काम करता है और कितना सुरक्षित है। हेयर परफ्यूम का कोई साइड इफेक्ट नहीं होता है।

इसकी खुशबू आम परफ्यूम से हल्की होती है, इसलिए इसका ज्यादा इस्तेमाल करना मुश्किल होता है। जिस तरह आप बॉडी परफ्यूम का इस्तेमाल करती हैं, ठीक उसी तरह बालों को खुशबूदार बनाने के लिए हेयर परफ्यूम का भी इस्तेमाल कर सकती हैं । यह बालों को अपनी खुश्बू से महकाता है और साथ साथ बालों को मॉइस्चराइज भी करता है जिससे बाल हेल्दी और तरो ताजा नजर आते हैं और बालों की बेहतर लुक नजर आती है हेयर परफ्यूम बालों को सुन्दर दिखाने के साथ ही लग्जरी टच जोड़ता है और आपको आत्मविश्वास तथा ताजगी महसूस करवाता है। कुछ लोग बॉडी परफ्यूम को ही बालों पर छिड़क देते हैं लेकिन उसमें अल्कोहल होता है जो बालों को और ज्यादा रूखा और बेजान बना देता है। दूसरी ओर हेयर परफ्यूम में अल्कोहल की मात्रा बहुत कम होती है, इसलिए यह आपके बालों के लिए ज्यादा सुरक्षित है। यह आमतौर पर पानी पर आधारित होता है, इसलिए यह आपके बालों को भारी नहीं बनाएगा और न ही उन्हें रूखा या चिपचिपा बनाएगा। हालांकि बड़ी नामी कम्पनियां बाजार में ब्राण्डेड हेयर स्प्रे बेचती हैं लेकिन अगर घर पर हर्बल हेयर स्प्रे बनाया जाए तो बेहतर होगा।

### गुलाब की खुशबू का हेयर परफ्यूम

इस घर पर बने गुलाब। हेयर परफ्यूम से गुलाबों की रोमांटिक खुशबू का आनंद लें। गुलाब की मनमोहक खुशबू आपके बालों को अद्भुत रूप से ताजा और सुग. ंधित महसूस कराएगी। गुलाब की खुशबु का हेयर परफ्यूम बनाने के लिए 2 चम्मच गुलाब का तेल, 1 चम्मच जोजोबा ऑयल और 5 चम्मच गुलाब जल को एक स्प्रे बोतल में डाल कर मिक्स करें। आपका होममेड गुलाब की खुशबू वाला हेयर परफ्यूम तैयार है। शादी या पार्टी में जाने से पहले इस हेयर परफ्यूम को बालों पर लगाएं। इससे न सिर्फ आपके बालों से अच्छी खुशबू आएगी बल्कि बालों को पोषण भी मिलेगा। हेयर परफ्यूम को आप अन्य तरीकों से भी बना सकती हैं। कांच के एक बर्तन में आधा चमच्च गुलाब जल और एक चमच्च बिच हेजल को अच्छे तरह मिला लें अब इस मिश्रण में पांच बूंदे गुलाब तेल मिला कर बने मिश्रण को स्प्रे बोतल में डाल लें यह हेयर स्प्रे तैयार है और आप इसे शादी या पार्टी में जाने से पहले प्रयोग कर सकती हैं। हेयर परफ्यूम बनाने के लिए 1/4 कप होम मेड गुलाब जल में 1 चम्मच एलोवेरा जेल मिलाएं अगर आप एलोवेरा जेल को थोड़ा ब्लेंड कर लेंगी तो अच्छा होगा। अब इसमें 10 बूंदें लैवेंडर एसेंशियल ऑयल की और 10 बूंदें जैस्मिन एसेंशियल ऑयल की मिलाएं। इसे अच्छे से मिक्स कर लें और फिर स्प्रे बॉटल में स्टोर कर फ्जि में रखें। कांच के कटोरे में आधा कप गुलाब जल , चार बुंदे बेनीला अर्क, 20 बुंदे ग्रेप फ्रूट एसेंशियल आयल और 10 बूंदे जैस्मिन एसेंशियल आयल को एक साथ अच्छे से मिला लें अब इस मिश्रण को स्प्रे बोतल में डाल कर फ्रिज में रख लें और अपनी जरूरत के हिसाब से उपयोग करें।

### हेयर परफ्यूम लगाने के लिए

सबसे पहले बोतल को अपने बालों से लगभग छह से आठ इंच की दूरी पर रखें। इसके बाद, हल्का स्प्रे करें, ध्यान रहे कि यह बालों के बीचों।बीच और सिरों पर ज्यादा केंद्रित हो। जड़ों की बजाय बालों के बीच की लंबाई और सिरे पर ध्यान दें, ताकि सुगंधित बाल उत्पादों का समान वितरण सुनिश्चित हो सके। यह तरीका खुशबू को समान रूप से फैलाने में मदद करता है। इससे आपके बाल भारी नहीं होंगे और न ही कोई चिपचिपा निशान छोड़ेंगे। बेहतर होगा अगर हेयर परफ्यूम को आप किसी ड्राई प्लेस रखेंगी। हेयर परफ्यूम को आप हफ्ता भर आराम से स्टोर कर सकती हैं वैसे अगर मौसम ठंडा है तो ए और भी ज्यादा चलेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### थाईलैंड के राजा ने चुनाव से पहले संसद भंग की

**बैंकॉक।** थाईलैंड के राजा ने संसद के निचले सदन को भंग करने वाले एक शाही फरमान को मंजूरी दे दी है। रॉयल गजट में शुक्रवार को प्रकाशित एक घोषणा में इसकी पुष्टि की गई, जिससे यहां अगले साल की शुरुआत में आम चुनाव का रास्ता साफ हो गया है। प्रधानमंत्री अनुतिन चर्नविरकुल द्वारा हस्ताक्षरित इस शाही आदेश में उनकी सरकार की स्थिति को 'अल्पमत सरकार' बताते हुए इसे भंग करने का प्राथमिक कारण बताया गया है। इसमें कहा गया है, वर्तमान प्रशासन (जिसने सितम्बर 2025 में पदभार संभाला था) कई दलों के एक गठबंधन से बना था जो प्रतिनिधि सभा में बहुमत हासिल करने में विफल रहा।

### चीन के रडार लॉक की घटना पर चिंता जताई

**टोक्यो।** अमेरिका के युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ और जापान के रक्षा मंत्री शिजिरो कोइजुमी ने चीनी सैन्य विमान से जुड़े रडार लॉक की घटना पर गंभीर चिंता जताई। गत 6 दिसम्बर को एक चीनी फाइटर जेट ने दक्षिण-पश्चिमी जापान में ओकिनावा प्रीफेक्चर के पास जापानी एयर सेल्फ-डिफेंस फोर्स के विमान पर अपने रडार को टारगेट किया। जापान के रक्षा मंत्रालय के एक बयान के मुताबिक दोनों रक्षा प्रमुखों ने 6 दिसम्बर की रडार घटना और इलाके में तेजी से गंभीर होती सुरक्षा स्थितियों पर चर्चा की।

### हमास पर मानवता के खिलाफ अपराधों का आरोप

**लंदन।** एमनेस्टी इंटरनेशनल ने कहा है कि हमास और अन्य फलस्तीनी सशस्त्र समूहों ने सात अक्टूबर, 2023 से दक्षिणी इजरायल पर शुरू किए गए अपने हमलों के दौरान मानवता के खिलाफ अपराध, युद्ध अपराध और अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानूनों का उल्लंघन किया है। मानवाधिकार संगठन ने कहा कि उस दिन नागरिकों की बड़े पैमाने पर हत्या विनाश के रूप में मानवता के खिलाफ अपराध के बराबर थी।

### स्पेन में बच्चों का सोशल मीडिया अकाउंट ब्लॉक होगा

**मैड्रिड।** स्पेन सरकार सोशल मीडिया अकाउंट बनाने की न्यूनतम कानूनी उम्र 16 साल करने पर विचार कर रही है। इस कानून के तहत उन्हें माता-पिता की सहमति के बिना अकाउंट खोलने की अनुमति नहीं होगी। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को ऑनलाइन सुरक्षा प्रदान करना है। यह जानकारी स्पेन के डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन और सिविल सर्विस मंत्रालय ने उपलब्ध कराई। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सरकार एक ऐसा विधेयक लाने पर विचार कर रही है जो माता-पिता की सहमति के बिना सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने के लिए 'डिजिटल एज ऑफ मैजोरिटी' को 14 से बढ़ाकर 16 कर देगा।



**मुंबई। वाई बी चव्हाण सेंटर में एनसीपी 'एसपी' प्रमुख शरद पवार का 85वां जन्मदिन मनाने के लिए एकत्रित हुए पार्टी नेता और कार्यकर्ता।**

## यूरोपीय संघ ने अफगानिस्तान संरा के डब्ल्यूएफपी को दिया योगदान

**मॉस्को।** रोपीय संघ (ईयू) ने अफगानिस्तान में मानवीय जरुरतों को मजबूत करने और खाद्य सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) को दो करोड़ 90 लाख 30 हजार रुपये दिए हैं। अफगानिस्तान में ईयू प्रभारी डी' अफेयर्स वेरोनिका बोस्कोविक-पोहर ने यह जानकारी दी है। बोस्कोविक-पोहर ने कहा डब्ल्यूएफपी में यूरोपियन संघ का नया योगदान अफगान लोगों, खासकर महिलाओं, बच्चों और कमजोर स्थानीय समुदाय के प्रति हमारे लगातार समर्पण को दिखाता है। कृषि और

# पाक में सोशल मीडिया पर कसेगा शिकंजा!

## कानून और न्याय राज्य मंत्री बेरिस्टर अकील मलिक ने कंपनियों को दी चेतावनी



**सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स जिसका पाकिस्तान में लगभग 45 लाख उपयोगकर्ता हैं, सरकार के साथ सबसे कम सहयोग कर रहा है: मलिक**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कानून और न्याय राज्य मंत्री बरिस्टर अकील मलिक ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स को बड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स सरकार के साथ सहयोग नहीं करते हैं, तो उन्हें बैन किया जा सकता है।

बरिस्टर मलिक ने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स जिसका पाकिस्तान में लगभग 45 लाख उपयोगकर्ता हैं, सरकार के साथ सबसे कम सहयोग कर रहा है। उन्होंने कहा कि एक्स को कई बार नोटिस दिए जा चुके हैं और उन्हें पाकिस्तान में कार्यालय खोलने के लिए भी कहा गया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। मंत्री ने आगे कहा कि पैलेस्टाइन से जुड़े पोस्ट 24 घंटे में हटा दिए जाते हैं, लेकिन यहां हम आतंकवाद से जुड़े मामले की बात कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जो प्लेटफार्म सहयोग नहीं करेगा, उसके खिलाफ भी ब्राजील जैसी कार्रवाई हो सकती है। बता दें कि ब्राजील में एक्स पर कोर्ट के आदेश का पालन न करने पर 5.2 मिलियन डालर का जुर्माना लगाया गया और 22 मिलियन उपयोगकर्ताओं वाला प्लेटफार्म वहां अस्थायी रूप से बंद किया गया। बरिस्टर मलिक ने यह भी कहा कि इमरान खान के एक्स अकाउंट के मामले में जांच चल रही है। पाकिस्तान की फेडरल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एफआईए) ने इमरान से जेल में उनके 'एंटी-स्टेट' पोस्ट और विदेश नीति पर टिप्पणियों के बारे में सवाल किए हैं। इससे पहले सितम्बर में इस्लामाबाद हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। इसमें कहा गया था कि जेल में रहने के दौरान उनके एक्स अकाउंट का संचालन कौन कर रहा है, इसकी जांच राष्ट्रीय साइबर क्राइम इन्वेस्टिगेशन एजेंसी और पाकिस्तान टेलीकाम अथारिटी (पीटीए) को करने का आदेश दिया जाए। कुल मिलाकर मामले में बरिस्टर मलिक ने साफ कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स आतंकवाद, गलत सूचना और अफवाह फैलाने के लिए इस्तेमाल नहीं होने चाहिए और एक्स इस मामले में सबसे कम सहयोग कर रहा है।

## टैरिफ-एच-1बी वीजा शुल्क से भारत-अमेरिका रिश्तों पर असर

# ट्रम्प के रुख पर अमेरिकी सांसदों ने जताई चिंता

**कहा: भारत-अमेरिका के बीच लंबे समय से चले आ रहे आपसी भरोसे और लोगों के बीच के रिश्तों को झटका दे रहे ये कदम**

**मोदी की पुतिन और शी जिनपिंग के साथ हालिया मुलाकातों से कांग्रेस के कई सदस्यों में बेचैनी देखी जा रही**




**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** अमेरिका में कई सांसदों ने ट्रम्प प्रशासन की हालिया नीतियों, जैसे एच-1बी वीजा पर एक लाख डॉलर की भारी फीस और भारत से आयात पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ, पर गहरी चिंता जताई है। उनका कहना है कि ये कदम न सिर्फ अमेरिकी कंपनियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, बल्कि भारत-अमेरिका के बीच लंबे समय से चले आ रहे आपसी भरोसे और लोगों के बीच के रिश्तों को भी झटका दे रहे हैं।

हाउस फारेन अफेयर्स की एक सबकमेटी में सुनवाई के दौरान अमेरिकी सांसद एमी बेरा ने कहा कि भारत-अमेरिका साझेदारी को वर्षों से दोनों पार्टियों और कई राष्ट्रपतियों ने मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि हमारे आर्थिक और रणनीतिक हित एक-दूसरे से जुड़े हैं। इंडो-पैसिफिक में शांति और स्थिरता, दोनों देशों की ही जरूरत है, लेकिन बेरा ने यह भी स्वीकार किया कि एच-1बी वीजा पर एक लाख डॉलर की फीस बढ़ाने का फैसला अमेरिकी कंपनियों को सीधे तौर पर नुकसान पहुंचाएगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की रूस के राष्ट्रपति पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ हालिया मुलाकातों से 'कांग्रेस के कई सदस्यों में बेचैनी' देखी जा रही है। भारतीय मूल की अमेरिकी सांसद प्रमिला जयपाल ने भी इन नीतियों पर कड़ा एतराज जताया। उन्होंने कहा कि ट्रम्प प्रशासन के 50 प्रतिशत टैरिफ से भारत की अर्थव्यवस्था को झटका लग रहा है और अमेरिकी उपभोक्ता भी महंगे उत्पाद झेलने को मजबूर हैं। प्रमिला जयपाल, जो खुद कभी छात्र वीजा और एच-1बी पर अमेरिका आई थीं, ने कहा कि कानूनी इमिग्रेशन रास्तों को बंद करना हमारी ऐतिहासिक गलतियों को दोहराने जैसा है। इससे लोगों के बीच के रिश्ते टूटते हैं। उन्होंने बढ़ती 'एंटी-इंडियन हेट' पर भी चिंता जताई और कहा कि भारतीय-अमेरिकी समुदाय अमेरिका की अर्थव्यवस्था और नवाचार का अहम स्तंभ है, स्टार्टअप्स और फार्च्यून 500 कंपनियों में उनकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। इस सुनवाई में विशेषज्ञ ध्रुव जयशंकर ने कहा कि 1998 के बाद से भारत-अमेरिका रिश्ते कई दौरों से गुजरे हैं, न्यूक्लियर प्रतिबंधों से लेकर रक्षा, व्यापार, टेक और रणनीति में करीबी साझेदारी तक। लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि इन रिश्तों में अब एक प्रकार की राजनीतिक ठहराव की स्थिति दिख रही है। उनके मुताबिक सबसे बड़ी बाधा ट्रेड और टैरिफ विवाद हैं। उन्होंने बताया कि भारत ने हाल के वर्षों में कई व्यापार समझौते किए हैं और अमेरिका के साथ भी समाधान करीब दिख रहा है। ध्रुव जयशंकर ने कहा कि अमेरिका का पाकिस्तान की सेना के साथ नया जुड़ाव भारत में चिंता पैदा कर रहा है। उन्होंने याद दिलाया कि पाकिस्तान का आतंकवादी समूहों का उपयोग करने का लंबा इतिहास रहा है, और इसीलिए अमेरिका की श्डी-हाइफनेशन नीति, दोनों देशों से अलग-अलग संबंध, पहले बेहतर काम करती थी। भारत के प्रति अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नीतियां रणनीतिक विश्वास और आपसी हितों को वास्तविक और स्थाई नुकसान पहुंचा रही हैं। यदि ट्रम्प ने अपना रुख नहीं बदला, तो वह भारत को खो देने वाले राष्ट्रपति साबित होंगे।

## एआई नियमों पर राष्ट्रपति ट्रम्प सख्त

**राज्यों की अलग नीतियां रोकने के लिए जारी किया नया आदेश**

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एआई नियमों को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपना सख्त रुख अपनाया है। इसके तहत ट्रम्प ने एक नया कार्यकारी आदेश भी जारी किया। इस आदेश का मकसद है कि अलग-अलग अमेरिकी राज्यों द्वारा अपने- अपने नियम बनाकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) उद्योग की प्रगति न रोक दी जाए। मामले में ट्रम्प का कहना है कि अगर हर राज्य अपने नियम बनाएगा, तो कंपनियों को 50 जगह से मंजूरी लेनी पड़ेगी, जिससे अमेरिका चीन के खिलाफ एआई की वैश्विक प्रतिस्पर्धा में पीछे रह जाएगा। अपने इस आदेश को लेकर ट्रम्प ने कहा कि एआई पर दुनिया में दौड़ लगी हुई है। ऐसे में चीन में कंपनियों को सिर्फ एक जगह से मंजूरी लेनी पड़ती है। लेकिन अमेरिका में अगर अलग-अलग राज्यों के 50 तरह के नियम हुए, तो उद्योग आगे नहीं बढ़ पाएगा।

# फैज हमीद को मिली सजा, तो बस शुरुआत

**पाक सांसद फैसल वावड़ा का दावा, अभी कई जाएंगे जेल, 9 मई के दंगों से संबंधित आरोपों पर अभी फैसला होना बाकी**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस के पूर्व प्रमुख फैज हमीद को सेना के कानूनों का उल्लंघन करने के आरोप में एक सैन्य अदालत ने 14 साल जेल की सजा सुनाई है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि आईएसआई चीफ फैज हमीद को दी गई सजा महज 'शुरुआत' हो सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक यह दो साल पहले सेना विरोधी दंगों में शामिल राजनेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ नए मामलों की बाढ़ आने का इशारा माना जा सकता है।

फैज हमीद को गुरुवार को एक सैन्य अदालत ने 14 साल जेल की सजा सुनाई, जिसने उन्हें आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम का उल्लंघन करने और राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने सहित कई आरोपों में दोषी पाया। डान की एक रिपोर्ट के मुताबिक अदालत के बयान में कहा गया है कि राजनीतिक तत्वों के साथ मिलीभगत करके निहित स्वार्थों से प्रेरित राजनीतिक आंदोलन और अस्थिरता फैलाने में दोषी की संलिप्तता और कुछ अन्य मामलों से अलग से निपटा जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार इस भाषा से फैज हमीद और कुछ अज्ञात राजनेताओं को अशांति फैलाने के व्यापक प्रयास से जोड़ने का इशारा मिलता है। इसके अनुसार यह संदर्भ पिछले साल से जारी सैन्य बयानों की श्रृंखला में नवीनतम है, जो शक का संकेत देता है और सरकार विरोधी राजनीतिक तत्वों के साथ उनके कथित सांठगांठ की ओर इशारा करता है। पाकिस्तानी सांसद फैसल वावड़ा ने गुरुवार के फैसले की तारीफ करते हुए कहा कि यह तो सिर्फ शुरुआत है, क्योंकि 9 मई के दंगों से संबंधित आरोपों पर अभी फैसला होना बाकी है। जियो न्यूज से बात करते हुए फैसल ने चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को अपने संस्थान से गंदगी हटाने के लिए धन्यवाद दिया। इमरान खान के नेतृत्व वाली पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के सत्ता में रहने के दौरान हमीद ने तत्कालीन प्रधानमंत्री के करीबी लोगों में जल्दी ही अपनी जगह बना ली थी।

## टीपीपी के आतंकवादियों ने पुलिस चौकी पर किया हमला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में गुरुवार रात को तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकवादियों ने एक पुलिस चौकी पर हमला कर दिया। इस हमले में कम से कम पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए।

हमलावरों और पुलिस के बीच तीन घंटे तक गोलीबारी जारी रही। आतंकवादियों ने बन्नू जिले के हावैद पुलिस क्षेत्राधिकार में स्थित शेख लैंडक पुलिस चौकी को निशाना बनाया। पुलिस के बयान के अनुसार कई आतंकवादी मारे गए और कई घायल हुए। प्रवक्ता द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि फितना अल ख्वारिज के आतंकवादियों ने गुरुवार देर रात चौकी पर हमला किया। फितना अल ख्वारिज वह शब्द है जिसका इस्तेमाल सरकार प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से जुड़े आतंकवादियों के लिए करती है। बयान में कहा गया है कि पुलिसकर्मियों ने साहस और बहादुरी का परिचय दिया और समय रहते कार्रवाई करते हुए हमले को विफल करने में सफलता प्राप्त की। गोलीबारी के दौरान पांच पुलिसकर्मियों को मामूली चोटें आईं और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। बयान में कहा गया है कि बन्नू के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) सज्जाद खान के निर्देश पर अतिरिक्त कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और इलाके को घेर लिया।

# ऑस्ट्रेलिया-पैराडाइवर प्लेन के विंग में फंसा

## विमान 15000 फीट की ऊंचाई पर था, रिजर्व पैराशूट को काटा



**मेन पैराशूट खोलकर जमीन पर उतरा**

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया क्वींसलैंड में 15000 फीट की ऊंचाई पर स्काईडाइवर का इमरजेंसी (रिजर्व) पैराशूट अचानक खुलकर प्लेन के पिछले विंग में फंस गया। यह घटना स्काईडाइवर के प्लेन से कूदने से ठीक पहले हुई। आस्ट्रेलिया की ट्रांसपोर्ट सेफ्टी एजेंसी ने एक वीडियो जारी किया है, जिसमें स्काईडाइवर काफी देर तक हवा में लटका नजर आ रहा है।

इसके बाद वह पैराशूट की सभी 11 रस्तियां काटकर खुद को आजाद कराता है। इसके बाद स्काईड्राइवर मेन पैराशूट खोलकर लैंडिंग करता है। यह 20 सितम्बर की घटना है, जिसका वीडियो अब जारी हुआ है। ट्रांसपोर्ट सेफ्टी एजेंसी की रिपोर्ट में इस स्काइडाइवर को 'पी-1' कहा गया है। उन्होंने अपने पास रखे एक खास टूल, हुक नाइफ, की मदद से खुद को मुश्किल से छुड़ाया और हल्की चोटों के साथ नीचे उतरने में कामयाब रहे। 'मिड वेज एट द बीच' कार्यक्रम के दौरान स्टंट में 16 स्काई डाइवरों को 15000 फीट (4600 मीटर) की ऊंचाई से छलांग लगानी थी और फिर अपने पैराशूट खोलकर एक-दूसरे का हाथ पकड़कर एक चेन बनानी थी पूरे कार्यक्रम को एक पैराशूटिंग कैमरा आपरेटर शूट कर रहा था। लेकिन जैसे ही पहला स्काई डाइवर विमान से बाहर निकला, कुछ ही सेकंड में पूरी योजना गड़बड़ा गई। रिपोर्ट के अनुसार, स्काइडाइवर लगभग 15000 फीट कीऊंचाई पर क्वींसलैंड के ऊपर था। प्लेन में कुल 17 स्काइडाइवर थे। जैसे ही वह कूदने के लिए आगे बढ़ा, उसके रिजर्व पैराशूट का हैंडल विमान के विंग फ्लैप में फंस गया और घूम गया। पैराशूट तुरंत खुल गया और हवा लगते ही वह पीछे की ओर तेजी से खिंच गया। इससे पास बैठे एक स्काइडाइवर का संतुलन बिगड़ा और वह हवा में गिर गया। नारंगी रंग का पैराशूट विमान की पूंछ में लिपट गया और पी1 नीचे की ओर लटक गया। इस दौरान पायलट को अचानक महसूस हुआ कि विमान ऊपर उठ रहा है और उसकी रफ्तार कम हो गई है। तब पायलट ने मेडे काल किया और खुद कूदने की तैयारी करने लगा। हालांकि जब उसे बताया गया कि एक स्काइडाइवर विंग में फंस गया है, तो उसने इंजन की पावर घटा दी।

## रूस ने सेवरस्क शहर पर कब्जा करने का किया दावा

**मास्को।** रूस ने यूक्रेन के सेवरस्क पर पूरी तरह से नियंत्रण स्थापित करने का दावा किया है, लेकिन यूक्रेन उसके दावे को खारिज किया है। गौरतलब है कि महीनों की जबरदस्त लड़ाई के बाद बुरी तरह तबाह हुआ यह शहर दोनों सेनाओं के लिए एक सामरिक मुद्दा बना हुआ है। रूस की न्यूज एजेंसी स्पूतनिक की रिपोर्ट के मुताबिक जनरल स्टाफ चीफ वालेरी गेरासिमोव ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को बताया कि सेना ने सेवरस्क पर कब्जा कर लिया है। यह शहर रूस की लुहान्स्क और डोनेट्स्क पीपुल्स रिपब्लिक के बॉर्डर वाले इलाकों पर पूरी तरह से नियंत्रण पाने की कोशिशों के लिए बहुत जरूरी माना जाता है।







## सोमालिया में विशेष सुरक्षा बलों की कार्रवाई में 30 नागरिक मारे गए

**मोगादिशु।** सोमालिया की राजधानी मोगादिशु से 40 किलोमीटर (24.8 मील) दूर अफगोए शहर के पास सोमाली विशेष बलों के एक अभियान के दौरान 30 से जयादा आम लोग मारे गए और 100 से जयादा घायल हुए हैं। सोमालिया के गारोवे अखबार ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट में बताया कि विशेष बलों ने मंगलवार शाम को आतंकवादियों को लक्षित करके एक अभियान चलाया था। लेकिन स्थानीय लोगों ने कहा कि इलाके में कोई आतंकवादी नहीं था। रिपोर्ट में कहा गया कि सुरक्षा बलों के अभियान में कुछ इमारतें तबाह हो गईं और सैकड़ों लोगों को अपने घर छोड़ने पड़े।

# व्हाइट हाउस ने ट्रम्प की बीमारी की अफवाह की खारिज

## कहा: हैंडशेक करने से निशान बने, ट्रम्प बोले: मेरे जैसा मेहनती राष्ट्रपति कोई नहीं

**डोनाल्ड ट्रम्प को फीफा शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया, इस दौरान उनके हाथ पर बैंडेज दिखा था**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को गंभीर बीमारी होने की अफवाह फिर से तेज हो गई हैं। दरअसल, पिछले कुछ दिनों से बार-बार ट्रम्प के दाहिने हाथ पर बैंडेज और नीले-लाल निशान दिखाई दिए।

कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि ट्रम्प किसी बीमारी से जूझ रहे हैं या तो उन्हें हाथ में कोई इंजेक्शन लग रहा है। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलाइन लेविट ने गुरुवार को प्रेस कान्फ्रेंस में इन सभी अफवाहों को खारिज कर दिया। उन्होंने बताया कि ये निशान सिर्फ ज्यादा हैंडशेक करने की वजह से हैं। ट्रम्प हर दिन सैकड़ों-हजारों लोगों से हाथ मिलाते हैं, जिससे ऐसे निशान बन जाते हैं। इसके अलावा बढ़ती उम्र के कारण त्वचा पतली हो जाती है, जिससे मामूली दबाव या रगड़ से भी आसानी से नीला निशान पड़ जाता है।

वहीं ट्रम्प ने अफवाहों को लेकर कहा कि वो पूरी तरह से परफेक्ट हैं। ये निशान ज्यादा काम करने और मेहनत करने के कारण बने हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को फीफा शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस दौरान उनके हाथ पर बैंडेज दिखा था। यह पहली बार नहीं हुआ है। इसी साल 2025 के शुरुआती महीनों में भी (फरवरी-मार्च के आसपास) ट्रम्प के दाहिने हाथ पर बड़ा सा नीला-बैंगनी निशान दिखाई दिया था। उस समय भी फोटो वायरल हो गई थीं। तब भी व्हाइट हाउस ने यही स्पष्टीकरण दिया था कि राष्ट्रपति का रोज का रूटीन इतना व्यस्त होता है कि लगातार हैंडशेक करने से ऐसा हो जाता है। उस समय ट्रम्प ने खुद ट्रुथ सोशल पर लिखा था कि मैं बिल्कुल ठीक हूं, ये लोग बस मेरी उम्र और सेहत को लेकर झूठ फैला रहे हैं। इस बार भी ट्रम्प ने बुधवार रात को लंबा पोस्ट लिखकर सभी अफवाहों का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि वे शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से परफेक्ट स्थिति में हैं। उन्होंने कहा कि उनसे ज्यादा मेहनत करने वाला कोई राष्ट्रपति आज तक नहीं हुआ, और जो मीडिया उनके स्वास्थ्य पर सवाल उठा रहा है, वो फेक न्यूज फैला रहा है। ट्रम्प ने इसे डिशन (राजद्रोह) कहा। ट्रम्प ने आगे कहा कि मैं वाल्टर रीड नेशनल मिलिट्री मेडिकल सेंटर में डाक्टरों की देखरेख में लंबे, गहन और बेहद थकाने वाले टेस्ट करवाता हूं। मैं ये परीक्षण इसलिए करता हूँ क्योंकि यह हमारे देश के प्रति मेरा कर्तव्य है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा था कि उन्होंने एमआरआई जांच में 100 प्रतिशत स्कोर किया है।